फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 251 प्रभात जयपुर, सोमवार 14 अप्रैल, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

**TUMKUR : THEORY, THEOLOGY AND TATTLE**

"Faster than fairies, faster than witches, The Vishwamanava crosses hedges and ditches, Here is a Scholar who first clambers and scrambles, Gathering knowledge as he ambles..."

**Love Letters to Lost Hobbies**

**Mughal Fashion as a Political Language**

## तमिलनाडु के राज्यपाल ने छात्रों से "जय श्रीराम" के नारे लगवाये

### राज्यपाल का वीडियो सामने आने पर नेताओं व शैक्षणिक संस्थाओं ने आलोचना की

- **वीडियो में दिखाया गया है कि मदुरै के इंजीनियरिंग कॉलेज के पुरस्कार वितरण समारोह में राज्यपाल एन. रवि ने छात्रों से "जय श्रीराम" के नारे लगवाये। कुछ संस्थाओं ने उन्हें तत्काल राज्यपाल पद से हटाने की मांग की।**

चेन्नई, 13 अप्रैल। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी के शिकार हुए थे। राज्यपाल पर सर्वोच्च अदालत की तल्खी उनके द्वारा लटकाए गए राज्य सरकार के 10 बिलों को लेकर थी। अब राज्यपाल आरएन रवि एक और विवाद में घिरते नजर आ रहे हैं। राज्यपाल का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों से जय श्री राम के नारे लगवाते दिख रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद तमिलनाडु के नेताओं ने राज्यपाल की आलोचना की है।

जानकारी के अनुसार, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि मदुरै के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। इसी दौरान उन्होंने छात्रों से जय श्री राम के नारे लगवाए। जिसका वीडियो भी सामने आया है। राज्यपाल का वीडियो सामने आने के बाद उनकी आलोचना की जा रही है। तमिलनाडु राज्य सरकार के नेताओं के साथ-साथ कई अकैडमिक संस्थाओं ने भी राज्यपाल के बयान पर सवाल उठाए हैं।

तमिलनाडु के राज्यपाल का यह वीडियो के सामने आने के बाद सभी पार्टियों ने उनकी आलोचना की है। कहा जा रहा है कि तमिलनाडु राज्य समान स्कूल प्रणाली मंच (एसपीसीएसएस) ने उन पर संवैधानिक शपथ का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है और उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की है।

वेलाचेरी से कांग्रेस विधायक जेएमएच हसन मौलाना ने कहा कि आरएन रवि संवैधानिक पद पर हैं। उन्हें ऐसे काम शोभा नहीं देते। रवि किसी धार्मिक नेता की तरह बोल रहे हैं। वे आरएसएस और भाजपा के प्रचार मास्टर बन गए हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे

जयपुर, 13 अप्रेल। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा14 अप्रैल (सोमवार) को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का 134वां जयंती समारोह राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर (आरआईसी) में आयोजित किया जाएगा।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि इस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, सांसद मंजू शर्मा,

- **अंबेडकर के 134वें जयन्ती समारोह में मुख्यमंत्री कई मंत्रियों के साथ भाग लेंगे।**

विधायकगण एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। समारोह से पूर्व मुख्यमंत्री अंबेडकर सर्किल स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी करेंगे।

गहलोत ने बताया कि आरआईसी में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मस्कुलर डिस्ट्रोफी से पीड़ित लोगों को इलेक्ट्रिक पावर व्हील चेयर एवं स्वच्छकारों को सेफ्टी किट वितरित करेंगे। साथ ही अम्बेडकर शिक्षा,अम्बेडकर सामाजिक सेवा और अम्बेडकर महिला कल्याण पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे।

## वक्फ कानून विरोधियों ने असम में भी पथराव किया

गुवाहाटी, 13 अप्रैल। पश्चिम बंगाल के बाद असम में भी वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा देखने को मिली। संसद से पारित नए कानून के खिलाफ रविवार को असम के कछार जिले में हिंसक प्रदर्शन देखने को मिला। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। सिलचर शहर में स्थिति को नियंत्रित करने और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज किया।

सिलचर के हिंसा प्रभावित इलाकों में चामरागुडम, बेरेंगा और ओल्ड लखीपुर रोड इलाके शामिल हैं। विरोध

- **सिलचर में सुरक्षा बलों ने स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए लाठी चार्ज किया।**

रैली आज सुबह निकाली गई, जो शुरू में शांतिपूर्ण रही। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अपने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं और नारे लगा रहे थे कि यह कानून "इस्लाम विरोधी" है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर इसे वापस नहीं लिया गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। बाद में कुछ युवक रैली में शामिल हो गए और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया।

कछार के पुलिस प्रमुख नुमल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एन.आई.ए. तहव्वुर राणा का वॉयस सैंपल लेने की तैयारी में

### पूछताछ के पहले दिन राणा ने एन.आई.ए. को कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं

नई दिल्ली, 13 अप्रैल। मुंबई हमले के मास्टर माइंड तहव्वुर राणा से एनआईए की पूछताछ जारी है। इस पूछताछ में पहले दिन तहव्वुर राणा ने कई अहम जानकारी दीं। अब एनआईए राणा से दुबई लिंक के बारे में पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि तहव्वुर राणा ने साल 2008 में दुबई में किस व्यक्ति से मुलाकात की थी। एनआईए को शक है कि दुबई के उस व्यक्ति को भी मुंबई हमले की जानकारी हो सकती है।

साथ ही एनआईए तहव्वुर राणा के वॉइस सैंपल लेने की भी तैयारी कर रही है ताकि उनसे यह पता चल सके कि मुंबई हमले के वक्त तहव्वुर राणा तो आतंकियों के संपर्क में नहीं था। हालांकि वॉइस सैंपल लेने के लिए तहव्वुर राणा का सहमति जरूरी है। अगर राणा सैंपल देने से इनकार कर देता है तो एनआईए को सैंपल लेने के

- **आईएसआई और लश्कर ए तैयबा के साथ बैठकों में राणा अक्सर सेना की वर्दी पहनकर जाता था।**

लिए अदालत की मंजूरी लेनी होगी। तथापि, एनआईए चार्जशीट में अगर तहव्वुर राणा के वॉइस सैंपल नहीं देने की बात को भी दर्ज करेगी तो इससे बाद में तहव्वुर राणा की मुश्किलें बढ़ जाएंगी।

जानकारी के अनुसार, पूछताछ में हुआ खुलासा हुआ है कि तहव्वुर राणा को सेना की नौकरी से बेहद प्यार था। इसी दौरान वह आईएसआई के संपर्क में आया और फिर लश्कर ए तैयबा जैसे आतंकी संगठन से जुड़ा। जब आईएसआई और लश्कर ए तैयबा के प्रतिनिधियों की बैठक होती थी तो तहव्वुर राणा अक्सर उनमें सेना की वर्दी पहनकर पहुंचता था। तहव्वुर राणा ने बताया कि वह अक्सर आतंकी संगठनों के कैंपों का दौरा करता था। वो मुंबई हमले के एक और मुख्य साजिशकर्ता साजिद मीर के संपर्क में भी था।

रिपोर्ट्स के अनुसार, राणा के, लश्कर ए तैयबा के साथ ही हरकत उल जिहाद अल इस्लामी आतंकी संगठन के साथ भी संबंध थे।

तहव्वुर राणा ने मेडिकल की डिग्री हासिल की है और पाकिस्तानी सेना के मेडिकल कोर में नौकरी कर चुका है। सेना छोड़ने के बाद साल 1997 में वह कैनडस में बस गया। राणा की पत्नी भी एक डॉक्टर है, जिसका नाम समराज राना अख्तर है। कैनडा में तहव्वुर राणा ने इमीग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म की शुरुआत की। इमीग्रेशन फर्म के जरिए ही तहव्वुर राणा ने डेविड हैडली को भारत का वीज़ा दिलाने में मदद की थी।

## पंजाब में भारी मात्रा में आरडीएक्स बरामद

फिरोजपुर, 13 अप्रैल। पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस, फ़िरोज़पुर ने जर्मनी स्थित गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढि ल्लों द्वारा संचालित आतंकी मॉड्यूल के दो प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार कर क्षेत्र में शांति और सद्भाव को बिगाड़ने की पाकिस्तान की आई एस आई की योजना को विफल कर दिया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जग्गा सिंह और मनजिंदर सिंह के रूप पर हुई है। गोल्डी बरार-लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का करीबी गुर्गा है।

- **जर्मनी के गोल्डी ढिल्लों द्वारा संचालित आतंकी मॉड्यूल के दो गुर्गे गिरफ्तार।**

डीजीपी ने कहा कि पुलिस ने उनके पास से 2.8 किलोग्राम आई ई डी (इम्प्रोवाइज़्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) , जिसमें 1.6 किलोग्राम आर डी एक्स और एक रिमोट कंट्रोल शामिल है, बरामद किया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आई ई डी को लक्षित आतंकी हमले के लिए बनाया गया था। उन्होंने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मनोहरपुर-दौसा हाईवे पर ट्रेलर-कार टक्कर में 5 की मौत

### खाटू श्याम जी के दर्शन के लिये आया लखनऊ का पूरा परिवार इस हादसे में खत्म हो गया

जयपुर, 13 अप्रेल। जयपुर के जमवारामगढ़ में रविवार सुबह ट्रेलर-कार की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रेलर रोड से नीचे उतरकर पलट गया। कार से शवों को निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

- **ट्रेलर और कार की टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रेलर रोड से नीचे उतरकर पलट गया। कार का आगे का हिस्सा चकनाचूर हो गया। पुलिस को कार से शव निकालने में बहुत मशक्कत करनी पड़ी।**

रायसर थाना अधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि हादसा सुबह करीब 8 बजे मनोहरपुर-दौसा हाईवे पर हुआ। लखनऊ के रहने वाले सत्य प्रकाश (60), उनकी पत्नी रामा देवी (55), बेटा अभिषेक (35), बहू प्रियांशी (30) और 6 महीने की पोती वर्ना कार से खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए निकले थे। इसी दौरान नेकावाला टोल के पास कार और ट्रेलर की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में पूरा परिवार खत्म हो गया। कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। पांचों जने कार में बुरी तरह फंस गए थे। हादसे की सूचना पर रायसर पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस को आशंका है कि ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा हुआ है। थाना अधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के लिए शवों को चंदवाजी स्थित निम्स हॉस्पिटल की मॉर्चरी में रखवाया है।

## केरल के राज्यपाल ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाये

### उन्होंने कहा, यदि सुप्रीम कोर्ट संविधान संशोधन करेगा तो संसद व विधानसभायें क्या करेंगी

तिरुवनंतपुरम, 13 अप्रैल। सुप्रीम कोर्ट ने अपने हालिया फैसले में राष्ट्रपति को तीन महीने में विधेयक पर फैसला लेने की सलाह दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर तीन महीने की समयसीमा में राष्ट्रपति फैसला नहीं लेते हैं तो उन्हें इसकी वाजिब वजह बतानी होगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के चलते

- **कांग्रेस और सीपीआईएम ने राज्यपाल की सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।**

राज्यपाल भी अनिश्चित समय तक विधेयक को लंबित नहीं रख सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर संविधान संशोधन का काम भी सुप्रीम कोर्ट करेगा तो फिर संसद और विधानसभाएं किस लिए हैं?

केरल के राज्यपाल के इस बयान पर राजनीति गरमा गई है और कांग्रेस और केरल की सत्ताधारी पार्टी सीपीआईएम ने राज्यपाल की आलोचना की है। सीपीआईएम के महासचिव एमए बेबी और कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने राज्यपाल आर्लेकर के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कोझिकोड में एक कार्यक्रम के दौरान केसी वेणुगोपाल ने कहा कि राज्यपाल, सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आलोचना इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उन्हें डर है कि अब भाजपा का एजेंडा खुलकर सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केरल के राज्यपाल सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ हैं।

सीपीआईएम नेता एमए बेबी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला सभी पर लागू होगा, जिसमें राष्ट्रपति भी शामिल हैं। जब राष्ट्रपति संसद के विधेयक में देरी नहीं कर सकते तो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## फलोदी से भेजी गई 25 लाख की स्मैक पकड़ी, नाबालिग गिरफ्तार

- **यह मादक पदार्थ फलोदी निवासी कुख्यात तस्कर रईस द्वारा बीकानेर भेजा गया था।**
- **रईस ने स्मैक डिलिवरी के लिए नाबालिग का पांच हजार रुपए में इस्तेमाल किया था।**

बीकानेर, 13 अप्रेल (निसं)। मुक्ताप्रसाद थाना पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 लाख रुपए की एक किलो स्मैक के साथ एक नाबालिग को गिरफ्तार किया। यह मादक पदार्थ फलोदी निवासी कुख्यात तस्कर रईस द्वारा बीकानेर भेजा गया था। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एमजीएस यूनिवर्सिटी क्षेत्र स्थित अंशुल सिटी के पास घेराबंदी की गई। जैसे ही प्राइवेट बस वहां पहुंची, पुलिस ने नाबालिग को पकड़ा और उसके पास से एक किलो स्मैक बरामद की।

जांच में सामने आया कि फलोदी के लोहावट थाना क्षेत्र का निवासी रईस मादक पदार्थ तस्करी में सक्रिय है और अक्सर नाबालिगों का उपयोग करता है। इस बार भी उसने बीकानेर के भुट्टों का बास इलाके में डिलीवरी के लिए नाबालिग का पांच हजार रुपए में इस्तेमाल किया था। पुलिस ने इस मामले में रईस के अलावा उसके साथी अजीज को भी मामले में नामजद किया है, जो फिलहाल फरार है। नाबालिग से पूछताछ में यह भी सामने आया कि अजीज भी फलोदी का निवासी है और स्मैक की डिलीवरी में सहयोग कर रहा था। जांच में जुटी पुलिस टीम में सीओ सिटी श्रवणदास संत, एसएचओ धीरेन्द्रसिंह शेखावत सहित कई अधिकारी शामिल थे।

एएसपी सिटी सौरभ तिवाड़ी ने बताया कि रईस एक शातिर तस्कर है और नशे का नेटवर्क संचालित करता है। भुट्टों का बास इलाके में नशे का कारोबार करने वालों की पहचान की जा रही है। जल्द ही रईस और अजीज की गिरफ्तारी कर पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा। पुलिस ने लोगों से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'कानून में समय से बदलाव नहीं होने से सहकारिता का पूरा विकास नहीं हुआ'

### केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश में डेयरी के विकास की अपार संभावना है

- **एनडीडीबी व मध्य प्रदेश डेयरी के बीच समझौते पर अमित शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश में साढ़े पाँच करोड़ लीटर दुग्ध उत्पादन है, पर सरकारी डेयरियों में इसका एक प्रतिशत से भी कम संग्रहण होता है। डेयरी से विकास से किसान का शोषण रूकेगा।**

भोपाल, 13 अप्रैल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि देश में सहकारिता आंदोलन में कभी 'अनियमन' की स्थिति थी, लेकिन केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने साढ़े तीन सालों के दौरान सहकारिता के क्षेत्र में बड़ा बदलाव किया है।

शाह ने यहां राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, राज्य के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग और पशुपालन मंत्री लखन पटेल समेत अनेक जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और मध्यप्रदेश डेयरी फेडरेशन के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर भी हुए, जिसके तहत राज्य में डेयरी क्षेत्र में व्यापक बदलाव किए जाएंगे।

शाह ने अपने संबोधन में कहा कि एक समय था, जब देश में सहकारिता आंदोलन में अनियमन था। कुछ राज्यों में यह काफी आगे था। कुछ जगह इसका सरकारीकरण हुआ, तो कुछ जगह पूरी तरह विनाश हुआ। देश में सहकारी आंदोलन बंटा हुआ था, इसकी मुख्य वजह यह थी कि कानूनों में समय के साथ बदलाव नहीं किया गया। देश में जिस तेजी से परिस्थितियां बदलीं, उनके अनुरूप कानून नहीं बदले गए। उस समय कभी भी राष्ट्रीय स्तर पर समग्रता के साथ विचार नहीं हुआ।

शाह ने कहा लेकिन मोदी सरकार ने देश में 75 साल बाद केंद्रीय सहकारिता विभाग का गठन किया।

इसका मंत्री उन्हें (शाह) बनाया गया। उन्होंने मंत्री बनने के बाद सबसे पहले प्राथमिक सहकारी समितियों में सुधार के लिए आदर्श बाय लॉज बनाए और उन्हें सभी राज्यों को भेज दिया। सभी राज्यों ने इन बाय लॉज को लागू कर दिया और इसके साथ ही सहकारिता क्षेत्र में सुधार प्रारंभ हो गया।

शाह ने कहा कि मध्यप्रदेश में कृषि, सहकारिता और पशुपालन के क्षेत्र में ढेर सारी संभावनाएं हैं। अब इन्हीं संभावनाओं का दोहन करने का निर्णय लिया गया है। शाह ने बताया कि आज वे यहां पर एनडीडीबी और एमपी फेडरेशन के बीच हुए समझौते के साक्षी बने हैं। मध्यप्रदेश में साढ़े पांच करोड़ लीटर दुग्ध उत्पादन है, जो देश का नौ प्रतिशत है। जबकि सरकारी डेयरियों में इसका एक प्रतिशत से भी कम संग्रहण होता है। उनका कहना है कि किसान जब ओपन मार्केट में दूध बेचने जाता है, तो उसका शोषण होता है। अब किसानों का शोषण रोका जा सकेगा।

इसके पहले अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि इस समझौते से दुग्ध उत्पादक किसानों की आय बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए भी प्रयास कर रही है। कार्यक्रम को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शर्मा और सहकारिता मंत्री सारंग ने भी संबोधित किया।

## प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहने पर कन्हैया के खिलाफ एफआईआर

पटना, 13 अप्रैल। बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने आज पटना के कोतवाली थाना में कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कन्हैया कुमार ने एक निजी चैनल को दिए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं के लिए आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया।

- **बिहार भाजपा के मीडिया प्रभारी ने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे में चुने प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहना देश की संप्रभुता पर हमला है।**

इकबाल ने कहा, देश के लोकतांत्रिक ढांचे में चुने हुए प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहना न केवल एक शर्मनाक बयान है, बल्कि, यह सीधे-सीधे देश की संप्रभुता पर हमला है। आरएसएस जैसे राष्ट्रवादी संगठन को बदनाम करने की कोशिश करने वाले ऐसे नेताओं पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

भाजपा नेता ने कहा कि कन्हैया कुमार का इतिहास देशविरोधी गतिविधियों में शामिल टुकड़े-टुकड़े गैंग से जुड़ा रहा है और वह बार-बार देश को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पन्ना टाइगर रिज़र्व में एक बाघ घायल

पन्ना, 13 अप्रैल। मध्यप्रदेश के पन्ना टाइगर रिज़र्व का 10 वर्षीय बाघ, पी-243 आपसी संघर्ष में बुरी तरह ज़ख्मी हुआ है, इस बाघ के सिर में गहरा घाव है। यह वही प्रसिद्ध नर बाघ है, जिसने चार अनाथ शावकों की परवरिश की थी, जिनकी मां बाघिन पी-213(32) की मौत मई 2021 में हो गई थी।

पिछले दिनों पर्यटकों ने जब इस ज़ख्मी बाघ की तस्वीर ली, तब पता चला कि वह ज़ख्मी है। सोशल मीडिया में बाघ की वायरल हुई फोटो तथा उठ रहे सवालों की ओर पन्ना टाइगर रिज़र्व की क्षेत्र संचालक अंजना सुचिता का ध्यान आकृष्ट कराए जाने पर उन्होंने

- **पर्यटकों द्वारा ली गई घायल बाघ की फोटो से जानकारी लगी कि बाघ के सिर पर घाव है।**

बताया कि पन्ना टाइगर रिज़र्व के परिक्षेत्र हिनौता अंतर्गत नर बाघ पी-243 उम्र 10 वर्ष से स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहा है। लगभग तीन माह पूर्व आपसी संघर्ष में बाघ के सिर पर चोट लग जाने के कारण घाव बना है, जिसका उपचार बाघ विशेषज्ञों की सलाह पर सतत रूप से वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, पन्ना टाइगर रिजर्व, द्वारा किया गया, किंतु उपचार से बहुत अधिक लाभ नहीं हुआ।

क्षेत्र संचालक के मुताबिक ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बाघ के स्कल में फ्रैक्चर है, जिस कारण से घाव ठीक नहीं हो रहा।

## विचार बिन्दु

**नारी सब कुछ सह सकती है, दारुण से दारुण दुःख, बड़े से बड़ा संकट। नहीं सह सकती तो अपनी उमंगो का कुचला जाना। –प्रेमचंद**

# हम ही हम हैं तो क्या हम हैं, तुम ही तुम हो तो क्या तुम हो!

व्यावसायिक दुनिया में अपने उत्पाद को दूसरों के उत्पाद से बेहतर बनाने और बताने की परंपरा रही है। यह व्यवसाय की ज़रूरत भी है। लगभग एक जैसे लगने वाले अनेक उत्पादों में से कोई आपका उत्पाद ही क्यों चुने, इस सवाल का जवाब अधिकांश विज्ञापनों और प्रचार सामग्री के केंद्र में होता है। विज्ञापनों की एक नैतिकता यह भी होती है कि सामान्यत: अपने उत्पाद की विशेषताएं बताई जाती हैं और प्रतिस्पर्धी उत्पाद की कमियां बताने से बचा जाता है। अपेक्षा की जाती है कि किसी भी विज्ञापन में झूठे और आधारहीन दावे नहीं किए जाएं। लेकिन बहुत बार इस नैतिकता या कहें आचार संहिता का उल्लंघन होता है, इस उल्लंघन की आलोचना भी होती है और कभी-कभार ये मामले नियामक निकायों तक भी जाते हैं और इन पर समुचित कार्यवाही भी होती है। विज्ञापनों को लेकर बहुत तरह की चर्चाएं होती हैं। कोई विज्ञापन अगर प्रतिगामी मूल्यों का समर्थन करता है तो उसकी आलोचना होती है, अगर विज्ञापन कोई मिथ्या या खोखला दावा करता है तो उसकी आलोचना होती है और किसी विज्ञापन में अगर अनावश्यक रूप से स्त्री देह का उपयोग किया जाता है तो उसकी भी आलोचना होती है, यह चर्चा बहुत बार होती है कि ऐसे अनेक उत्पादों के लिए खरीददार को आकर्षित करने के लिए स्त्री देह का प्रयोग किया जाता है जिनके उपभोग में स्त्री की कोई भूमिका होती ही नहीं है। इस कृत्य को अनैतिक और निंदनीय माना जाता है। पिछले कुछ समय से हमारे यहां विज्ञापनों में एक और नया तत्व प्रविष्ट करा दिया गया है, और वह नया तत्व है राष्ट्रवाद। अगर आप इस उत्पाद का प्रयोग करेंगे तो आप देशभक्त हैं, अन्यथा.....समझ लीजिए कि आप क्या हैं! लेकिन सुखद बात यह है कि यह प्रवृत्ति ज़्यादा चलन में नहीं आई। हो सकता है विज्ञापन देने वालों को यह फॉर्मूला उपयोगी नहीं लगा हो। अपना माल बेचने वालों के सामने भी यह चुनौती तो हमेशा ही रहती है कि कैसे वे ग्राहकों को अपनी तरफ आकर्षित करें। शायद इसी चुनौती ने हाल में एक उत्पादक को अपना माल बेचने के लिए धर्म का इस्तेमाल करने के लिए विवश किया है।

इधर कुछ दिनों से एक ख़ास उत्पाद के निर्माता का एक बयान बहुत चर्चा में है जिसमें उन्होंने एक अन्य प्रतियोगी निर्माता के उसी तरह के उत्पाद को लेकर ऐसी टिप्पणी की है जो किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। दुनिया कहां से कहां पहुंच गई है और हम हैं कि अभी भी जाति और धर्म में अटके हुए हैं। अगर कभी उससे निकल भी जाते हैं तो कोई न कोई बंदा आता है और कोशिश करके हमें फिर उसी में खींच ले जाता है। मैं जानबूझकर उत्पाद, निर्माता और धर्म-सम्प्रदाय विशेष का नाम नहीं ले रहा हूं। इसलिए नहीं ले रहा हूं कि मेरा मकसद एक व्यापक मुद्दे पर आपको सोच को झकझोरना है। अगर हम नाम की बात करेंगे तो अनावश्यक विवाद में उलझकर रह जाएंगे।

यहां पहले यह बात समझ लेना बहुत ज़रूरी है कि धर्म हम में से हरेक का निजी मामला है। कौन किस भगवान, गॉड या अल्लाह को मानता है या किसी को भी नहीं मानता है – यह उसका निजी मामला है और इसे निजी ही रहने देना चाहिए। जैसे हम अपने जीवन में अन्य बहुत सारी असमानताओं से प्रभावित नहीं होते हैं उसी तरह हमें धर्म विषयक असमानता पर भी ध्यान नहीं देना चाहिए। अब यह बात कोई रहस्य नहीं रह गई है कि समाज का एक तबका ऐसा है जिसे हमारी धार्मिक भावनाओं का दोहन करने में ही अपना फायदा दिखाई देता है और इसलिए वह तबका हर संभव प्रयास करता है कि हमारी धार्मिक भावनाएं उठा और आक्रामक रूप धारण करें, लेकिन यह हमारे अपने विवेक का तकाज़ा है कि हम इस तबके के प्रयत्नों को कामयाब न होने दें। कभी हमारे देश में हिंदू प्याऊ-मुस्लिम प्याऊ और हिंदू होटल-मुस्लिम होटल जैसी अभिव्यक्तियां आम थीं। अब हम उनसे लगभग मुक्त हो चुके हैं, यह शुभ है। हमारा हित इसी में है कि यह मुक्ति न केवल बनी रहे, अधिक विस्तार भी पाए। फिर कहूंगा जिन्हें हमारे बीच की विभेदक रेखाओं को चौड़ा करने में अपना लाभ नज़र आता है वे ऐसा करने का कोई मौका नहीं छोड़ेंगे। अभी भी नहीं छोड़ रहे हैं। लेकिन हमारे पास अपना विवेक है। हम तो अपना भला-बुरा समझते हैं!

> **सौंदर्य विविधता में ही होता है, और विविधता का सम्मानपूर्वक स्वीकार हमारे परिवेश को बेहतर बनाता है। गुलाब से यह क्यों उम्मीद की जाए कि वह चमेली जैसा होगा और पर्वत से क्यों उम्मीद की जाए कि वह सागर जैसा हो जाए। जो जैसा है वैसा ही रहे और हम उसे आदर दें, यही तो हमारे जीवन का सौंदर्य है। लेकिन इधर जाने क्यों कुछ लोगों पर 'एक का भूत सवार है। वे चाहते हैं कि सब कुछ एकरंगी हो जाए।**

व्यापार व्यापार की शर्तों और मूल्यों के अनुसार होना चाहिए। आप अच्छे से अच्छा उत्पाद बनाएं, उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करें, अपने उत्पादों के निर्माण में कोई अनुचित या नियम विरुद्ध काम न करें, उसे उचित मूल्य पर बेचें और यह सब करते हुए लाभ अर्जित करें – इसमें भला किसी को क्या आपत्ति हो सकती हैं? आखिर दुनिया की अधिकांश गतिविधियां उद्योग-व्यापार के इर्द-गिर्द ही तो घूमती हैं। मानव सभ्यता विकास करते-करते आज जिस मुकाम तक आ पहुंची है उसमें इनकी भूमिका की अनदेखी नहीं की सकती है। उद्योग व्यापार हमारी सारी गतिविधियों के लिए संसाधन उपलब्ध कराते हैं और उनके बग़ैर आज के समाज की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। लेकिन यह सारा कारोबार व्यवस्थित रूप से चलता रहे इसके लिए उन सारी व्यवस्थाओं और नीतियों का पालन ज़रूरी है जिनकी अपेक्षा हर सभ्य समाज करता है। और यहीं यह भी कह दूं कि इन व्यवस्थाओं का पालन केवल उद्योग व्यापार के लिए ही नहीं समग्र समाज के लिए ज़रूरी है।

हमारा समाज अनके रंग-रूपों से निर्मित है। यह कहना अधिक उपयुक्त होगा कि विविधता, न कि एकरूपता हमारे समाज की विशिष्टता है। सरशार सैलानी साहब ने क्या खूब कहा है –चमन में इख़्तिलात-ए-रंग-ओ-बू (रंग और गंध का मेल) से बात बनती है/ हम ही हम हैं तो क्या हम हैं तुम ही तुम हो तो क्या तुम हो। सौंदर्य विविधता में ही होता है, और विविधता का सम्मानपूर्वक स्वीकार हमारे परिवेश को बेहतर बनाता है। गुलाब से यह क्यों उम्मीद की जाए कि वह चमेली जैसा होगा और पर्वत से क्यों उम्मीद की जाए कि वह सागर जैसा हो जाए। जो जैसा है वैसा ही रहे और हम उसे आदर दें, यही तो हमारे जीवन का सौंदर्य है। लेकिन इधर जाने क्यों कुछ लोगों पर 'एक का भूत सवार है। वे चाहते हैं कि सब कुछ एकरंगी हो जाए। एक तो ऐसा होना कभी भी सम्भव नहीं है, और दूसरी बात यह कि एक होने के जुनून में आप दूसरे की विशिष्टता को कुचलने का जो उपक्रम करते हैं वह मानवीयता के सारे प्रतिमानों के विरुद्ध है। आज सारी दुनिया एक वैश्विक गांव में बदलती जा रही है। उसकी विविधता को अस्वीकार कर आप उसे एक कबीलाई समूह की तरह एकरंगी बनाना चाहें तो इसे भला कौन स्वीकार करेगा? हम हमेशा से भारत को अनेकता में एकता का देश कहकर गौरवान्वित होते रहे हैं। आज अगर यह अनेकता कुछ लोगों की आंखों में चुभने लगी है तो उन लोगों को ही अपने सोच और अपने नज़रिये पर पुनर्विचार करना चाहिए। हमें भी उन्हें ऐसा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

आज का समय बहुत नाज़ुक समय है। हम एक दोराहे पर खड़े हैं। एक रास्ता विकास का है और दूसरा रास्ता विनाश का। बहुत सारी ताकतें हैं जो अपनी मूर्खता में विनाश के रास्ते को ही विकास का रास्ता समझे बैठी हैं और हमें उस रास्ते पर ले जाना चाहती हैं। इस विकट समय में हमारी सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी यह है कि हम अपना विवेक बनाए रखें और विनाश के रास्ते पर धकेले जाने से बचें। न केवल हम बचें, अपने सहयात्रियों को भी आगाह करें कि वे विनाश की राह पर आगे न बढ़ें।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# आरटीई एक्ट- बच्चों की शिक्षा के लिये हितकारी या अहितकारी?



**राजेन्द्र भाणावत**

भारतीय संविधान में कई प्रकार के मौलिक अधिकार दिए गए थे। इनमें प्रारंभिक शिक्षा का मौलिक अधिकार नहीं था। शिक्षा के महत्व को देखते हुए 2002 में संविधान संशोधन करके, अनुच्छेद 21 ए जोड़ा गया, जिसके माध्यम से 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रारंभिक शिक्षा को अनिवार्य और नि:शुल्क घोषित कर दिया गया। इस मौलिक अधिकार को मूर्त रूप देने के लिए भारत सरकार ने शिक्षा का अधिकार कानून, 2009 बनाया। इसे संसद द्वारा 4 अगस्त, 2009 को पारित किया गया तथा 26 अगस्त, 2009 को इसे राष्ट्रपति जी की सहमति मिली। इसे 1 अप्रैल, 2010 से लागू किया गया। इस कानून को लागू हुए 15 वर्ष हो चुके हैं अत: यह समीक्षा आवश्यक है कि यह अपने उद्देश्य में कितना सफल हुआ है एवं क्या इसके कारण भारत के सभी बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध हो पाई है या नहीं?

शिक्षा का अधिकार कानून या आरटीई एक्ट का उद्देश्य ही था कि भारत के प्रत्येक बच्चे को अनिवार्य और गुणवत्ता पूर्ण प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त हो। शिक्षा, संविधान के अंतर्गत समवर्ती सूची में सम्मिलित है। भारत सरकार ने विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को बढ़ाने के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की, जिसके माध्यम से भवन और शौचालय निर्माण का कार्य बड़े स्तर पर हुआ। किंतु आज भी वस्तु स्थिति यह है कि बहुत से विद्यालयों में बालिकाओं के लिए या तो शौचालय नहीं हैं या कार्यरत नहीं हैं। खेल के मैदान नहीं हैं और शिक्षकों के अभाव के कारण अधिकांश बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से अभी तक वंचित हैं। इस कानून के प्रावधानों का पालन, राज्य सरकारों ने नहीं किया है। इनमें से हम कुछ का ही उल्लेख इस लेख में करेंगे कि किस प्रकार सरकार बच्चों, विशेषकर वंचित वर्ग के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

आरटीई एक्ट का एक बड़ा प्रावधान यह था कि प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय को संचालित करने के लिए भी सरकार से मान्यता लेनी पड़ेगी। इसके लिए निर्धारित आवश्यकताएं इतनी अव्यवहारिक और प्रक्रिया इतनी जटिल कर दी गई कि निस्वार्थ भाव से शिक्षा प्रदान करने वाली संस्थाओं के लिए विद्यालय संचालित करना लगभग असंभव हो गया। उदाहरण के लिए, प्राथमिक विद्यालय चलाने के लिए 6 कमरे और 500 वर्ग गज का खेल का मैदान चाहिए। किसी भी संस्था के लिए जयपुर जैसे शहर में इसके लिए 4-5 करोड़ रुपए की व्यवस्था करना संभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि सरकार के स्वयं के प्राथमिक विद्यालय 2-3 कमरों में चल रहे हैं और जहां खेलने हेतु कोई स्थान नहीं है। उसका परिणाम यह हुआ कि ईमानदार स्वैच्छिक संस्थाओं के लिए मान्यता प्राप्त करना लगभग असंभव हो गया और इस कार्य में भ्रष्टाचार बढ़ गया।

जिन बच्चों के लिए माता-पिता के काम में हाथ बंटाने के कारण नियमित रूप से विद्यालय जाना संभव नहीं है, उनके लिए तो शिक्षा प्राप्त करने के अवसर पहले ही समाप्त हो गए थे। यह उल्लेखनीय है कि बाल श्रम करने वाले बच्चों के लिए चलने वाले अनौपचारिक शिक्षा के सभी केंद्र पहले ही बंद कर दिए गए थे। राजस्थान में लगभग 20000 अनौपचारिक शिक्षा केंद्र संचालित थे। सरकार बाल श्रम तो समाप्त नहीं कर पाई बल्कि इनके लिए शिक्षा के जो वैकल्पिक अवसर उपलब्ध थे, उन्हें भी समाप्त कर दिए। शिक्षा के अधिकार कानून से पहले ही अनौपचारिक शिक्षा की व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया था। ये बच्चे अशिक्षित वयस्क के रूप में ही बड़े हो रहे हैं। साक्षरता और सतत शिक्षा का काम बंद कर देने से वयस्कों के लिए पढ़ने लिखने के अब कोई अवसर नहीं है।

आर टी ई एक्ट में यह भी प्रावधान है कि कोई भी विद्यालय किसी बालक बालिका को 14 वर्ष तक की आयु तक अपने आयु के अनुसार कक्षा में भर्ती करने से इनकार नहीं कर सकता। किंतु, वास्तविकता यह है कि किसी भी विद्यालय में प्रवेश के समय पिछले विद्यालय की टी सी मांगी जाती है। टी सी के अभाव में अनेक बच्चे आज भी किसी विद्यालय में प्रवेश पाने से वंचित हैं, विशेषकर वे जिनकी आयु 9 से 14 वर्ष के बीच है।

यहां तक कि सरकारी विद्यालय में भी प्रवेश नहीं होता। यदि कोई प्रधान अध्यापक कानून के प्रावधान के अनुसार 13 वर्ष की किसी बालिका को सातवीं क्लास में भर्ती कर भी ले, तो यह केवल कल्पना की जा सकती है कि जो बच्चा कभी स्कूल में नहीं गया हो, वह सीधे सातवीं क्लास की पढ़ाई किस प्रकार कर पाएगा? कानून के अनुसार,ऐसे विद्यार्थियों लिए सुधारात्मक शिक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। इसका परिणाम यह हुआ कि जिन बच्चों को प्रवेश दे भी दिया गया, वे कुछ समय में विद्यालय छोड़ देते हैं, क्योंकि जिन बच्चों को मूलभूत लिखना पढ़ना और अंकों का ज्ञान भी न हो, वे किस प्रकार पांचवी, छठवीं या सातवीं की पढ़ाई कर सकते हैं? अत: कानून का यह प्रावधान केवल कागजी ही साबित हो रहा है। राजस्थान में किसी भी सरकारी विद्यालय में ऐसे बच्चों को अपनी कक्षा के स्तर तक लाने का कोई समुचित व्यवस्थित प्रयास नहीं किया जा रहा है। इस कारण भविष्य में कितने बच्चे अशिक्षित ही रह जाएंगे, इसकी किसी को कोई चिंता नहीं है। साक्षरता और सर्व शिक्षा कार्यक्रम को भी बंद ही कर दिया गया है। ऐसे वयस्कों के लिए, किसी प्रकार से शिक्षा अर्जित करने के द्वार एक प्रकार से बंद हो गए हैं।

शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता को सुनिश्चित करने का उल्लेख आर टी ई एक्ट में किया गया है, किंतु धरातल पर स्थिति यह है कि आज भी राजस्थान में ही अनेक विद्यालय ऐसे हैं जहां एक भी शिक्षक नहीं है और एक शिक्षक वाले विद्यालय बड़ी संख्या में हैं। ऐसी परिस्थिति में कैसे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की व्यवस्था हो सकती है ?

आरटीई के अंतर्गत निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए 25प्रतिशत आरक्षण निर्धन और वंचित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए है, किंतु उसकी प्रक्रिया इतनी जटिल है कि वास्तव में निर्धन व्यक्ति इसका लाभ नहीं उठा पाते। यदि किसी को इस कोटा में अच्छे निजी विद्यालय में प्रवेश मिल भी जाए तो महंगी किताबों, ड्रेस एवं अन्य अनेक प्रकार के ऐसे खर्च होते हैं, जिन्हें वहन करना इन परिवारों के लिए संभव नहीं होता। सरकारों द्वारा निजी विद्यालयों को आर टी ई के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त बच्चों के लिए आवश्यक वित्तीय पुनर्भरण, संस्थाओं को उपलब्ध नहीं कराया गया, जिसके कारण कई विद्यालय बच्चों को आरक्षित वर्ग में प्रवेश देने से इंकार कर रहे हैं। बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा में नामांकन और उनके ठहराव के नाम पर इतने अधिक जटिल आंकड़े इकट्ठे किए जा रहे हैं कि शिक्षकों का पूरा समय और ध्यान केवल आंकड़ों में ही सिमट कर रह गया है।

इस पूरी प्रक्रिया में बच्चों की शिक्षा उपेक्षित हो गई है। फलस्वरूप, 'प्रथम' संस्था द्वारा किए जा रहे वार्षिक सर्वेक्षण में यह सामने आता है कि पांचवी कक्षा के विद्यार्थी दूसरी कक्षा की सरल किताब भी नहीं पढ़ पाते। यदि यह कहा जाए कि बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता 15 वर्षों में पहले से भी अधिक खराब हुई है, तो गलत नहीं होगा।

सभी सरकारों, शिक्षाविदों, शिक्षा प्रशासकों और अन्य प्रबुद्ध व्यक्तियों को मिल बैठकर यह चिंतन अवश्य करना होगा कि शिक्षा के अधिकार कानून आने के बाद भी भारत के सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा क्यों नहीं उपलब्ध हो पा रही है? लगता तो ऐसा है कि कुछ गिने चुने महंगे विद्यालयों में ही उपलब्ध है। अधिकांश विद्यालय में तो शिक्षा के नाम पर केवल व्यापार ही किया जा रहा है। निजीकरण की आड़ में सरकार ने अपनी जिम्मेदारी से स्वयं को मुक्त कर दिया है। इसके पीछे कारण यही है कि कोई भी राजनीतिक दल स्कूली शिक्षा को प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं बनाता, क्योंकि इसके कारण उनकी चुनावी संभावना पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार नहीं होने का एक प्रमुख कारण यह भी है कि सरकारी अधिकारी, मंत्री एवं सत्ता में बैठे लोग, शिक्षा की वास्तविक स्थिति प्रस्तुत किए जाने पर उसे स्वीकार करने का साहस नहीं करते हैं और अब अपने द्वारा किए गए कार्यों का गुणगान करते हुए आत्ममुग्धता के भाव में खो जाते हैं, जो वास्तविकता से बहुत परे होता है। यदि शिक्षा में सुधार करना है और राज्य के बच्चों को न्याय प्रदान करना है, तो आवश्यक है कि सभी संबंधित लोग मिल-बैठकर ईमानदारी से इस समस्या पर विचार करें और शिक्षा को उच्च प्राथमिकता देते हुए शिक्षा के अधिकार कानून की जो मूलभूत भावना थी उसके अनुसार कार्य करें।

अंत में हम तो यही कहेंगे कि शिक्षा का अधिकार कानून बहुत अच्छे उद्देश्य से लाया गया था किंतु जिस प्रकार से इसकी गत 15 वर्षों में क्रियान्वित हुई है, उसने स्थिति को सुधारने के बजाय और खराब ही किया है। वास्तव में शिक्षा का अधिकार कानून बच्चों के लिए हितकारी होने के बजाय अहितकारी ही अब तक सिद्ध हुआ है।

**–राजेन्द्र भाणावत,**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# सामाजिक क्रांति के पुरोधा बाबा साहेब



**पंकज मीणा**

भारतीय राजनीति के कुछ सितारे ऐसे हैं जिनके साथ इतिहास ने और तदुपरांत जनमानस ने न्याय नहीं किया। सुभाष चन्द्र बोस, वीर सावरकर, डॉ. अम्बेडकर ऐसे महामानव है जिनके योगदान को इतिहास में उचित स्थान नही मिला। इतिहास के व्रिद्याधियों व आम जनमानस सुभाष चन्द्र बोस को आजाद हिन्द फौज के संस्थापक, वीर सावरकर को दो जन्मों का काले पानी की सजा और डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के निर्माता तथा सामाजिक आरक्षण के जन्मदाता के रूप में ही जानता है। जबकि समस्त महापुरूषों को योगदान इन सब अल्प विषयों से सैकडों गुना है। महापुरूषों को इतिहास में उचित स्थान न मिलने से स्वतंत्रता पश्चात के इतिहास, लेखक व शिक्षातंत्र पर भी प्रश्न खडा होना लाजमी है। शिक्षा के अभाव में कहे अथवा सदियों से देश में विद्यमान जातिय व्यवस्था जिसके कारण से देश में एक वर्ग अछूत मान कर मुख्य धारा से कट सा गया था। सैकडों वर्षो से चली आ रही इस सामाजिक व्यवस्था के विरूद्ध कोई बोलने वाला नही था जिस कारण इस वंचित अछूत वर्ग की आर्थिक स्थिति रसातल में जा रही थी। तत्कालीन कांग्रेस के नेता जो स्वयं कुलीन वर्ग के प्रतिनिधि थे, इस वर्ग के प्रति चिंता केवल प्रतीकात्मक थी। ऐसे में इस वर्ग से ही पैदा हुआ एक देव पुरूष डॉ. भीमराव अम्बेडकर। डॉ. भीमराव अम्बेडकर एक ऐसा नाम जिसने बडे स्तर पहली बार पर सामाजिक क्रांति की अलख जगाई। तमाम मुश्किलों, प्रलोभन, दबाव के बावजुद अपने पथ पर अडीग रहे और सामाजिक क्रांति को एक मुकाम तक पहुंचाने में सफल हुए। आज वंचित वर्ग जिस गति से आगे बढ रहा है उसमें सबसे महत्वपूर्ण योगदान डॉ. भीमराव अम्बेडकर का है।

महापुरूष का सीमित इतिहास लिखने से कालान्तर में उस महापुरूष का योगदान भी सीमित नजर आता है, साथ ही छवि भी सीमित ही बन कर रह जाती है। डॉ.भीमराव अम्बेडकर ने अपने राजनैतिक सामाजिक जीवन के अवसान के समय बुद्ध धर्म अपना लिया था, हालांकि बाबा साहब के बुद्ध धर्म अपनाने से भारतीय समाज में गहरा प्रभाव पडा। परंतु इतिहास लेखन में यह छिपाया गया कि बाबा साहब हिन्दू धर्म कि जातिय व्यवस्था के विरोधी थे फिर भी हिंदू धर्म के प्रबल समर्थक थे। यहां तक कि 13 अप्रैल 1929 के रत्नागिरी जिले के कार्यक्रम में 6 हजार दलितों को वैदिक मंत्रोचार के साथ यज्ञोपवित बांटने का कार्य भी किया था। जब कुछ दलित भाई इस्लाम में धर्मान्तरित हो रहे थे तो उन्होंने पुरजोर शब्दों में कहा कि ''हम हिन्दू धर्म नही छोड़ेगे''। डॉ. अम्बेडकर की इस घोषणा के बाद दलितों का इस्लाम में धर्मान्तरण बिल्कुल रूक सा गया। एक बार हैदराबाद के निजाम ने तो बाबा साहब को अपने समर्थको के साथ इस्लाम धर्म अपनाने पर प्रति व्यक्ति 20 हजार रूपये देने का प्रलोभन तक दिया परंतु अपने विचारो के लिये प्रतिबद्ध बाबा साहब अपनी जडो से बिल्कुल नही डिगे और अनवरत अपने जीवन के मूलमंत्र ''समता, स्वतन्त्रता व बंधुत्व'' हेतु संघर्ष करते रहे।

अगस्त 1932 में ब्रिटिश सरकार द्वारा कम्युनल अवार्ड की घोषणा की गई। कम्युनल अवार्ड के माध्यम से अस्पर्श्य वर्ग और अल्पसंख्यको को अलग निर्वाचन क्षेत्र का आरक्षण प्रदान किया। तत्कालीन कांग्रेस ने कम्युनल अवार्ड के द्वारा अस्पर्श्य वर्ग को अलग निर्वाचन को भरपूर विरोध किया, जबकि अल्पसंख्यको के आरक्षण पर कांग्रेस ने चुप्पी साध ली। डॉ.भीमराव अम्बेडकर ने धार्मिक आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे, उन्होंने सटीक तथ्यों व अकाटय तर्कों द्वारा कांग्रेस का विरोध किया जिसके परिणाम स्वरूप कांग्रेस के नेताओं ने बाबा साहब के खिलाफ नारेबाजी की और उन्हे अंग्रेजो का एजेंट तक घोषित किया।

कांग्रेस के तत्कालीन नेताओं के द्वारा हद तक प्रताडित बाबा साहब अपने सामाजिक क्रांति के मूल से डिगे नही, यवरदा जेल में महात्मा गांधी से चर्चा के दौरान उन्होंने बड़े सधे हुए शब्दों में कहा कि ''वंचित वर्ग की आबादी अल्पसंख्यकों से थोडी ही कम होने के बावजूद कांग्रेस अल्पसंख्यकों के आरक्षण को तो स्वीकार कर रही है परंतु दलितों को इतना विरोध क्या? डॉ. अम्बेडकर की सूझबूझ और प्रमाणिक तर्क के आधार पर पूना पैक्ट समझौता हुआ और वंचित अस्पर्श्य वर्ग का राजनैतिक आरक्षण मिला।

देश का वर्तमान युवा आर्टिफिशियल इन्टेलिजंस की छत्र छाया मे पल्वित हो रहा है। ऐसे युवाओं को चाहिये कि महापुरूषों का इतिहास सघनता से अध्ययन करे। पूर्वाग्रह से ग्रसित विमर्श और तथ्यों को तोड-मरोड कर लिखे गये इतिहास के अंशो ध्वस्त कर महापुरूषों को उचित सम्मान देवे। समता स्वतंत्रता ओर बधुत्व का जो सपना डॉ. अम्बेडकर तीस के दशक में देखा था उसे चरित्रार्थ कर देश, समाज को मजबूत बनाये यही सही मायने में बाबा साहब को श्रृदांजलि होगी।

**–पंकज मीणा,**
**भाजपा प्रदेश प्रवक्ता**
**राजस्थान।**

# अफ्रीकी देश बुरुंडी द्वारा जारी किया गया दुनिया का सबसे बड़ा बैंक नोट बीकानेर पहुंचा

## बैंक नोट को अंतर्राष्ट्रीय करेंसी संग्रहकर्ता सुधीर लूणावत ने अपने संग्रह में शामिल किया


**बीकानेर,** (निसं)। करेंसी संग्रह की दुनिया में बीकानेर एक बार फिर चर्चा में है। फरवरी 2025 में अफ्रीकी देश बुरुंडी द्वारा जारी किया गया दुनिया का सबसे बड़ा बैंक नोट अब बीकानेर में है। यह अद्भुत स्मारक नोट 10,000 बुरुंडी फ्रैंक मूल्य वर्ग का है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय करेंसी संग्रहकर्ता सुधीर लूणावत ने अपने संग्रह में शामिल किया है। इस नोट का आकार, डिजाइन और सीमित संस्करण इसे दुनियाभर के संग्रहणकर्ताओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा है। दुनिया के इस सबसे बड़े नोट को सीआईटीईएस की 50वीं वर्षगांठ की स्मृति में जारी किया गया है।

इसकी विशेषताओं की बात करें तो इसमें दो सुरक्षा थ्रेड, ग्लोब का वाटर मार्क, रंग बदलते दो सुनहरे तारे दिखाई दे रहे हैं।

- **फरवरी 2025 में अफ्रीकी देश बुरुंडी द्वारा जारी किया गया था दुनिया का सबसे बड़ा बैंक नोट**
- **दुनिया के इस सबसे बड़े नोट को सीआईटीईएस की 50वीं वर्षगांठ की स्मृति में जारी किया गया है**

इससे पहले दुनिया के सबसे बड़े नोट का रिकॉर्ड मलेशिया के पास था, जहां वर्ष 2017 में 600 रिंगिट का स्मारक नोट जारी हुआ था, लेकिन बुरुंडी का यह नया नोट आकार, कलात्मकता और उद्देश्य तीनों ही मामलों में उससे कहीं आगे निकल गया है। इस नोट की खास बातों में यह है कि यह सिर्फ 1000 नोटों का सीमित संस्करण है। इसमें उन्नत सुरक्षा फीचर्स, सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक डिजाइन का अनूठा मेल दिखाई देता है।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### सोमवार 14 अप्रैल, 2025

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, स्वाती नक्षत्र रात्रि 12:14 तक, वज्र योग रात्रि 10:38 तक, कौलव करण प्रात: 8:25 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-तुला, मंगल-कर्क, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज यमघट योग रात्रि 12:14 से सूर्योदय तक है। आज संक्रांति पूण्यकाल पूर्वान्ह में है। मीन मल मास समाप्त होगा। आज मेषादि और कडक पूजा है। आज प्रतिपदा तिथि में वृद्धि हुई है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:43 तक, शुभ 9:18 से 10:52 तक, चर 2:02 से 3:37 तक, लाभ-अमृत 3:37 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:08, सूर्यास्त 6:46

**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे मतभेद समाप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। पारिवारिक यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। शुभ कार्य से संबंधित यात्रा संभव है।

**तुला**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। घर-परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। धार्मिक यात्रा संभव है।

**धनु**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**कुंभ**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। व्यक्तिगत परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री



भारत रत्न बाबा साहेब

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर

134वां जयन्ती समारोह

मुख्य अतिथि

## श्री भजनलाल शर्मा

माननीय मुख्यमंत्री

**शुभारम्भ / स्वीकृति / वितरण**

अम्बेडकर पंचतीर्थ योजना का शुभारम्भ

एस.सी., एस.टी. उद्यमियों को औद्योगिक भूखंडों का आवंटन

स्वच्छकारों को सेफ्टी किट / एस.सी., एस.टी.,
सफाई कर्मचारी आदि के लिए एक मुश्त समझौता योजना

मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना की स्वीकृति

नशा मुक्ति केन्द्रों का शुभारम्भ

मस्कुलर डिस्ट्रोफी पीड़ितों को इलेक्ट्रिक व्हील चेयर

**14 अप्रैल, 2025 | प्रातः 11.00 बजे | राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर, जयपुर**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

# 'भगवान महावीर के सिद्धांतों पर आधारित जीवन मूल्य आज भी प्रासंगिक हैं'

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जैन ध्वज दिखाकर भगवान महावीर की रथयात्रा को रवाना किया

**श्रीमहावीरजी/ हिंडौन सिटी,** (निसं)। स्थानीय दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी के वार्षिक मेले के तहत रविवार को भगवान महावीर की भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। रथयात्रा को प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जैन ध्वज दिखाकर जयकारों के बीच रवाना किया। आस-पास के गांवों सहित देश के कोने-कोने से आए हजारों श्रद्धालु प्रभु की रथयात्रा में पहुंचे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में पहली बार भगवान महावीर के दर्शन करने श्री महावीरजी पहुंची। मंदिर के मुख्य स्वागत द्वार पर अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल द्वारा बुके भेंट कर कमेटी की ओर से दिया कुमारी का स्वागत किया गया।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रथयात्रा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंदिर दर्शन के बाद मूलनायक भगवान महावीर स्वामी की भक्तिमय आरती कर पुण्यार्जन किया। तत्पश्चात क्षेत्र कमेटी की ओर से तिलक, माल्यार्पण, शाल ओढ़ाकर एवं भगवान महावीर का छाया चित्र स्मृति चिन्ह के रुप में कमेटी द्वारा भेंट किया गया। इस मौके पर एक चांदी का सिक्का तथा काफी टेबल बुक /महामस्तकाभिषेक की बुक भी भेंट की गई। तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने महावीर जी के विकास के लिए पीडीकोर संस्था द्वारा तैयार डीपीआर बुक का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री ने एलईडी के माध्यम से पूरा महावीरजी क्षेत्र देखा। प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से महावीर जी के विकास, सिकन्दरा मोड़ से महावीरजी तक की सड़क का सुदृढीकरण एवं चौड़ाईकरण करवाने, गम्भीर नदी के सौन्दर्यीकरण के लिए रिवर फ्रन्ट बनाने सहित पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की मांग की।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि भगवान महावीर ने अपने विचारों से समाज को मानवता, सत्य, अहिंसा और भाईचारे का मार्ग दिखाया जो हमारे लिए अनुकरणीय है। उनके उपदेश जीवन स्पर्शी है। जिनमें जीवन की समस्याओं का समाधान समाहित है। जैन समाज के द्वारा समाज के उत्थान के लिए समय समय पर की जा रही सामाजिक सेवा की गतिविधियां प्रशंसनीय है। आस्था का यह केन्द्र श्रीमहावीरजी आपसी सौहार्द व समरसता का परिचायक है। दिया कुमारी ने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांतों पर आधारित जीवन मूल्य आज भी प्रासंगिक है। लक्खी मेले का आयोजन हमारी परम्पराओं का परिचायक है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंदिर प्रांगण से निकलने वाली रथयात्रा को जयकारों के बीच जैन ध्वज दिखाकर रवाना किया।

इससे पहले प्रबंधकारिणी कमेटी द्वारा मूलनायक भगवान महावीर स्वामी की मूर्ति निकालने वाले चर्मकार वंशज के प्रतिनिधि का सम्मान किया गया। पहली बार

- **उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में पहली बार भगवान महावीर के दर्शन करने श्री महावीरजी पहुंची**

रथयात्रा में शामिल कृत्रिम बैलों वाले नवीन मुख्य रथ पर भगवान महावीर की प्रतिमा विराजमान थी। पहली बार उपयोग में आये इस नवीन रथ को खीच रहे कृत्रिम बैलों को क्षेत्र कमेटी की ओर से 19 किलो चांदी की झूल ओढाई गई।

उपजिला कलेक्टर, हिण्डौन हेमराज गुर्जर व प्रबन्धकारिणी कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल सारथी के रूप में बैठे थे। वहीं रथ की स्टेयरिंग को संयुक्त मंत्री प्रदीप कुमार जैन सम्हाले हुए थे। रथ पर कमेटी के उपाध्यक्ष शांति कुमार जैन, मानद् मंत्री सुभाष चन्द जैन, कोषाध्यक्ष विवेक काला एवं कार्यकारिणी सदस्य हेमन्त सोगानी चॅवर ढुला रहे थे। रथयात्रा के साथ प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य नरेश कुमार सेठी, जस्टिस नगेन्द्र कुमार जैन, जस्टिस नरेन्द्र कुमार जैन, पूनम चन्द शाह,सुधीर कासलीवाल सहित कई गणमान्य, जयपुर सहित पूरे देश से आये हजारों श्रद्धालु भगवान महावीर के जयकारे लगाते चल रहे थे।

# ऑनलाइन गैमिंग सट्टा कारोबार करने वाले छह जने गिरफ्तार

## मोबाइल, लैपटॉप सहित अन्य उपकरण जब्त, 19 बैंकों के खातों को फ्रिज करवाया

**उदयपुर,** (निसं)। उदयपुर की डीएसटी टीम एवं गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जीवनतारा में स्थित एक फ्लैट पर दबीश देकर ऑनलाइन गेमिंग के जरिये सट्टा लगाने के मामले में छह जनों को गिरफ्तार किया है।

महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर द्वारा सायबर अपराधों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह राठौड़ के सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी श्याम सिंह रत्नू, गोवर्धन विलास थाना अधिकारी दिलीपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से मिली जानकारी पर गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र जीवनतारा कॉलोनी में एक फ्लैट पर दबिश देकर संजय सालवी पुत्र मनोज सालवी निवासी कोलामगरी तितरड़ी सविना, केशव लखारा पुत्र विमल लखारा निवासी टंकीपुरा थाना डेगाना नागौर, सिद्धार्थ विश्वकर्मा पुत्र राकेश विश्वकर्मा निवासी चोहराटा रामपुरा बगेलान सतना एमपी, रामचन्द्र पुत्र रामनिवासी प्रजापत निवासी आछोजाई पादुकला नागौर, तरूण बांगडा पुत्र भंवरलाल बांगडा निवासी बांगडा कॉलोनी कुचामनसिटी डीडवाना कुचामन तथा विकास प्रजापत पुत्र मंगलाराम प्रजापत निवासी रेवत डेगाना नागौर जो अलग-अलग लैपटॉप व कम्प्यूटर सेट पर ऑनलाइन सट्टा करते व मोबाइल फोन पर पैसे का ट्रांजेक्शन करते मिले। पूछताछ में ऑनलाइन गेमिंग के बारे में संजय सालवी ने बताया कि जिसकी ऑनलाइन वेबसाईट 'रैडी अन्ना' उदयपुर निवासी मोहित ने उपलब्ध कराने तथा उसके कहने पर संचालन करने की बात कही। जिसके जरिये क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, जैसे खेलों को खेलने के लिए हर व्यक्ति को आईडी देने के लिए वाट्सएक ग्रुप से जुडे हैं। क्यूआर कोड जरिये निर्धारित बैंग खातों में भुगतान कर अनजान व्यक्ति हमारे आईडी प्राप्त कर जुड़ता है। उक्त आईडी गेम खेलने के लिए ग्राह को आईडी उपलब्ध कराई जाती है। उसके बाद ही वह खेल सकता है। फर्जी दस्तावेजों से सीम प्राप्त कर संचालक मोहित पाहुजा द्वारा उपलब्ध कराये गए खातों का उपयोग होता है, जिसमें रूपये जमा होने के बाद हमें समय पर वैतन भी दिया जाता है। इस पर पुलिस दल ने मौके से संजय सालवी, केशव लखारा, सिद्धांत विश्वकर्मा, रामचंद प्रजापत, तरूण बागडा व विकास प्रजापत को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से सात लैपटॉप, पांच पीसी सेटअप, तीस मोबाइल, बारह एटीएम, आठ बैंकों की पास बुक, दस सिम कार्ड, चार रजिस्टर जब्त किए। जबकि 8 बैंकों के 19 खातों को फ्रीज किया है। पुलिस कार्यवाही की भनक लगने पर ऑनलाइन गेमिंग का सरगना मोहित पाहुजा मौके से फरार हो गया। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

- **ऑनलाइन गेमिंग का सरगना मोहित पाहुजा मौके से फरार, पुलिस तलाश कर रही है**

# पारा फिर 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा

**बीकानेर,** (निसं)। यहां हीट वेव का नया दौर शुरू होने वाला है। रविवार को ही तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हो गया है जो आने वाले दिनों में तीव्र होने वाला है।

मौसम विभाग का कहना है कि तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है। मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य में आगामी 4-5 दिन मौसम मुख्यत: शुष्क रहने तथा तापमान में 3-5 डिग्री बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है। पश्चिमी राजस्थान में हीट वेव का नया दौर 14 अप्रैल से शुरू होने की संभावना है। 15-16 अप्रैल को हीट वेव की तीव्रता व क्षेत्र में और बढ़ोतरी होने तथा बीकानेर संभाग व क्षेत्र के अनेक भागों में हीट वेव तथा कहीं-कहीं तीव्र हीट वेव चलने की प्रबल संभावना है। इस दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 45-46 डिग्री से. दर्ज होने की संभावना है। 17-18 अप्रैल को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं थंडरस्टोर्म व मेघगर्जना व हल्की-मध्यम आंधी दर्ज होने की संभावना है। बीकानेर में पिछले एक सप्ताह में सिर्फ शनिवार को तापमान में आंशिक कमी आई थी, जब पारा 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। इससे पहले पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आया ही नहीं। तापमान में बढ़ोतरी के चलते अब दोपहर में सड़कों पर लोग कम नजर आ रहे हैं।

- **मौसम विभाग का अलर्ट, पश्चिमी राजस्थान में हीट वेव का नया दौर 14 से शुरू होने की संभावना**

# जुआ खेलते छह जने गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। टोंक पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन मे ध्वनि प्रदूषण अधिनियम, धुम्रपान अधिनियम, आयुध अधिनियम के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान अरविन्द कुमार वृत्ताधिकारी पीपलू व झिराना थानाधिकारी राजेन्द्र ताडा के नेतृत्व में गठित टीम ने जुआ पर कार्रवाई करते हुये केदारनाथ मंदिर झिराना के पीछे बम्बूलों में दो व्यक्तिओं को ताश पत्ती पर रूपये, पैसों का दाव लगाकर जुआ खेलते हुये को डिटेन कर जुआ राशि 3700 रूपये जब्त कर आरोपी आबिद उर्फ कोयला व सन्जू खां को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार थाना पुरानी टोंक की गठित टीम व डीएसटी टीम ने रामदेव जी के मन्दिर के सामने अस्तलरोड पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के पत्ते व जुआ राशि 4650 रुपये नकद जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध आर.पी.जी.ओ एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

# भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया का स्वागत किया

**सादुलपुर,** (निसं)। गांव बेबड में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया का स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने पूनिया का आभार जताया।

राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बेबड (चूरू) के जर्जर भवन के निमार्ण बाबत गत वर्ष से प्रयासरत ग्रामीणों के द्वारा सतीश पूनिया को उनके निज निवास जयपुर में उपस्थित होकर आग्रह किया गया, जिसे पूनिया ने हाथों हाथ विश्वास दिलाया तथा 15 अगस्त को वेदप्रकाश पूनिया ने नवीन भवन निर्माण विद्यालय की घोषणा की थी। इस विद्यालय के लिए डॉ. सतीश पूनिया ने 4.5 करोड़ रुपए स्वीकृत करवाये एवं विद्यालय में पांच नवनियुक्त अध्यापक लगवाये गये। जानकारी के अनुसार इससे पूर्व में भी इस विद्यालय को क्रमोन्नत करवाया गया एवं बोर्ड का केंद्र स्वीकृत करवाया था। वहीं ग्रामीणों व एसडीएमसी सदस्यों द्वारा डॉ. सतीश पूनिया का गांव में पधारने पर गुलदस्ता भेंट कर व पगड़ी बंधवाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ



गांव बेवड़ में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया का स्वागत किया गया।

नेता वेदप्रकाश पूनिया, एसडीएमसी के अध्यक्ष जयसिंह फौजी, सेवानिवृत प्रधानाचार्य मानसिंह निमड, भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर, चांदगोठी मंण्डल अध्यक्ष धर्मवीर पूनियां, डॉ. मानसिंह राठौड़, नत्थू प्रजापत, कृष्ण जांगिड़, एसडीएमसी सदस्य विजेंद्र पूनिया, राजेंद्र पूनिया, महेश पूनिया, महिपाल पूनिया, शेरसिंह जांगिड़, जगदीश मोरवाल, सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप कार्टेवाल, धर्मेंद्र पूनिया, सुरेश पूनिया, दयानंद जांगिड़, इस विद्यालय के प्राध्यापक डॉ. प्रमोद तिवाड़ी, अध्यापक निहाल सिंह स्वामी, नवनीत मांजू, नोडल अधिकारी सुरेन्द्र पूनिया, प्रधानाध्यापक जयसिंह झाझड़िया, मांगेराम पूनिया, जोगेंद्र पूनिया, सुरेन्द्र पूनिया, रिशाल बल्हारा, संजय भोजाण, जगदीश प्रजापत, राजेन्द्र पूनिया, रामकिशन पूनिया, विजयपाल महण सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# राहुल गांधी आज अलवर आएंगे

**अलवर,** (निसं)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को अलवर आएंगे। सुबह नौ बजे के आसपास अंबेडकर सर्किल पर अंबेडकर जयंती पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। उसके बाद उसी राम मंदिर जा सकते हैं। जिसमें राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के जाने के बाद बीजेपी के पूर्व विधायक ने गंगाजल छिड़का था। उसके बाद यह मुद्दा देशभर में पहुंच गया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन भी में राहुल गांधी ने जूली का मंच से तीन से चार बार नाम बोला था।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि रामनवमी के दिन अलवर के शालीमार में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई थी, जिसमें बीजेपी व कांग्रेस के नेता शामिल हुए थे। कांग्रेस नेता टीकाराम जूली भी कार्यक्रम में आए थे। इसके अगले दिन बीजेपी के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने मंदिर में गंगाजल छिड़का था। यह कहा था कि कांग्रेस के नेताओं के आने के कारण मंदिर अशुद्ध हो गया था। उसके बाद यह मुद्दा बन गया। कांग्रेस नेताओं ने गुजरात में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में भी मामले को उठाया। हालांकि इस मामले में बीजेपी के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा को पार्टी ने सस्पेंड कर दिया, लेकिन उसके बाद भी कांग्रेस नेता इस मुद्दे को छोड़ नहीं रहे।

# व्यापारी से 50 लाख की फिरौती मांगी, दो गिरफ्तार

## दोनों आरोपियों के गैंगस्टर जग्गा पहलवान गैंग से संबंध होने की पुष्टि हुई है

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के रायसिंहनगर क्षेत्र से व्यापारी से फिरौती मांगने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील पटावरी से 50 लाख रुपये की फिरौती मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों आरोपियों के गैंगस्टर जग्गा पहलवान गैंग से संबंध होने की पुष्टि हुई है।

पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए धर्मवीर उर्फ धर्मा (26) पुत्र रामप्रकाश निवासी 6 पीटीडी और सुनील डाल (32) पुत्र नविन्द्र कुमार निवासी भोमपुरा, थाना रायसिंहनगर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है और प्रकरण में आगे की जांच जारी है। घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रमोद कुमार (सउनि) को सुपुर्द किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी सत्यनारायण गोदारा के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान, कॉल ट्रेसिंग और मुखबिर की सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान और भी कई अहम जानकारियां सामने आ सकती हैं, जो इस गैंग के अन्य सदस्यों और अपराधों से पर्दा उठा सकती हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लिया जाएगा, ताकि गहराई से पूछताछ की जा सके।

- **घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने जब्त किया**

# श्वानों ने मवेशियों को मारा

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर के वार्ड ने 25 में श्वानों का आतंक सामने आया है। एक व्यापारी के फार्म हाउस में घुसकर रात को श्वानों ने हमला कर दिया तथा व्यापारी इकबाल पहाडखानी के 10-15 मवेसियों को मार दिया।

# भजनलाल सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिये कार्य कर रही है : पटेल

**कोटपूतली,** (निसं)। विधायक हंसराज पटेल ने रविवार को क्षेत्र में विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

उन्होंने 02 करोड़ 85 लाख 50 हजार रूपयों की लागत से बनाई जा रही 10.75 किमी लम्बी 05 सडकों का बतौर मुख्य अतिथि पट्टीका का लोकार्पण कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इनमें 30 लाख रूपयों की लागत से बनाई जा रही 1.20 किमी लम्बी रामसिंहपुरा सम्पर्क सड़क चौलाई से नवरंगपुरा तक 56 लाख 25 हजार रूपयों की लागत से बनाई जा रही 2.25 किमी लम्बी सड़क राजमार्ग से चानचकी तक 01 करोड़ 01 लाख 25 हजार रूपयों की लागत से बनाई जा रही 4.5 किमी लम्बी सम्पर्क सड़क व नवरंगपुरा बाबा भैंरू के मंदिर से ढाणी बोरावाली तक 98 लाख रूपयों की लागत से बनाई जा रही 2.8 किमी लम्बी मिसिंग लिंक सड़क के निर्माण कार्य का विधायक ने शुभारम्भ किया। इस दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जिन गांव-ढाणियों में सड़क नहीं है। वहाँ सड़क निर्माण हमारी प्राथमिकता है। भजनलाल सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिये कार्य कर रही है। विकास कार्यो में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस दौरान विधायक समेत अन्य अतिथियों का ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत भी किया। विधायक पटेल ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्यायें सुनते हुये मौके पर ही एसडीएम बृजेश चौधरी व डीएसपी राजेन्द्र बुरडक को तत्काल समाधान के निर्देश दिये। इस दौरान मंडल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, पूर्व चेयरमैन एड. महेन्द्र सैनी, कमल कसाना, गोपाल मोरीजावाला, सरपंच विपिन जाखड़, रीना वर्मा, कमल पटेल, राजेश रावत समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व अन्य मौजूद रहे।

# मकान पर आकाशीय बिजली गिरी, उपकरण जले



मनोहरपुर में आकाशीय बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया।

**मनोहरपुर,** (निसं)। आकाशीय बिजली गिरने से मनोहरपुर थाना इलाके के बंगाली मोहल्ले में एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया।

यह घटना शनिवार रात्रि दस बजे हुई, जब परीक्षित बंगाली के मकान पर तेज आंधी के बाद आकाशीय बिजली गिरी। इससे मकान के दो कमरे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और हजारों रुपये के बिजली उपकरण जलकर राख हो गए। गनीमत रही कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। इस दौरान मकान मालिक परीक्षित बंगाली ने मामले की सूचना पटवारी और थाना पुलिस को दी, जिसके बाद पटवारी प्रियंका जांगिड़ ने मौके पर पहुंचकर मौका रिपोर्ट तैयार की।

- **मकान के कमरे क्षतिग्रस्त, दहशत में रहे लोग**

# ठग गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। शातिर ठग को पुलिस ने 48 घंटे में गिरफ्तार किया है। थाना मेहन्दवास क्षेत्र निवासी कन्हैयालाल गुर्जर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि मेरे फोन पर किसी ने बरवास तहसीलदार व पटवारी बनकर कृर्षि मुआवजा दिलाने का पांच हजार रुपये की रसीद कटावाकर उसके मोबाइल नम्बर पर फोन-पे करवाने हेतु बोला। जिस पर परिवादी ने पांच हजार फोन-पे कर दिये। बाद में उसने चार हजार रुपये और मांगे। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कर थानाधिकारी ओमप्रकाश द्वारा गठित टीम ने वांछित आरोपी की तलाश कर 50 दुकानें व मकानों के सीसीटीवी फुटेज देखकर आरोपी रामकिशन पुत्र रामलाल बैरवा को गिरफ्तार किया तथा ठगी की राशि पांच हजार रूपये से खरीदा गया कूलर जब्त किया।

# नोखा के राजेंद्र बिश्नोई को मिला यूपी कैडर

**नोखा,** (निसं)। गृह मंत्रालय ने अखिल भारतीय सेवा परीक्षा-2023 में चयनित 200 भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों को कैडर आवंटित कर दिया है। इस आवंटन में राजस्थान के बीकानेर जिले के नोखा क्षेत्र के रोड़ा गांव के राजेंद्र बिश्नोई को उत्तर प्रदेश कैडर मिला है।

# चोरी व नकबजनी की वारदातों में लिप्त आठ आरोपी गिरफ्तार

**मालपुरा,** (निसं)। पचेवर थाना पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर पुलिस टीम का गठन कर अलग-अलग क्षैत्र में चोरी व नकबजनी वारदातों की रोकथाम को लेकर अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर आठ जनों को गिरफ्तार किया है।

- **पचेवर थाना व डिग्गी थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की**

थानाधिकारी मुकेश चौधरी ने बताया कि थाने में अलग-अलग टीमों का गठन कर अलग-अलग गांवों में सर्च अभियान चलाया और चोरी व नकबजनी के मामलों में चालानशुदा फरार चल रहे आरोपी ओमप्रकाश बावरी निवासी स्याह, किशोर बावरी निवासी सोटवाडा, हेमराज बागरिया निवासी भोजलाई, गिरधारी बागरिया निवासी भोजलाई, मुन्नीराम गुर्जर पुत्र नारायण गुर्जर निवासी हणुतियां, कुलदीप पुत्र गणेश शर्मा निवासी सूरसागर, विकास पुत्र गणेश शर्मा निवासी सूरसागर व सुरेश बावरी निवासी आवडा को गिरफ्तार किया गया। मामले में अनुसंधान जारी है।



चोरी व नकबजनी के आरोप में आठ जनों को गिरफ्तार किया।

इसी क्रम में डिग्गी थाना पुलिस ने रविवार को थानधिकारी के सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी हरिराम मीणा ने चांदा की ढाणी चांदसेन के पास एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल पर बंदूक के साथ अविकानगर की तरफ जाते देखा तो युवक का पीछा करने पर वो अवैध बंदूक व मोटरसाइकिल छोड़ जंगल के रास्ते में भाग गया। पुलिस टीम ने मौके से अवैध बंदूक व मोटरसाइकिल को जब्त कर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

# जेडीए ट्रिब्यूनल के आदेश के बावजूद ''नेगचार बाग'' रेस्टोरेंट पर कार्रवाई नहीं कर रहे अफसर!

**मुख्य सीकर रोड पर आवासीय ''गिरधर कॉलोनी'' में बिना भू-रूपांतरण अवैध तरीके से बने इस नेगचार बाग रेस्टोरेंट एवं बैंक्वेट में संचालित है व्यवसायिक गतिविविधियां**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के अपीलीय अधिकरण (जेडीए ट्रिब्यूनल) ने सीकर रोड पर सोनी

■ **जेडीए प्रशासन 6 जनवरी 2021 को अवैध निर्माणकर्ता नवीन चौधरी और चंचल चौधरी के खिलाफ कोर्ट में पेश कर चुका है चालान, लेकिन कार्रवाई अब तक भी नहीं**




मणिपाल हॉस्पिटल के सामने आवासीय ''गिरधर कॉलोनी'' में अवैध तरीके से संचालित नेगचार बाग रेस्टोरेंट एवं बैंक्वेट पर कार्रवाई के आदेश दिए है। ट्रिब्यूनल ने यह आदेश 4 अप्रैल 2025 को शिवांगन कंस्ट्रक्शन की ओर से दायर याचिका पर दिए।

इस आदेश में कहा गया कि जेडीए प्रशासन ने 8 फरवरी को नेगचार बाग रेस्टोरेंट के संचालक नवीन चौधरी और चंचल चौधरी को जो नोटिस जारी किया है, उस पर प्रभावी कार्रवाई की जाए, सिर्फ औपचारिकता के लिए ही नोटिस देकर खानापूर्ति नहीं करे।

दरअसल शिवांगन कंस्ट्रक्शन की ओर से जेडीए के खिलाफ ट्रिब्यूनल में परिवाद दिया गया था, जिसमें कहा गया कि रोड नंबर 1, सीकर रोड, जयपुर में आवासीय ''गिरधर कॉलोनी'' में बिना भू रूपांतरण अवैध तरीके से नेगचार बाग रेस्टोरेंट एवं बैंक्वेट का संचालन किया जा रहा है, जहां आएदिन शादी पार्टी और अन्य आयोजन होते रहते है। आवासीय कॉलोनी में यह रेस्टोरेंट पूरी तरह अवैध है, 6 जनवरी 2021 को जयपुर विकास प्राधिकरण भी अवैध रेस्टोरेंट बनाने वाले नवीन चौधरी और चंचल चौधरी के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर चुका है। जिसके बारे में जेडीए की तत्कालीन सचिव नलिनी कठोतिया ने 30 जनवरी को तत्कालीन नगरीय विकास मंत्री के शासन सहायक सचिव को जवाब भिजवाया था। इससे पहले जेडीए प्रशासन 7 अगस्त 2019 को भी इस रेस्टोरेंट संचालक को धारा 32 में नोटिस दे चुका है।

इस पूरे प्रकरण में सबसे ज्यादा हैरानी की बात यह है कि, वर्ष 2021 में चालान पेश होने और गत 4 अप्रैल 2025 को जेडीए ट्रिब्यूनल द्वारा नेगचार बाग रेस्टोरेंट पर प्रभावी कार्रवाई के आदेश दिए जाने के बावजूद अफसर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं?

# क्लब मैनेजर को पीटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** श्यामनगर थाना पुलिस ने एस्कॉर्ट सर्विस चलाने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने डिओना क्लब के जनरल मैनेजर के साथ मारपीट और लूटपाट की थी। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

■ **आरोपियों ने डिओना क्लब के जनरल मैनेजर के साथ मारपीट और लूटपाट की थी**

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि 13 मार्च को पीड़ित सुरेश नेहरा ने एक मामला दर्ज करवाया कि वह डिओना क्लब में जनरल मैनेजर के पद पर है। रात को साथी कर्मचारी मोनिस, बृजेश, नवरतन क्लब बंद करके नीचे आए। शगुन स्वीट्स के सामने खड़े हो गए। वहीं तीन लड़के व दो लड़कियां आपस में लड़ रहे थे। जिन्हे समझाया कि आप यहां पर लड़ाई मत करो।

यहां से जाओ। दोनों लड़कियों ने कहा कि हमारी गाड़ी आ रही है, उसमें चले जाएंगे। अचानक से एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी आई। एक लड़का निकला और बृजेश पर डंडे से वार किया। सुरेश नेहरा ने बताया कि इस पर मैंने उस गाड़ी में अंदर बैठे शक्स को कहा कि आप यहां पर लड़ने आये हो क्या? उतनी देर में एक अन्य गाड़ी आई। एक लड़का उतरा और मेरे सिर पर डंडे से दो-तीन वार किए। मेरे गले की चैन और मेरा मोबाइल सैमसंग एम-24 छीनकर ले गए।

जाते समय दोनों लड़कियों को भी ले गए। मेरी चैन छीनने के लिए गाड़ी के अंदर से हाथ डाला। फिर मुझे घसीटकर आगे ले गए। धक्का देकर रोड पर पटक दिया। पीड़ित की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

इस पर पुलिस ने बदमाशों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिस पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी राजेन्द्र कुमार मीणा उर्फ राजू मीणा ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस चलाता है।

जो अपने साथियों के साथ मिलकर जयपुर शहर में ग्राहक के बताए होटल, मकान पर टैक्सी और अपनी गाड़ी से सप्लाई देता है। घटना के दिन भी राजेन्द्र मीणा ने सप्लाई दी थी। किसी बात को लेकर ग्राहक से झगड़ा हो गया। इस पर लड़कियां वापस आ गईं। फुटपाथ पर खड़ी हो गई।

राजेन्द्र मीणा अपने साथियों के साथ 2 गाड़ियों में गया। जाते ही बिना पूछे वहां खड़े लोगों पर उन्होंने हमला कर दिया। आरोपी घटना के बाद पुलिस से बचने के लिए जम्मू-कश्मीर घूमने चला गया।

आरोपी राजेन्द्र मीणा ने अपनी पूर्व पत्नी को छोड़ रखा है। जयपुर में किसी महिला मित्र के साथ रहता है। आरोपी राजेन्द्र मीणा बहुत ही चालाक किस्म का व्यक्ति है, जो अपनी गैंग के किसी भी सदस्य या जानकार को अपने फ्लैट के बारे में नहीं बताता है।

आरोपी एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर सप्लाई देने के बहाने कई बार मारपीट कर पैसे लेकर भाग जाता है। पीड़ित बदनामी के डर से पुलिस थाने तक नहीं आते हैं। पुलिस ने इस मामले में रामनगरिया निवासी 21 वर्षीय राजेंद्र मीणा उर्फ राजू मीणा और मानसरोवर निवासी 38 वर्षीय बलवंत सिंह को गिरफ्तार किया है।

# नौकर घर से तीन लाख के जेवरात लेकर फरार

**जयपुर।** गांधी नगर थाना इलाके में नौकर घर से तीन लाख रुपए के जेवरात लेकर फरार हो गया। पीडित ने नौकर को छह दिन पहले ही काम पर रखा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि नौकर का मालिक ने वेरिफिकेशन नहीं करवाया था।

जांच अधिकारी एएसआई राजसिंह के अनुसार जेकेडी लैंडमार्क बिल्डिंग के 702 नम्बर फ्लेट में रहने वाले हेमलता ऐलानी ने मामला दर्ज करवाया कि उसने 3 अप्रैल को फ्लेट नंबर 701 में रहने वाले सास ससुर की देखभाल करने के लिए परिचित बाबू नगर निवासी राम मेहरा के परिचित संदीप चौधरी को 3 अप्रैल को काम पर रखा था। 9 अप्रैल को उसने किसी काम से जाने की कहकर सामान लेकर चला गया। जब जांच की तो सामने आया कि सास के जेवरात गायब है। इस पर आरोपी से सम्पर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद आया। आरोपी घर से तीन लाख रुपए जेवरात लेकर चला गया। आरोपी घर से सास से दो सोने के कंगन ले गया। इस पर पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पार्षद के टिकट के बहाने महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**जयपुर।** सिंधी कैम्प थाना इलाके में एक महिला से पार्षद का टिकट दिलाने के बहाने सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। महिला ने थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। महिला का आरोप है की उसे कांग्रेस पार्टी से पार्षद की टिकट दिलाने के बहाने मिलने बुलाया गया था। कांग्रेस के एक विधायक से बात करवाई। इसे बाद खाने में नशा मिलाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

■ **आरोपियों ने कांग्रेस के विधायक से फोन पर की बात खाने में नशा मिलाकर किया दुष्कर्म**

पुलिस के अनुसार जयपुर की रहने वाली एक 35 वर्षीय की महिला ने मामला दर्ज करवाया कि काफी समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़ी हुई है और कुछ समय पहले उसकी मुलाकात बबलू नाम के व्यक्ति से हुई थी। बातचीत के दौरान उसने कांग्रेस पार्टी के नेताओं से अच्छी पहचान होना बताया। जहां आरोपित ने 9 अप्रेल को पार्षद पद की टिकट की बात करवाने के बहाने स्टेशन रोड स्थित एक होटल में मिलने बुलाया। होटल में मिलने पहुंचने पर आरोपी बबलू के साथ उसके दो परिचित वसीम और मुन्ना भी मौजूद थे।

पीडिता आरोप है कि होटल के रूम में आरोपी बबलू ने कांग्रेस के एक विधायक को फोन किया। लाउडस्पीकर पर फोन कर बातचीत करने के दौरान विधायक ने राहुल गांधी के प्रोग्राम में होना बताया। कुछ देर बाद वापस फोन करने की कहकर आरोपी ने उसे रोक लिया। इस दौरान धोखे से खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर उसको खिला दिया। बेहोशी की हालत में तीनों आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। अगले दिन सुबह होश आने पर विरोध करने पर आरोपियों ने धमकाया।

पीड़िता ने तीनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाकर जांच शुरू कर दी है। एसीपी सदर धर्मवीर सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पीड़िता का मेडिकल करवाया गया है। मौका-नक्शा बनाने के लिए पीड़िता को बुलाया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अलवर कारागार से फरार सजायाफ्ता आरोपी सहित एक वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अलवर कारागार से फरार सजायाफ्ता आरोपित सहित एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चोरी के तीन दुपहिया वाहन भी जब्त किए गए है। पुलिस की

■ **चोरी के तीन दुपहिया वाहन भी जब्त किए गए हैं**

प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे करने के आदि है,जो नशा पूर्ति के लिए चोरी की वारदात करते है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए साबिर उर्फ मुन्ना निवासी भट्टा बस्ती जयपुर और वाहन चोर मोहम्मद राजू उर्फ शाकिब खान निवासी गलता गेट को गिरफ्तार किया है।



**कोतवाली थाना पुलिस ने अलवर कारागार से फरार सजायाफ्ता आरोपित सहित एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है।**

गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद राजू उर्फ शाकिब से पूछताछ करने में सामने आया कि वह केंद्रीय कारागार अलवर से फरार सजायाफ्ता आरोपित है। दोनों आरोपी से जयपुर शहर की अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। जिनसे शहर के अन्य चोरी हुए दुपहिया वाहनों की बरामदगी होने की संभावना है।

## सार-समाचार

### बहु विकल्पीय प्रश्नोत्तरी के परिणाम घोषित





**जयपुर।** अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर धर्म के प्रति जागरूकता प्रचारित करने की दृष्टि से एक बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी का डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी आयोजन में मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, लखनऊ, पूना, भोपाल, गुरुग्राम, पंचकुला, उज्जैन, गांधीनगर, नागपुर, विदिशा, गाजियाबाद, इंदौर, हाथरस, खिमखेड़ा, पीपीखरगोन, कोल्हापुर, गुलबर्गा, मुजफ्फरनगर, कलबुर्जी, मनाली, करकम्ब, गणेशपुर, खुरूई, पालोदा, जयपुर, अजमेर एवं राजस्थान के अन्य स्थानों से 223 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 67 प्रतिभागियों ने सभी प्रश्नों के सही उत्तर दिए। सबसे पहले सबमिट करने के आधार पर प्रथम तीन स्थान पर क्रमशः विकास जैन वैशाली गाजियाबाद, अंजू जैन वैशाली गाजियाबाद, नीलू जैन जयपुर एवं अगले क्रम में जितेंद्र जैन, उत्सव जैन एवं पिंकी गोधा के नाम है। एक समारोह में सभी प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले सभी 67 प्रतिभागियों का सम्मान किया जाएगा। सभी 223 प्रतिभागियों, जिन्होंने वर्तमान शासन नायक तीर्थंकर महावीर के बारे में जानने में उत्सुकता दर्शायी है, का जैन बैंकर्स जयपुर द्वारा हार्दिक अभिवादन किया जाता है। डिजिटल प्रतियोगिता के आयोजन में सुश्री श्रेयांशी जैन मुंबई का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है।

### सयुंक्त सचिव बनने पर विनोद नाटाणी का स्वागत




**जयपुर।** अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के पूर्व महामंत्री विनोद नाटाणी को श्री खण्डेलवाल वेश्य तीर्थ स्थान ट्रस्ट की कार्यकारिणी में संयुक्त सचिव की नियुक्ति पर अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिन दयाल नाटाणी एवं राष्ट्रीय महामंत्री गोविंद नाटाणी सहित अन्य सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही श्री खण्डेलवाल वेश्य तीर्थ स्थान ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी पुरुषोत्तम गुप्ता को विनोद नाटाणी को नियुक्त करने पर धन्यवाद दिया गया।

### परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा 27 को

**जयपुर।** विप्र फाउंडेशन की ओर से परशुराम जन्मोत्सव पर जयपुर में भव्य शोभायात्रा 27 अप्रैल को निकाली जाएगी। शोभायात्रा पोस्टर का आज प्रथम पूज्य मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर में लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंदिर महंत पंडित कैलाश शर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया। विप्र फाउंडेशन जोन 1 की ओर से मानसरोवर में निकाली जाने वाली शोभायात्रा 27 अप्रैल शाम 5 बजे मध्यममार्ग केएल सैनी स्टेडियम से रवाना होकर रजत पथ, नीरजा मोदी स्कूल सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए शिप्रा पथ पर विप्र फाउंडेशन के नव निर्मित भवन श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ पर समाप्त होगी। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन जयपुर जोन 1 के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कर्नल, राष्ट्रीय महामंत्री पवन पारीक, राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र हर्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय पारीक, प्रदेश प्रवक्ता सुशील पीरनगर, प्रदेश सचिव कपिल व्यास सहित बड़ी संख्या में संस्था के पदाधिकारी मौजूद थे।

### परिचित ने पीछा कर महिला से की छेड़छाड़

**जयपुर।** गांधी नगर थाना इलाके में परिचित युवक द्वारा एक महिला से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीछा करते हुए आरोपी परिचित ने रास्ते में उसको साथ अश्लील हरकत की। विरोध कर शोर मचाने पर आरोपी भाग निकला। पीड़ित महिला ने थाने में मामला दर्ज करवाया। हेड कांस्टेबल गिरधारी लाल ने बताया कि गांधी नगर की रहने वाली 37 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि परिचित होने के कारण वह आरोपी को जानती है। आरोप है कि वह अपनी जॉब पर जा रही थी। इस दौरान आरोपी परिचित ने पीछा कर रास्ते में उसे रोक लिया। बीच रास्ते में रोककर आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। अश्लील हरकत करने का विरोध कर शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग गया। उसके बाद उसके घरवालों को आरोपी की करतूत बताने गई। वहां उसके परिजनों ने उसके साथ मारपीट की। थाने में पीड़िता ने मामला दर्ज करवाया।

# किसानों को सरसों एवं चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने में सक्षम है राज्य सरकार : रामपाल

**जयपुर।** 15 वर्षों के लंबे पीड़ादायक रणनीतिक संघर्ष का परिणाम है कि इस वर्ष सरसों खरीद का आरंभ मुख्यमंत्री द्वारा किया गया।

उस समय संपूर्ण राजस्थान के लिए मूंग के खरीद केन्द्रों की संख्या 39 थी आज सरसों एवं चने के खरीद केन्द्रों की संख्या 525 तक पहुंची एवं दूदू में 0 से 23 तक पहुंच गई। उस समय न्यूनतम समर्थन मूल्य को कोई जानता नहीं था, आज उसके लिए अनवरत संघर्ष चालू है। वर्ष 2010 में मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3670 रुपए प्रति क्विंटल होते हुए भी किसानों को आधे दाम भी नहीं मिल रहे थे।

सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की समुचित व्यवस्था नहीं होने से किसानों को 1765 रुपए प्रति क्विंटल तक अपना मूंग बेचना पड़ रहा था। किसानों की आंखों में खून के आंसू थे। उस समय दूदू उपखंड में एक भी खरीद केंद्र नहीं था, यहां के किसानों को अपना मूंग बेचने के लिए चोमू, चाकसू, शाहपुरा जैसे 200 किलोमीटर से अधिक दूर के स्थानों पर जाना पड़ता था।

# ऑल इण्डिया कोआपरेटिव बैंक एम्पलाईज फेडरेशन की बैठक शुरू

**विजयवाडा** (आंध्र प्रदेश)। आन्ध्र प्रदेश कोआपरेटिव बैंक एम्पलाईज फेडरेशन का दो दिवसीय डायमंड जुबली समारोह व फाउंडेशन कांफ्रेंस 13-14 अप्रैल को विजयवाडा ऑडिटोरियम में हो रहा है। समारोह का आयोजन सहकारी बैंकों का स्वास्थ्य व सामाजिक-आर्थिक वातावरण में उनकी भूमिका थीम पर आधारित है। समारोह में देश के सभी राज्यों से ऑल इंडिया कॉआपरेटिव बैंक एम्पलाईज फेडरेशन के पदाधिकारी भाग ले रहें हैं। राजस्थान से सहकार नेता फ़ेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरज भान सिंह आमेरा समारोह में बतौर विशेष अतिथि भाग लेने विजयवाडा पहुँच गये हैं।

■ **फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सहकार नेता आमेरा समारोह के विशेष अतिथि के रूप में भाग लेने विजयवाडा पहुँचे**

आमेरा ने बताया कि दो दिवसीय भव्य आयोजन में सहकारी बैंकों का आर्थिक स्वास्थ्य, दशा व दिशा तथा वर्तमान सामाजिक आर्थिक वातावरण निर्माण में उनकी भूमिका पर ब्रेन स्ट्रीमिंग चर्चा होगी। डायमंड जुबली समारोह में सहकारी बैंकिंग ढाँचे में संचरात्मक परिवर्तन कर टू-टियर सहकारी बैंकिंग की आवश्यकता, सीसीबी व अपैक्स सहकारी बैंकों में योग्य, प्रोफेशनल व फिट एंड प्रॉपर प्रबंध निदेशक नियुक्त करने के रिजर्व बैंक नीति निर्देशों की सख़्ती से पालना, पेक्स से अपैक्स तक डिजिटलीकरण नवीन बैंकिंग सेवाए, सहकारी भूमि विकास बैंकों को पूँजीकरण सहायता, सहकारिता से समृद्धि आदि महत्वपूर्ण विषयों पर भी व्यापक वेचारिक मंथन व चर्चा होगी। आमेरा ने बताया कि सहकारी बैंकों पर हो रहें दो दिवसीय अधिवेशन में एआईबीईए के महासचिव सी एच वेंकटचलम, बी एस रामबाबू सचिव एआईबीईए, किंजरापु अटचनैडू कृषि व सहकारिता मंत्री आंध्र प्रदेश सरकार, रवीन्द्र राव चेयरमैन नेफ़स्कोब, बाबू.ए आईएएस रजिस्ट्रार सहकारी समितिया व कमिश्नर सहकारिता, डॉ श्री नाथ रेड्डी एमडी अपैक्स बैंक, राघवेंद्र राव निदेशक नेफ़कब, वसंत नाघेश्वर राव चेयरमैन अपैक्स बैंक, महेश्वर राव विधायक विजयवाडा सहित विभिन्न सीसीबी व अरबन बैंक अध्यक्ष, विधायक व सहकार जन प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, सहकारी बैंकों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण, सक्षमता व आधुनिक कुशल बैंकिंग सेवाओ के साथ व्यवसाय विवधीकरण समय की आवश्यकता के साथ संगठनात्मक निर्णय व प्रस्ताव पारित होंगे।

# साहित्यिक उपलब्धियों के लिए 6 लेखक सम्मानित

**जयपुर।** प्रयास संस्थान की ओर सूचना केंद्र चूरू में रविवार को आयोजित एक भव्य समारोह में इक्कावन हजार राशि का घासीराम वर्मा साहित्य पुरस्कार वर्ष 2022 के लिए सवाई माधोपुर के विनोद पदरज को कविता संग्रह 'आवाज अलग अलग हैं', 2023 का फतेहपुर में जन्में सुविख्यात कवि, गीतकार कृष्ण कल्पित को कृति 'रेख़्ते के बीज और अन्य कविताएं', वर्ष 2024 को जयपुर निवासी जितेंद्र भाटिया को कृति 'कांक्रीट के जंगल में गुम होते शहर' को प्रदान किया गया। समारोह में ग्यारह हजार रुपये का रूकमणी वर्मा युवा साहित्यकार पुरस्कार वर्ष 2022 के लिए डूंगरपुर के हर्षिल पाटीदार को, वर्ष 2023 के लिए भोजान-राजगढ की डिंपल राठौड़ को एवं 2024 का जयपुर के मेवाराम गुर्जर को प्रदान किया गया।




रविवार को आयोजित हिंदी साहित्य पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार ममता कालिया थी। मुख्य वक्ता साहित्यकार भगवानदास मोरवाल और अध्यक्षता अठानवें वर्षीय शिक्षाविद् प्रो. घासीराम वर्मा ने की। इस अवसर पर ममता कालिया ने कहा हिंदी साहित्य का परिदृश्य आज बहुत उत्साहजनक नहीं है। प्रकाशन संकट हिंदी के सामने सबसे बड़ा संकट है। अच्छी रचनाएं प्रकाशन का इंतजार करती रह जाती हैं तो वहीं प्रकाशक लेखकों से पैसे लेकर चुनिंदा प्रतियां प्रकाशित कर वाहवाही लूटते हैं। सरकारी खरीद और बाजार की अपनी परिभाषाएं हो गई हैं। कृति आज प्रतिकृति से पराजित हो रही हैं। मुख्य वक्ता बोलते हुए साहित्यकार भगवानदास मोरवाल ने कहा कि सामाजिक और सांस्कृतिक सौहार्द्र के जरूरत वाले इस समय में लेखकों पर बड़ा दायित्व है। समारोह के अध्यक्ष अठानवें वर्षीय शिक्षाविद् प्रो. घासीराम वर्मा ने कहा कि साहित्य और साहित्यकार ही समाज को दिशा दे सकते हैं। समारोह में स्वागत भाषण एवं साहित्यकारों का परिचय प्रो. एचआर ईसराण ने दिया। डॉ. एमपी बुडानिया, रामेश्वर प्रजापति, ओमप्रकाश तंवर, रामरतन सिहाग, डॉ. रामकुमार घोटड़, सुधींद्र सुधी, राजीव बहड़, रियाजत अली, नसीम बानो, अभिनव सरोव, अंजू नेहरा, विकास मील, सददाम हुसैन, जमील चौहान, लालचंद सैनी, सत्यनारायण बाकोलिया, राजेंद्र कसवां, डॉ. विशाल विक्रम, श्यामसुंदर शर्मा, विजयकांत शर्मा, विवेकदीप बौद्ध, ज्योत्सना राठौड़, रूकमानंद भाकर, गीता रावत, केआर पाटवाल, मोहनलाल अर्जुन, राधेश्याम कटारिया, जगदीश पंवार, पंकज शर्मा आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।



## Water Isn't Always Wet

Contrary to what we've always believed, water itself isn't technically "wet." Wetness is a description of how a liquid interacts with a surface-it's a sensation or condition, not a property of the liquid. Water molecules cling to other surfaces, making them feel wet, but the molecules themselves don't experience wetness. In fact, in a pure form or in zero gravity, water beads up and doesn't coat anything-no wetness involved! So the next time someone says "water is wet," you can wow them with some cool chemistry-and maybe start a fun debate in the process. Science for the win!

#RECREATION

# Love Letters to Lost Hobbies

In a world obsessed with productivity, here's a reminder that doing something just for joy is reason enough.





- **"When was the last time you did something just because it made you happy"**

Not for a certificate. Not to upload it. Not to make money out of it. Just for you.

If you had to pause and think, chances are-you've shelved a hobby that once made your eyes light up.

Remember doodling in your notebooks? Scribbling song lyrics? Sketching, dancing, journaling, building things with your hands?

Where did all of that go?

- **The Disappearing Act**

Somewhere along the way, hobbies became "time-wasters." We got busier. More serious. We swapped curiosity for calendars and creativity for KPIs.

And yet-those old hobbies never really left. They're tucked away in a dusty box, a half-filled journal, an unopened app, a tune you still hum under your breath.

- **What If You Just… Started Again?**

No pressure. No goal. No "I must be good at this." Just the act of beginning.

Try this:

Sketch a silly face. Hum a tune you used to love.

Pick up that half-finished crochet project.

Write a haiku on a napkin.

You're not rusty-you're just out of practice. And no one's judging. Hobbies are about presence, not perfection.

- **Why It Matters**

When you do something just for fun:

- You slow down.
- Your mind stops spiraling.



- You remember what it's like to play.

And that? That's priceless.

- **Your Inner Child Is Cheering You On**

There's a version of you-maybe ten years old, barefoot and bright-eyed-who would be thrilled to see you dancing again. Or painting. Or building LEGO cities.

Make them proud.

Do the thing. Badly, beautifully, joyfully.

- **Just Start**

Your hobby didn't leave you behind. It's been waiting. Quietly. Patiently. For you to show up again.

So go on. Sketch. Strum. Bake. Write. Plant. Fold. Hum. Dance.

This is your love letter to a forgotten joy.

And it's time you wrote back.





The author in Tumkur, opposite the University, before a spot of masala ginger chai.

Interesting nuggets of information were shared with us. For example, there was a Sunday Church which was not being attended by enough faithfuls and hence a theological enquiry began. The Priest applied his thinking cap and, lo and behold, he had a brainwave. The Church then relocated to a Mall. The footfalls increased geometrically. The reason? Sunday shoppers, after trolley fulls of goodies for self and family, felt a twinge of guilt and this guilt led the holy to the Pulpit for a much-needed Sermon.



Shivakumara Swami, the famed spiritual leader of the Siddaganga Matha.



# TUMKUR : THEORY, THEOLOGY AND TATTLE



Mohan Sundar Rajan

A close friend once told me an interesting anecdote. He visited an acquaintance in a one-horse town. Pleasantries over, he confessed there was only boredom. His acquaintance had a katha (catechu) factory, a key ingredient in paan, a healthy Indian mouthfreshner.

My recent trip to Tumkur was intellectually stimulating, religiously, culturally, and gastronomically revealing. Thankfully, Tumkur was far ahead of the nondescript town that my poor friend visited.

Ananth Panth, with a Doctorate from JNU, informed me of a ten-day ICSSR Research Methodology Course being conducted by the Department of Studies and Research in Economics, Tumkur, in March. A serious student of Sociology, I was keen to be selected among the 30 Scholars by the prestigious University. So, I applied pronto.

When Dr. Jayaseela, Senior Professor in the Department, informed me that I was among the selected candidates, I was in seventh heaven. But first, some facts about myself. I am 70 years old, completed my Masters in Sociology in 1985 securing 1st rank in Bombay University. Unfortunately, I could not translate this academic success into a teaching job as I already had a position as a PRO in Tatas who graciously permitted me to further educate myself while working.

The allure of a good career and salary in the corporate world was too attractive to let go of. My wife Girija, whom I met during my Masters, supported me in this decision. Anirudh was already born and Janhavi was on her way. Filthy lucre was an important consideration in the scheme of things then.

Till the age of 70, I did well, setting myself up as an Independent Communications Media Relations Consultant running my own boutique firm, Paradigm Shift, A Division Of Ulyssys Promotions Pvt Ltd. After moving to Mysore enfamille, I was bitten again by the academic bug. While working from home, servicing select PR clients, I started the process of acquiring a PhD in Sociology from Mysore University.

That is how a nice guy like me landed in good old Tumkur.

For me, the trip was the best of times. From the word go, our creative juices started to flow, thanks to the superlative Faculty from different corners of the South including Pondicherry, Andhra Pradesh and other Universities. Research Scholars travelled all the way from faraway Jharkhand, Lucknow, there were some from Tumkur and quite a few Southern locations.

Every minute of our workday, we were taught gems of wisdom by the Faculty who's message was "it is difficult to be simple, but simple to be difficult." The value in research of clarity of thought, willingness to learn with humility and genuineness were qualities instilled into us as Research Scholars.

Interesting nuggets of information were shared with us. For example, there was a Sunday Church which was not being attended by enough faithfuls and hence a theological enquiry began. The Priest applied his thinking cap and, lo and behold, he had a brainwave. The Church then relocated to a Mall. The footfalls increased geometrically. The reason? Sunday shoppers, after trolley fulls of goodies for self and family, felt a twinge of guilt and this guilt led the holy to the Pulpit for a much-needed Sermon. As a subset in this line of reasoning, even before entering the Church, male shoppers, after choosing a costly iPhone for themselves, went through the reparative process of selecting a box of candy for their daughters.

More research gyaan came our way. Did we know an important result that could follow a divorce? The number of households doubles and electricity consumption increases as the separated individuals need to find new homes and hearths. These are universal, unspoken, and deeply personal aspects of family relationships and dynamics that a Research Scholar could study.

Yours truly also chipped in with a research topic that was liked by the Professor and peers. The idea I propagated was the differing effects on child rearing by maternal and paternal grandparents. I elaborated that infrequent rearing by the mother's parents might end up pampering the grandchildren while constant proximity to the grandchildren might result in a more disciplined upbringing by the paternal grandparents. One early evening, we students had spare time, so, I asked my peers to accompany me to Tumkur's famed Siddaganga Matha. However, some wanted to rest and others trooped off with excitement and enthusiasm, to catch the latest blockbuster.

This sprawling temple also known as Siddaganga Kshetra is a Lingayata monastery with an attached educational institution. This shrine was established by Sri Haradanahalli Gosala Siddeshwara Swamigalu in the 15th century. Shivakumara Swami, a spiritual leader and supercentenarian, joined the temple and became its head seer in 1941. Siddaganag Education Society was also founded by this Swami. The coveted *Padma Bhushan* was awarded to him by the Government of India in 2015.

We were then assigned a field report as part of our research assignment. The objective was to study the Anna Dasoha Program at Sri Siddalingeshwara Swami Temple Yedeyuru, a key pilgrimage site in Karnataka. The temple houses the Gaddige (tomb) of Tontada Siddhalinga Swami, a 15th-century Virashaiva saint, known for his spiritual teachings and the composition Shathsthala Jnana Saramrutha.

The temple features impressive Dravidian architecture with inscriptions, a grand Gopura, and a shrine for Veerabhadra Swamy. Several miracles are attributed to Siddalingeshwara Swami including the formation of the Siddaganga Kshetra and the legend of Kaggere, where he meditated inside an anthill for twelve years. Anna Dasoha, the offering of free food, is a religious practice at this shrine reflecting selfless service to humanity. No one goes hungry, regardless of caste, creed, or social status.

Our study threw up interesting facts. The devout visited monthly, every 6 months or even annually. For the quality and quantity of food, satisfaction levels of 5 (the highest) were reported. On the subject of hygiene, respondents indicated room for improvement. Most devotees expressed a strong willingness to volunteer their services for Anna Dasoha. At the ground level, devotees were required to return drinking water glasses even before the completion of their meals. Instead, they wanted to retain their drinking water glasses till the end of the meal. The turn around time after one hall of diners was fed, some person said, needed to be shortened for convenience of those waiting.

Overall, this was viewed as a positive experience, both spiritually and gastronomically.

At the end of the Research Methodology Program, we were each given a Certificate signed by Prof. M Venkateshwarlu, Vice Chancellor, Smt. Nahida Zam Zam, Registar, Dr. Jayaseela, Professor and Course Director and Dr. Muniraju M, Co-Director.

When I boarded 16535 Golgumbaz Express from Mysore to Tumkur, for most part of the 208 kilometre stretch, I was full of questions, doubts, anxiety as to what lay in store for a seeker of truth and travel experience, like me. When I sat in the 17325 Vishwamanava Express, which halted for only a brief 3 minutes on platform 2, with the help of the friendly catering staff just before it zipped away, I was reminded of lines 'From a Railway Carriage' by Robert Louis Stevenson. But I have taken the liberty of rewriting it to suit my Tumkur experience, with due apologies to the Scottish novelist, poet and travel writer.

**"Faster than fairies, faster than witches,**
**The Vishwamanava crosses hedges and ditches,**
**Here is a Scholar who first clambers and scrambles,**
**Gathering knowledge as he ambles,**
**Which turns to wisdom, some call it gyan,**
**Pleased as punch is Mohan our Scholarly man."**

rajeshsharma1049@gmail.com

## #VLOGS



Cauldrons of steaming rice evoking a sense of abundance … a bustling kitchen for the pious and hungry.



The author photographs his peers at the Sri Siddalingeshwara Swami Temple Yedeyuru, satiated and blessed post the Anna Dasoha.



The Research Scholars say cheese.




The Research Scholars partake of the holy offering along with the devotees.




Witness the first in first out method of storage of ingredients and the hyper clean environment, maintained rodent - free.



Prof Jayaseela and his colleagues, all part of the intellectually stimulating Faculty.



A car enters a ditch, a miraculous escape for its inhabitants, maybe they had steered away from the holy path.



The placid lake by the side of the Jain temple.

#INSIGHT

# Mughal Fashion as a Political Language

## Beyond Power Dressing - The Cultural Alchemy of a Dynasty

When Babur, the founder of the Mughal empire, marched into Hindustan in 1526, he brought with him not just armies and artillery but also a wardrobe stitched in the threads of Central Asian tradition. Robes lined with fur, tall Astrakhan hats, and heavy cloaks suited for the chill winds of Ferghana were hardly made for the searing plains of the Indian subcontinent. But over generations, something curious happened-both on the throne and in the closet.

The Mughal emperors, often remembered for their conquests and colossal architecture, were also astute weavers of cultural identity. Their gradual adoption of Indic garb-jamas, dhotis, angarkhas, and turbans-was not just sartorial adaptation but a sophisticated, symbolic act of political and cultural assimilation. What began as a royal fashion experiment evolved into a visual declaration of belonging, a conscious refashioning of power.



### Clothes Make the Emperor


For Akbar, the third emperor and arguably the most politically savvy of them all, fashion was diplomacy woven in silk. A great proponent of sulah-e-kul (universal peace), Akbar didn't just marry Rajput princesses-he wore their culture. He frequently donned Hindu-style turbans, participated in Hindu festivals, and even took to wearing the tilak during court ceremonies. His wardrobe mirrored his ideology: inclusive, syncretic, and strategic.

Historical records, including those from Abul Fazl's Ain-i-Akbari, describe in detail how Akbar blended Persian, Turkic, and Indian aesthetics. The fusion wasn't just skin-deep; it extended to fabric choice, tailoring, and even court etiquette. The court's garments often combined Central Asian layering with the elegance and lightness of Indian cottons and muslins. Akbar even set up royal karkhanas (workshops) to create unique textiles, commissioning weavers from across India.

### The Politics of a Pajama

Was this just clever politics? Certainly. But it was also something subtler-a sign that the Mughals were not simply ruling over India, they were slowly becoming Indian.

Jahangir, Akbar's son, took the Indo-Persian aesthetic to new heights, luxuriating in rich brocades and embracing more Indian silhouettes. His fondness for Indian flora, fauna, and attire is evident in his memoirs and the miniature paintings of his court. He wore jamas with tight bodices and flared skirts, often paired with Rajasthani turbans and pearl-embroidered slippers. These weren't costumes of a foreigner-they were the garb of a hybrid elite, culturally at home in Hindustan.



### Shah Jahan and the Sartorial Golden Age

Under Shah Jahan, Mughal fashion reached peak opulence. Known for his architectural vision (think: the Taj Mahal), he also had a flair for clothing as theatre. His court became a visual spectacle of power and refinement. Portraits from this era show garments encrusted with jewels, robes dyed in rare hues, and intricately patterned jamdani weaves from Bengal. Significantly, the emperor's attire often set trends across the subcontinent. Royal fashion filtered down to the nobility and then to the merchant class, creating a ripple effect. Tailors adapted imperial styles for the masses, leading to a complex fashion ecosystem where cultural exchange played out in hems, cuffs, and collars.



### Dressing for a New Identity


The Mughal adoption of Indian dress was not a shallow pageant of inclusion, but part of a deeper cultural negotiation. Over generations, the emperors' identities transformed-from conquerors in exile to emperors with roots in the land they ruled. Their clothing reflected this evolution: it softened the lines between "us" and "them", presenting an image of authority that was both foreign and familiar.

This hybrid visual identity also influenced art, language, cuisine, and court rituals. Persian might have remained the language of administration, but the idioms were increasingly Indian. Likewise, the garments were stitched in Delhi and Lahore, dyed in Ahmedabad, and embroidered in Kashmir.

### More Than Just Fabric

The story of Mughal fashion is more than a tale of changing trends. It's a mirror to the empire's soul. In every pleat and pattern, there's a record of cultural negotiation, of power reimagined through silk and symbolism. Today, the Mughal aesthetic survives not just in museums and history books, but in bridal couture, handloom revivals, and even Bollywood costume design. Each time a designer invokes the "Mughal look," they're not just evoking luxury-they're referencing a centuries-old story of identity, diplomacy, and transformation. Because sometimes, the clothes really do make the emperor.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# केमिकल चोरी कर लाखों का अवैध धंधा करने का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

## होटल में दबिश देकर केमिकल से भरे पांच दर्जन से अधिक ड्रमों को जब्त किया

**सादुलपुर, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर पुलिस ने एक होटल में दबिश देकर केमिकल से भरे पांच दर्जन से अधिक ड्रमों को जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। पुलिस ने लाखों की लागत का केमिकल बरामद किया है।

थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि रोही गांव डोकवा एन.एच. 52 पर स्थित एक होटल का मालिक संदीप पुत्र हरि सिंह जाट अवैध ज्वलनशील पदार्थ केमिकल का धंधा करता है। ज्वलनशील पदार्थ केमिकल टैंकर चालकों के साथ मिलकर चोरी कर भंडारण कर बेचने का धंधा करता है, जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर होटल में दबिश दी, जहां काफी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ केमिकल के भरे हुए तथा खाली प्लास्टिक के ड्रम है, जिनमें से बदबू आ रही थी। पुलिस ने मौके से केमिकल के भरे हुए 12 ड्रम सहित एक ड्रम आधा करीब 100 लीटर भरा हुआ था तथा 65 ड्रम खाली थे, इसके अलावा ड्रम के ढक्कन खोलने और बंद करने की लोहे की दो चाबी भी बरामद की है। थाना अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी संदीप कुमार केमिकल से भरे वाहनों के चालकों से मिलीभगत कर तथा केमिकल चोरी कर बिक्री करने के धंधा करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



केमिकल चोरी कर भंडारण करने के आरोप में होटल मालिक को गिरफ्तार किया।


- गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पुलिस ने दो अलग-अलग मामले किए दर्ज
- पुलिस ने खाली ड्रम सहित इलेक्ट्रॉनिक कांटे,चाबी, वायर, पाइप जब्त किए

थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि होटल का मालिक संदीप के खिलाफ एक अन्य मामला भी दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान अंतर्गत जांच में पता चला कि होटल के पीछे आरोपी के खेत में काफी मात्रा में अवैध ज्वलनशील पदार्थ केमिकल भंडारण की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि होटल के पीछे खुली जगह में काफी संख्या में प्लास्टिक के भरे व खाली ड्रम हैं तथा ड्रम के पास केमिकल मिलाने वाली इलेक्ट्रिक मशीन में वायर एक पेट्रोल से चलने वाला जनरेटर मशीन सफेद रंग की पाइप, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, ड्रम के ढक्कन खोलने व बंद करने की लोहे की दो चाबियां, एक सफेद एक काले रंग की पाइप पड़ी हुई है। मौके पर एक व्यक्ति जिसका नाम पता-पूछा तो अपना नाम अनूप पुत्र बलबीर सिंह जाट निवासी पटौदी थाना तोशाम जिला भिवानी हरियाणा होना बताया तथा बताया कि यह होटल उसके मामा के लड़के संदीप का है तथा इन ड्रामों में केमिकल है, जिसको खरीदने और बेचने का काम संदीप करता है तथा उसका इस धंधे से कोई लेना-देना नहीं है। वह तो आज ही होटल पर आया है।

थाना अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी संदीप कुमार बिना किसी लाइसेंस और परमिट के तथा यह जानते हुए भी की टैंकर चालक चोरी करके केमिकल बेचते हैं, उनके साथ मिलकर टैंकर से केमिकल चोरी करना व चोरी का केमिकल खरीदकर इतनी मात्रा में अवैध ज्वलनशील केमिकल का भंडारण कर मानव जीवन के लिए संकट उत्पन्न करना व बेचने का धंधा करने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# तीन कपड़ा इकाईयों में आग लगने से लाखों का नुकसान

## तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, आग की लपटें दूर-दूर दिखी



बालोतरा के बिठूजा औद्योगिक क्षेत्र भैरजी की बाड़ी इलाके में आग से तीन कपड़ा इकाईयां जलकर राख हो गई।

**बालोतरा, (नि.सं.)।** बालोतरा के बिठूजा औद्योगिक क्षेत्र भैरजी की बाड़ी इलाके में आग लगने से तीन कपड़ा इकाईयां जलकर राख हो गई। आग से धुपाई इकाईयों में अडाण पर सूख रहा लाखों रूपयों का कपड़ा जल गया।

जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम को चार बजे के आस-पास लूणी नदी किनारे एक फैक्टरी में आग लगी। तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें दूर-दूर दिखी। इस दौरान कपड़ा इकाईयों में काम कर रहे मजदूरों ने भाग कर जान बचाई। वहीं आसपास के लोगों ने दमकल और प्रशासन को सूचना दी। स्थानीय निवासी रावताराम माली ने बताया कि मजदूरों के जरिये सूचना मिली कि भैरजी की बाड़ी क्षेत्र में तीन फैक्ट्रियों में आग लगी है। जिस पर मेरे द्वारा जिला प्रशासन और दमकल को सूचना दी तथा आस-पास के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। यहां पर पहुंचे तो तीन फैक्ट्रियों में अडाण पर सूख रहा कपड़ा धू-धू कर जल रहा था।

- कपड़ा इकाईयों में काम कर रहे मजदूरों ने भाग कर जान बचाई, दमकल ने आग पर काबू पाया

बाद में मौके पर पहुंची दमकलों ने बारी-बारी से तीन इकाईयों में लगी आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे पचपदरा तहसीलदार गोपीकिशन पालीवाल ने बताया कि तीन धुपाई इकाईयों में आग से बड़ा नुकसान हुआ है, जिसका आकलन किया जा रहा है। दमकलों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया जिससे आग अन्य इकाईयों में आग नहीं फैली।

सीईटीपी बिठूजा के सदस्य संदीप ओस्तवाल और नेनाराम सुंदेशा ने बताया कि आग से बड़ा नुकसान पहुंचा हैं, स्थानीय लोगों, प्रशासन और दमकलों के सहयोग से आग पर काबू पाया। आग से लाखों रूपए खर्च करने पर अडाण तैयार होता है वो जल गया, व्यापारियों का कपड़ा धुपाई के लिए यहां आया था वो भी जल गया। ट्रस्टी भूराराम बेनीवाल, अमराराम सुंदेशा, श्रवण सुंदेशा, नेमीचंद माली सहित बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे।

# डॉ. मनजीत सिंह का ऑस्ट्रेलिया अवॉर्ड फैलोशिप के लिए चयन

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले के भैसावता खुर्द गांव के डॉ. मनजीत सिंह धनखड़ का चयन ऑस्ट्रेलिया अवार्ड फैलोशिप के लिए हुआ है। डॉ. धनखड़ उदयपुर के महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मृदा एवं जल अभियांत्रिकी विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत है एवं राजस्थान सरकार द्वारा गठित जल नीति निर्धारण समिति के सदस्य भी हैं।

जल प्रबंधन एवं संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. मनजीत सिंह सहित भारत के कुल छह जल विशेषज्ञों को अतिप्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलिया अवार्ड फैलोशिप के लिए चयन हुआ है। ये सभी जल विशेषज्ञों ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रस्थान किया। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मामलात व ट्रेड विभाग की ओर से प्रदत्त इस अंतरराष्ट्रीय फेलोशिप स्टडी को इंस्टीट्यूट फॉर स्टडी एंड डवलपमेंट वर्ल्ड वाइड, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी तथा ऑस्ट्रेलिया इंडिया वाटर सेंटर मिलकर आयोजित कर रहे हैं। डॉ. बसंत



डॉ. मनजीत सिंह धनखड़

माहेश्वरी, डॉ. बसुंधरा भट्टराई के नेतृत्व एवं डॉ. निक शोफिल्ड, डॉ. रोजर पेकहैम के संयोजन में यह फैलोशिप 14 अप्रेल से होगी। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने बताया कि यह फैलोशिप विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है, जिसके तहत राजस्थान में जल प्रबंधन एवं संरक्षण के क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा। अवार्ड फैलोशिप के तहत भारत के काटली नदी, आयड़ एवं बेडच बेसिन, ऑस्ट्रेलिया के हॉक्सबरी-निपीन, हंटर वैली, विंगेकेरेबी, वोलोंगोंग जल ग्रहण क्षेत्रों में वाटरशेड में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों पर मिलकर अध्ययन करेंगे। विश्व के 13 विशेषज्ञ जल प्रबंधन एवं संरक्षण, शहरी जल आपूर्ति प्रबंधन, वर्षा जल गुणवत्ता, बाढ़ प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन ग्रामीण-शहरी जल प्रबंधन, जल सुरक्षा, जल संशोधन, नदियों को पुनः जीवन, पर्यावरणीय प्रवाह इत्यादि विषयों पर गहन अध्ययन व परस्पर सीख से समग्र प्लान बनाएंगे। डॉ. मनजीत सिंह ने कहा कि राजस्थान के नदी बेसिनों के विकास व संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. मनजीत सिंह धनखड़ की पत्नी डॉ. उर्मिला धायल भी महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय गेहूं एवं जौ सुधार अनुसंधान परियोजना में कार्यरत है।

# सोसाइटी सचिव गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** सुखेर थाना पुलिस ने सोसाईटी सचिव को युवती के साथ मारपीट करने पर शांति भंगकरने के आरोप में गिरफ्तार किया।

शहर के सुखेर थाना क्षैत्र में भुवाणा स्थित ईडर कोर्ट कॉम्प्लैक्स में रहने वाली आफरीन जहां पुत्री मो. इदरीस सी ब्लॉक इडर कोर्ट कॉम्प्लेक्स भुवाणा ने सोसाईटी सचिव अरशद शेख पुत्र इब्राहिम शेख के खिलाफ मारपीट करने का प्रकरण दर्ज करवाया। मामले में प्रकरण दर्ज होने परसुखेर थानाधिकारी रविन्द्र चारण के नेतृत्व में एएसआई खुमाणसिंह ने मौके पर पहुंच कर आरोपी अरशद को शांतिभंग करने के आरोपी में गिरफ्तार किया।

# लखावत ने आउवा पैनोरमा का अवलोकन किया



राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने सत्याग्रह उद्यान स्थित शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

**पाली, (निसं)।** राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने रविवार को मारवाड़ जंक्शन के आउवा के कामेश्वर महादेव मंदिर स्थित सत्याग्रह उद्यान स्थित शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को दीप प्रज्वलित कर फूलों द्वारा श्रद्धांजलि दी। उन्होंने 1857 में शहीद हुए शहीदों की श्रद्धांजलि सभा में हिस्सा लिया। उन्होंने सामूहिक बलिदान करने वाले वीरों एवं 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए वीरों और आउवा की वीरता का बखान किया। साथ ही उन्होंने सत्याग्रह उद्यान के रखरखाव के लिए सुझाव प्राप्त कर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम पश्चात मेहमानों का स्वागत समारोह आयोजन कर वीरों की वीरता के बखान में लिखित "नमन करु सौ बार आऊवा धर कण ने" गीत बजाया गया, देवल मां का आशीर्वाद लिया। लखावत कार्यक्रम के पश्चात मेला चौक स्थित 1857 स्वतंत्रता संग्राम पैनोरमा स्थल पहुंचे और पैनोरमा देखा। साथ ही इतिहास बताया, पैनोरमा के रखरखाव के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किये। इसके पश्चात उन्होंने मां सुगाली के दर्शन कर प्रस्थान किया। इस अवसर पर एसडीम महावीर सिंह जोधा, नायब तहसीलदार, थाना अधिकारी चैतराराम, पूर्व सरपंच, प्रशासक, योगेश्वरी, केसर सिंह सहित आउवा के प्रबुद्धजनों सहित कई जने उपस्थित रहे।

- ओंकार सिंह लखावत ने 1857 के शहीदों की श्रद्धांजलि सभा में हिस्सा लिया

# बिजली के पोल से बाइक टकराई, एक घायल

## बाइक सवार युवक को गंभीर हालत में झुंझुनूं रैफर किया



घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया।

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी थाना क्षेत्र के निजामपुर मोड़ पर रविवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। इस दौरान हादसे में बाइक सवार घायल हो गया, जिसकी हालत गंभीर होने पर उसे झुंझुनूं रैफर कियाा है।

जानकारी के अनुसार मानोता कलां निवासी फिल्मी लुहार (35) पुत्र फुटर लुहार अपने घरेलू काम से बाइक पर खेतड़ी आया था। जब वह करीब नौ बजे वापस लौट रहा था तो निजामपुर मोड़ पर पंहुचने पर अचानक उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया। इस दौरान बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे के दौरान आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा घायल युवक को उठाया। हादसे की सूचना पर 108 एंबुलेंस के पायलट सतीश मान व ईएमटी राहुल चौधरी मौके पर पहुंचे तथा घायल बाइक सवार को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसका पैर फ्रैक्चर होने पर गंभीर हालत में उसे झुंझुनूं जिला अस्पताल रैफर कर दिया। हादसे की सूचना पर निजामपुर मोड़ चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई।

# महाराष्ट्र के गृह मंत्री डॉ. पंकज भोयर झुंझुनूं आए



महाराष्ट्र के गृह रूरल, हाउसिंग, स्कूली शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर झुंझुनूं पहुंचे।

**झुंझुनूं, (निसं)।** महाराष्ट्र के गृह रूरल, हाउसिंग, स्कूली शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर दो दिन के शेखावाटी के दौरे पर रहे। पहले दिन उन्होंने खाटूश्यामजी और दूसरे दिन सालासर बालाजी के दर्शन किए।

उनके साथ उनकी पत्नी शीतल भोयर और मित्र भाजपा नेता सुरेश भूकर भी थे। सालासर दर्शन के बाद मंत्री डॉ. भोयर झुंझुनूं पहुंचे। जहां पर अग्रसेन सर्किल स्थित विधायक जनसेवा केंद्र में विधायक राजेंद्र भांबू और युवा नेता सचिन भांबू के नेतृत्व में स्वागत किया गया। करीब एक घंटे तक मंत्री डॉ. भोयर तथा विधायक भांबू के बीच बातचीत हुई। जिसमें डॉ. भोयर ने राजस्थान सरकार और झुंझुनूं जिले के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इसके बाद डॉ. भोयर चिड़ावा भी अपने मित्र भाजपा नेता सुरेश भूकर के निवास पर रूके। जहां पर भी उन्होंने भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर समेत अन्य भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें महाराष्ट्र आने का न्यौता दिया। चिड़ावा पहुंचने पर मंत्री डॉ. पंकज भोयर ने सबसे पहले पूर्व पार्षद व भाजपा नेता सुरेश भूकर की मां संतोष देवी का आशीर्वाद भी लिया। इस मौके पर सुरेश भूकर की पार्षद पत्नी सरिता, बेटी ऐंजल भूकर, देवरोड़ सरपंच अनूप नेहरा, दीपक, मुकेश खंडेलवाल, मोहित तामड़ायत आदि भी मौजूद रहे। डॉ. भोयर ने बताया कि यह उनकी निजी यात्रा थी। उन्होंने परिवार सहित खाटूश्यामजी और सालासर के दर्शन के अलावा झुंझुनूं में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

- सालासर और खाटूश्यामजी दर्शन के बाद झुंझुनूं पहुंचे

# पुलिस ने दबिश देकर 394 अपराधी गिरफ्तार किये

**उदयपुर, (निसं)।** शहर पुलिस ने इनामी बदमाशों एवं हिस्ट्रीशीटरों सहित अन्य अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पांच सौ पैतालीस स्थानों पर दबीश देकर इनामी बदमाश, हिस्ट्रीशिटरों सहित 394 अपराधियों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर शहर में अपराधिक घटनाओं की रोकथाम, मुकदमों में वांछित अपराधियों की धरपकड़ एव रेड तथा एरिया डोमिनेंस की कार्यवाही करने के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, अंजना सुखवाल, के सुपरविजन में जिले के सभी उप अधीक्षको के सुपरविजन में सभी थानाधिकारियों के नेतृत्व में 120 से अधिक पुलिस टीमों में जिले के 450 से अधिक पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने रविवार तडके 545 से अधिक स्थानों पर दबीश दी। इस दौरान आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आकारी अधिनियम, हत्या, लूट, डकैती सहित जघन्य अपराधों में वांछित 14 अभियुक्त, एक इनामी अभियुक्त, 65 स्थाई वारंटी, 31 गिरफ्तारी वारंटों का निस्तारण किया गया। इस दौरान 23 हिस्ट्रीशिटरों को भी चैक कर पूछताछ की गई।

# झुंझुनूं में चलता है गरीबों का अस्पताल, परामर्श, जांच, दवा सब फ्री

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं जिले में एक ऐसा अस्पताल संचालित हो रहा है, जहां पर सरकारी और प्राइवेट चिकित्सक हर दिन दो घंटे तक मरीजों को ना केवल फ्री परामर्श देते हैं, बल्कि सामान्य जांचें और दवा तक फ्री मिलती है। इस अस्पताल को गरीबों का अस्पताल के रूप में पहचाना जाता है, जहां पर सरकारी व निजी अस्पतालों से जुड़े करीब 10 डॉक्टर और 15 चिकित्साकर्मी रोजाना दो घंटे मरीजों का इलाज करते हैं। सामान्य जांच और दवा फ्री है। बड़ी जांचें निजी केंद्रों पर नो प्रोफिट-नो लोस में करवाते हैं। जरूरतमंद मरीज को उधार में मेडिकल उपकरण भी मुहैया करवाते हैं।

झुंझुनूं शहर में ईदगाह के नजदीक एनजीओ मेडिकल सर्विस सोसायटी की ओर से अनूठा अस्पताल संचालित होता है। इस पॉलिक्लिनिक से अब तक 30 डॉक्टर और 42 चिकित्साकर्मी जुड़ चुके हैं जो सभी निशुल्क सर्विस देते हैं। रोटेशन के हिसाब से हर डॉक्टर की चौथे दिन ड्यूटी लगती है। यह क्लिनिक रोजाना शाम को दो घंटे ही खुलता है, लेकिन इस दौरान औसतन 50 से अधिक मरीज इलाज करवाने आते हैं। इसमें रोजाना पांच से दस डॉक्टर शाम के समय पांच से सात बजे तक रोटेशन के अनुसार अपनी निशुल्क सेवाएं देते हैं। रोगी को जहां तक संभव है, दवा फ्री दी जाती है। जरुरतमंद लोगों के प्रति सेवा भाव को देखते हुए कई सामाजिक संगठन भी इस सोसायटी की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। लायंस क्लब झुंझुनूं, महावीर इंटरनेशनल झुंझुनूं ने भी मेडिकल उपकरण उपलब्ध करवाए हैं। यहां पर इलाज करवाने के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भी किसी तरह के महंगे इलाज की झिझक नहीं होती और अपनी बीमारियों को खुलकर चिकित्सकों के सामने रखते है।



अस्पताल में चिकित्सक मरीजों का नि:शुल्क ईलाज करते है।

कोरोना काल में हुई थी प्रारंभिक तौर पर ऐसे शुरूआत:- इस प्रोजेक्ट की शुरुआत करने वाले समाजसेवी जाकिर सिद्दीकी ने बताया कि कोरोना काल में अस्पतालों में गरीबों को न बेड मिल रहे थे और न ऑक्सीजन। इलाज के अभाव में लोगों की सांसें टूट रही थी। वे मेडिकल लाइन से जुड़े हुए है। इसलिए यह दर्द उन्होंने खुद महसूस किया। तब यह आइडिया आया कि क्यों न जरूरतमंदों को उधार में मेडिकल उपकरण उपलब्ध करवाएं। साथियों से चर्चा की तो सभी ने सहमति दी और सहयोग का भरोसा दे दिया। तब 30 अक्टूबर 2020 को सिम्पैथी प्रोजेक्ट की शुरुआत कर दी। मेडिकल सर्विस सोसायटी गंभीर बीमारों को उधार में निशुल्क उपकरण मुहैया कराती है। प्रोजेक्ट के संयोजक जाकिर सिद्दीकी के अनुसार ऑक्सीजन सिलेंडर, कंस्ट्रक्टर मशीन, बेड, व्हील चेयर, कोफिन डी-फ्रीज, कमोड चेयर, नेबुलाइजर मशीन, डीएनसी टेबल, सक्शन मशीन, स्ट्रेचर, वॉकर, वॉटर बेड व एयर बेड जैसेउपकरण नाममात्र का चार्ज लेकर उपलब्ध करवाते हैं। यह चार्ज रोज का 5 से 10 रुपए है। ताकि मुफ्त का भाव नहीं आए। उपकरण वापस लौटाने पर लिया गया शुल्क भी लौटा दिया जाता है। सोसायटी की ओर से शेखावाटी के तीनों जिलों में अब तक 450 से अधिक लोगों को मेडिकल उपकरण मुहैया कराए जा चुके हैं।

- रोज दो घंटे सरकारी और प्राइवेट चिकित्सक मरीजों का निशुल्क इलाज करते हैं

सोसायटी से जुड़े डॉ. आरिफ मिर्जा व डॉ. अनीस ने बताया कि कोरोना काल में अस्पतालों में हालात भयावह थे। हम सबने देखा-कैसे लोगों की सांसें टूट रही थी। उसी दौरान झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी फकरू बेग मिर्जा ने अपनी कौम के डॉक्टरों से कहा-जब मुंबई में कई ट्रस्ट फ्री इलाज कर सकते हैं तो हम झुंझुनूं में क्यों नहीं? इसी सवाल ने 15 अगस्त 2021 से इस अनूठे क्लिनिक की शुरुआत करवा दी। प्रारंभ में तीन डॉक्टर और 6 चिकित्साकर्मियों ने गरीबों के इलाज का बीड़ा उठाया। बाद में देखते ही देखते डॉक्टर व चिकित्साकर्मी जुड़ते गए। आज इस क्लिनिक से 30 डॉक्टर और 42 चिकित्साकर्मी जुड़े हुए हैं। कारवां बढ़ता जा रहा है।एमएसएस पॉलिक्लिनिक के संयोजक डॉ. मोहम्मद असलम ने बताया कि अस्पतालों में भीड़ रहती है। जो दिहाड़ी मजदूर शाम को मजदूरी करके सरकारी अस्पताल पहुंचते तब चिकित्सा सुविधा नहीं मिलती। ऐसे लोगों को शाम के समय दो घंटे चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए एमएसएस पॉलिक्लिनिक शुरू किया गया। सेवाभावी लोग इससे जुड़ रहे हैं।

## संक्षिप्त

### हनुमान जयंती पर निकली शोभा यात्रा

**सांभरझील, (निसं)।** यहां सिंघानिया मोहल्ला स्थित खेड़ापति बालाजी मंदिर से हर वर्ष की भांति हनुमान जी के जन्मोत्सव के मौके पर विशाल शोभा यात्रा डीजे के साथ नाचते गाते निकाली गई। शोभा यात्रा में परंपरागत तरीके से खेड़ापति बालाजी की फूल बंगला झांकी सजाई गई। शोभा यात्रा में सैकड़ो बच्चों ने जयश्री राम लिखी ध्वज पताका लहराते हुए उत्साह के साथ भाग दिया। इससे पहले मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर सुंदरकांड व महाआरती का आयोजन भी किया गया। शोभा यात्रा सीता सागर रोड, नया बस स्टैंड पंच बत्ती चौराहा, तेली दरवाजा रोड, बड़ा बाजार होते हुए पुन गंतव्य स्थल पर पहुंचकर पूजा अर्चना के बाद संपन्न हुई। शोभायात्रा में राजेंद्र आसीवाल, दिनेश शर्मा, राम सिंह बत्रा की तरफ से भजन गाए गए। शोभा यात्रा में खेड़ापति बालाजी समिति से जुड़े अनेक पदाधिकारी व सदस्यों के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। वकील सुनील शर्मा ने बताया कि श्री गोपाल गोशाला के अध्यक्ष मुन्नाजी की तरफ से सभी शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को कोल्ड्र क्रीम वितरित की गई।

### मनजीतराम को उत्तराधिकारी नियुक्त किया

**निवाई।** गांव भांवती में स्थित श्री निरंजनी अद्वैत सेवा संस्थान में चादरपोशी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्वामी जगदीशराम महाराज ने उत्तराधिकारी के रूप में अपने शिष्य मनजीतराम महाराज को चादर ओढाकर नियुक्त किया है। रात्रि में सत्संग का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बबाइचा आश्रम अजमेर के पीठाधीश महामंडलेश्वर संतोषदास महाराज एवं विशेष अतिथि भोजपुरा आश्रम से गुरुगादीपति गिरधारीराम, सदाराम, सत्यानंद, संतराम, बालकदास के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक रामसहाय वर्मा सहित कई भक्तों ने संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में राजेश विद्यार्थी वृत्ताधिकारी टोंक व थानाधिकारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम ने मेहन्दवास थाने में दर्ज पोक्सो एक्ट प्रकरण में 10 माह से फरार वांछित आरोपी हंसराज उर्फ रामखिलाड़ी पुत्र गोरधान जाति मीणा निवासी मीणा की झोपडिया बनेठा थाना को गिरफ्तार किया। जिस पर 2500 हजार रूपये का ईनाम था तथा वह शातिर किस्म का अपराधी था तथा बार बार मोबाईल सिम व अपना नाम पता बदलकर अलग-अलग जगह छुपकर रह रहा था, जिसको टीम द्वारा सोनवा कट टोंक से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया, जिसको बाद तफतीश न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

### कार्य का समय परिवर्तित

**अलवर।** महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यरत श्रमिकों का कार्य समय 16 अप्रैल से आगामी आदेशों तक प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक (विश्राम काल रहित) किया गया है। जिला कलक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि यदि कोई श्रमिक समूह से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह किये गये कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टरोल में अंकित टास्क प्रपत्र में इन्द्राज करवाने एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर के उपरान्त कार्य स्थल छोड सकता है।

# मन में कोई शंका मत करो, सब मिलकर विकास की बात करें : मंत्री भूपेंद्र यादव



किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत दोगडा के स्कूल में सांसद संपर्क संवाद यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सम्बोधित किया।

**किशनगढ़ बास।** केंद्र सरकार में मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव रविवार को दुसरे दिन किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के गांव दोगडा के राजकीय उच्च माध्यमिक पर सांसद संपर्क संवाद यात्रा लेकर पहुंचे। यहां उन्होंने दोगडा सहित बाघोडा मुसाखेडा चोरबसई बसगपुर पंचायत के लोगों से सीधे रूबरू हुए और उनके दर्द को सुना और कहा डिजिटल ज्ञान के बिना दुनिया में कुछ चलने वाला नहीं है। उन्होंने स्वागत के दौरान कहा मेरे स्वागत के लिए फूलमाला ना लाये मुझे पुस्तके देवे। स्वागत के रूप में मिली पुस्तको को मंत्री ने स्कूल प्रधानाचार्य को सौपी और कहा कि ये पुस्तके लाइब्रेरी में रखे जिससे बच्चे इन किताबों को पढ़ सके।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा चुनाव में मन में गलत फहमी डाली गई थी कि आएंगे नहीं आएंगे तो हमारे गांव में नहीं आएंगे। आपने समर्थन दिया जितना भी दिया कम दिया ज्यादा दिया आपके आशीर्वाद से सांसद बनकर सेवा करने के लिए आपके बीच उपस्थित हुआ हूं। इसलिए किसी को भी बताने की जरूरत नहीं है और मन में शंका मत करो वोट डलने थे डल गए अब सब मिलकर विकास की बात करो। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने जिले में चल रहा 'सेहत मंद खैरथल' अभियान की जानकारी दी और बताया कि जिले के 152 ग्राम पंचायतों में से 77 ग्राम पंचायते टीबी मुक्त हो चुकी है। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से दौगड़ा ग्राम पंचायत के निकट रईन में एनिकट बनवाने एवं दौगडा के राजकीय विद्यालय में साईंस फैकल्टी खुलवाने की मांग की। मोठूका मंडल अध्यक्ष राजकुमार ने बताया इस अवसर पर संवाद यात्रा प्रभारी किशनगढ़बास भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनोज मित्तल, जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, अंजली यादव, अशोक यादव, जमील खान, पूर्व अध्यक्ष छोटेलाल यादव, इंद्र यादव, बलविंदर सिंह, सुरेंद्र जाटव, आदि नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके बाद यात्रा गांव नांगल सालियां व तिजारा के गांव कमालपुर में पहुंची जहां तिजारा विधायक महंत योगी बालक नाथ, भिवाड़ी एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सांसद संपर्क संवाद यात्रा के दौरान राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा के अध्यक्ष सुल्तान सिंह यादव, जय प्रकाश सेन, कैलाश गौड़ ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को पेंशनर्स के हितों पर कुठाराघात से संबंधित सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने के संबंध में ज्ञापन सौंपा है।

**सांसद सम्पर्क यात्रा दोगडा के सरकारी स्कूल पहुंची**

### 'बिना सत्यापन श्रमिक रखने पर होगी कार्यवाही'

**मालपुरा (निस)** अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक मोटाराम बेनिवाल ने व्यापारियो,ठेकेदारों एवं उद्योगपतियों को बिना पुलिस सत्यापन के श्रमिक रखने पर पुलिस कार्यवाही की चेतावनी दी। रविवार को एएसपी बेनिवाल ने पुलिस वृत्ताधिकारी आशीष प्रजापत को लिखित मे आदेशित करते हुये कहा कि कुशल एवं अकुशल श्रमिकों का व्यापारी समय-समय पर पुलिस सत्यापन करवाना अनिवार्य किया जाये। एएसपी बेनिवाल के जारी आदेशों मे बताया कि अधिकांश स्थानो पर बिना किसी सत्यापन के संविदा पर श्रमिको को मालपुरा क्षेत्र में रखे जाने की शिकायते मिल रही है। ऐसे में पुलिस वृत्ताधिकारी को निर्देशित कर श्रमिको का समय-समय पर सत्यापन रवाकरवा पहचान दस्तावेज रखे।

# समाज शिक्षित होगा तो आगे बढ़ेगा : बाबूलाल जांगिड

**निवाई।** भगवान विश्वकर्मा मंदिर में रविवार को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में नायब तहसीलदार से तहसीलदार के पद पर पदोन्नत हुए बाबूलाल जांगिड़ रानोली का तहसील अध्यक्ष नारायणलाल जांगिड़, विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद जांगिड, विकास समिति संरक्षक मोहनलाल कारपेंटर, तहसील सभा महामंत्री रामविलास जांगिड़ व भामाशाह राधेश्याम जांगिड़ हरभगतपुरा ने राजस्थानी परंपरानुसार माल्यार्पण एवं साफा बंधवाकर स्वागत किया। मुख्य वक्ता तहसीलदार बाबूलाल जांगिड ने कहा कि समाज शिक्षित होगा तो निश्चित आगे बढ़ेगा। समाज संगठित होकर समाज के निर्धन बालक-बालिकाओं का सहयोग कर आगे बढ़ाए। उन्होंने कहा कि वह माता-पिता, गुरूजनों व समाज के सहयोग से इस तहसीलदार के पद पर पहुंचे है। विकास समिति संरक्षक मोहनलाल कारपेंटर ने कहा कि छात्रावास का निर्माण कार्य प्रगतिशील है।



निवाई के विश्वकर्मा मंदिर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करते हुए जांगिड समाज के पदाधिकारी।

# अलवर में बैशाखी पर्व धूमधाम से मनाया

**अलवर।** जिला पुरुषार्थी धर्मशाला समिति विवेकानंद चौक की ओर से बैशाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के 31 वयोवृद्ध गणमान्य समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

धर्मशाला समिति के अध्यक्ष प्रेम गांधी ने बताया कि इस समारोह में सभी बुजुर्गों समाजसेवियों को ही अतिथि बनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवियों के जीवन परिचय कराया गया और नई पीढ़ी को इनसे प्रेरणा लेने की बात कही।

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष राजेन्द्र आहूजा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सम्मानित होने वालों में समाजसेवी हरीश कालखेडा दौलत राम हजरती, चरणजीत सुनेजा, राजाराम सोनी, जगदीश गिज्जा अदलखा,के. एल. अरोड़ा, सतीश भाटिया, किशन लाल अदलखा, भगवान दास कथूरिया, लक्ष्मी चंद अरोड़ा, प्रीत पाल सिंह, बलजीत सिंह, इन्द्र गांधी, लखमी चंद, मनोहर झाम, सतीश अरोड़ा, हरिकिशन खत्री, अमीर चंद, रामचन्द्र अरोड़ा, तिलक राज, जवाहर मिनोचा आदि थे। अंत में संरक्षक दौलत राम हजरती ने कहा कि पुरुषार्थी समाज ने हर क्षेत्र में विकास किया है।

**समाज की ओर से युवाओं के स्किल डबलपमेंट और व उनकी शिक्षा सहित छात्रावास निर्माण पर जोर दिया**

अलवर में समाज की ओर से युवाओं के स्किल डबलपमेंट और उनकी शिक्षा सहित छात्रावास के नवीनीकरण पर जोर दिया जाएगा जिसके लिए रणनीति तैयार की जा रही है जिसमें सभी संगठन पदाधिकारी भाग लेंगे।

कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र अदलखा ने किया। इस अवसर पर राजेश खत्री, अनिल नकरा, गिर्राज बाली, मनोज आहूजा, प्रेम अरोड़ा, अशोक सोनी, प्रहलाद बत्रा, उत्कर्ष अरोड़ा, प्रियांश अरोड़ा, संदीप गौतम, अमित भाटिया ने बुजुर्गों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर बुजुर्गों ने अपने संस्मरण सुनाए। पुरुषार्थी धर्मशाला समिति की ओर से मीठे पीले चावल वितरित किए। अंत में अध्यक्ष प्रेम गांधी ने सभी का आभार जताया।

### अम्बेडकर जयन्ती आज

**टोंक।** जिले भर में आज विभिन्न संगठनों द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई जाएगी, इस मौके पर कई जगह रैली निकालाकर समारोह आयोजित किये जायेगे।

जिला मुख्यालय पर भी समारोह पूर्वक अंबेडकर जयंती मनाई जाएगी, इस दौरान शहर के प्रमुख रास्तों से होकर रैली निकालकर घंटाघर स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा एवं खेल स्टेडियम पर स्थित प्रतिमा को माल्यार्पण किया जाएगा, उसके बाद कृषि ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में जॉइंट कलेक्टर पद से रिटायर्ड ताराचंद आकोदिया द्वारा लिखी गई पुस्तक डॉ. अंबेडकर एक महान क्रांतिकारी एवं अर्थशास्त्री का विमोचन होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बाबा भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ (उत्तरप्रदेश) के पूर्व कुलाधिपति डॉ. प्रकाश बरतुनिया एवं राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के पूर्व कुलपति डॉ. श्यामलाल जैदिया होंगे। भीमसेना के जिलाध्यक्ष अशोक बैरवा ने बताया कि वाहन रैली बैरवा धर्मशाला से प्रारम्भ होकर बड़ा कुआं, पांच बत्ती, सुभाष बाजार, घंटाघर, अंबेडकर सर्किल पर बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी जहां 21 फीट लंबाई का झंडारोहण किया जाएगा।

# संत समागम का समापन 21 को

**पावटा।** बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा में आज से श्रीमदभागवत कथा व मानस प्रवचन का आयोजन होगा।

आयोजक भगवती देवी, विमल गर्ग, नवल गर्ग, केशव कमल गर्ग एवं बाबा भूतनाथ कमेटी जोहडा धाम संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, मामराज व अध्यक्ष विकास शर्मा, कमेटी पदाधिकारियों व सदस्यों ने बताया कि विधायक बालमुकुंदाचार्य महाराज, रीछपालदास महाराज, मंगलदास महाराज, ज्ञानदास महाराज, मंदिर महंत जयरामदास महाराज के कर कमलों द्वारा मंगल चंद पवन कुमार गर्ग कैलाश क्लॉथ स्टोर के पावन सान्निध्य एवं बाबा भूतनाथ मंदिर कमेटी पावटा के संयोजन में आज से सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा व मानस प्रवचन का वाचन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक पंडित अखिलेश्वरी देवी मानस माधुरी जालौन चित्रकूट धाम मध्यप्रदेश द्वारा किया जाएगा।

कथा प्रारंभ होने के पूर्व आज प्रातः 9:30 बजे से पावटा कस्बा सुभाष चौक स्थित केशव सदन धर्मशाला से कार्यक्रम स्थल बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा तक 2100 महिलाओं द्वारा शाही लवाजमे के साथ स्वास्थ्य शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, विधायक कुलदीप धनकड व प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की मौजूदगी में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी तथा 21 अप्रैल सोमवार को संत समागम व विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

वही बाबा भूतनाथ कमेटी अध्यक्ष विकास शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर बाबा भूतनाथ मंदिर में बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जायेगा।

इस मौके पर बाबा भूतनाथ कमेटी वरिष्ठ कार्यकर्ता रामवतार शर्मा, दिनेश शर्मा, मामराज स्वामी, जम्मन राठी, संतोष गुप्ता, सुशील गौड, गोपाल, अध्यक्ष विकास शर्मा, उपाध्यक्ष विनय गोयल, कोषाध्यक्ष जुगल सोनी, सचिव आकाश शर्मा, कार्यकर्ता लोकेश टांक, विनीत शर्मा, विजय शर्मा, अमन शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, कालूराम प्रजापत, अमित शर्मा, अमित बटवाल, अमित शर्मा, महेंद्र कुमावत, पूरण कुमावत, प्रदीप टांक सहित कमेटी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सैनी को मिला महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड

**श्रीमाधोपुर।** भाजपा ओबीसी नेता एवं जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता शाहपुरा (जयपुर) निवासी गुड्डू सैनी को महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान द्वारा विद्याधरनगर (जयपुर) में आयोजित राज्य स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह में महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले के विचारों को जन-जन तक पंहुचा कर सामाजिक क्षेत्र में शिक्षा का प्रचार -प्रसार,समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने जैसे उत्कृष्ट कार्य करने पर महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड(सम्मान )से सम्मानित किया गयाइस अवसर पर राजस्थान राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ,प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली, विधायक भगवानाराम, भागचंद सैनी, शोभा रानी कुशवाह मौजूद थी। संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष अनुभव चन्देल, प्रदेश महामंत्री पूनम कच्छवाह ने माला, साफा पहनाकर,शाल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण -पत्र दिया। महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड(सम्मान )मिलने पर नगरपरिषद सभापति बंशीधर सैनी, पूर्व प्रधान मंजु सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मालीराम सैनी सहित कई लोगों ने बधाई दी।

# योग से स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास होता है : अशोक गर्ग

**पावटा।** पावटा बिरादरी कोर कमेटी दिल्ली द्वारा रविवार को शालीमार मैट्रो स्टेशन के पास वजीर पुर इंडिस्ट्रियल एरिया रॉयल पेपर बैंक्वेट हॉल दिल्ली मे पारिवारिक मिलन समारोह व का आयोजन गणेश वंदना के साथ किया गया। उसके बाद पावटा बिरादरी से अशोक गर्ग द्वारा जीवन मे योग का महत्व बताते हुए योग के फायदे भी बताए गए। इस दौरान उन्होंने योग क्रियाऐं भी करवाई। इस अवसर पर अशोक गर्ग ने कहा की स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास होता है।

शरीर स्वस्थ रखने के लिए, योग करना आवश्यक है। आज के व्यस्त जिंदगी में लोग अपने शरीर पर ध्यान नहीं देते हैं जिससे वे बराबर अस्वस्थ रहते हैं। उन्होंने लोगों को अपने जीवन में योग को अपनाने की अपील की। वही नन्हे मुन्ने बच्चो द्वारा सितार वादन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन भी किया गया। वही मधुवन ग्रुप आर्ट दिल्ली द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन व भजनों की प्रस्तुति दी गई। वही पारिवारिक मिलन समारोह की इस वेला में सभी गाँववासियों के सक्रिय एवं उत्साहजनक सहयोग एवं सहभागिता से पारस्परिक संवाद के ज़रिए हमारे गाँव की उन्नति अथवा विकास के लिए और क्या कर सकते हैं इस पर विचार किया गया। वही उन्होंने बताया कि पावटा मोक्षधाम, गौशाला, विकास कार्यों को लेकर भामाशाहो सहित उपस्थित लोगो को प्रेरित किया। वही विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने पावटा बिरादरी का आभार जताते हुए विकास कार्यों कि जानकारी देते हुए बताया कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता से किए वादों को पूरा किया। कार्यक्रम के तहत वार्डो में सीसी सड़क, नाली निर्माण, घंटाघर जीर्णोद्वार, स्ट्रीट लाइट लगवाने, पार्क बनवाने सहित अन्य विकास कार्यों की सौगात दी है। वही उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में शौचालय के लिए 10 लाख रुपए की, आदर्श विद्या मंदिर पावटा में विकास कार्यों के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा की। वही आगामी बजट में पावटा को बड़ी सौगात देने की बात कही। वही पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने पावटा बिरादरी का इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर गांव के लोगों को स्वयं से जोड़े रखने व उनके द्वारा पावटा कस्बे के विकास के लिए किए गए कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की व आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान पावटा बिरादरी कोर कमेटी दिल्ली द्वारा ओमप्रकाश बंसल संरक्षक, सुधीर बंसल, गोविंद सैनी, गोपाल बंसल, किशन बंसल, अशोक गर्ग, सुरेश बंसल, विष्णु मंगल, शिंभू बहरोडिया, अनूप मंगल, मनोज बंसल, दिनेश मंगल, अशोक गोयल, लोकेश बंसल, कृष्ण गोपाल सहित सभी पावटा बिरादरी सदस्यों ने आगंतुकों का स्वागत किया।



पावटा बिरादरी कोर कमेटी का पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित हुआ।


**नाम परिवर्तन**

मैं आर्मी नम्बर- 14445412X बी एच भी (ओ. पी. आर.) यूनिट 19 मिडियम रेजिमेन्ट मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी बिटिया का नाम गलत दर्ज है। उनका सही नाम अनुष्का यादव है।

मेरा नाम जगदीश प्रसाद पुत्र श्री बच्चू लाल से बदलकर जगदीश प्रसाद बैरवा और जन्म तिथि 01.01.1979 से बदलकर 25.07.1991 कर ली गई है। भविष्य में मुझे इस नाम, जन्म तिथि से जाना और पहचाना जाये। P.24, बैरवा मौहल्ला, सूजनपुरा, टोडाभीम, करौली राजस्थान

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## सार-समाचार

### भा.कि.सं. की जिला बैठक सम्पन्न

**श्रीमाधोपुर।** एसबीएन कॉलेज श्रीमाधोपुर के सभागार में भारतीय किसान संघ जिला नीमकाथाना की मासिक बैठक हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सिंह, प्रदेश महामन्त्री तुलसाराम सेवर, प्रांत प्रचार प्रमुख दिनेश गोरसिया, संगठन मंत्री नीरज कुमार, जिला अध्यक्ष सतबीर सामोता मंचस्थ रहे। परिचय सत्र में ध्वजारोहण के साथ बैठक की शुरुआत हुई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकारें अब किसान संघ की बात मानने लगी है। किसान संघ के काम का आधार गांव है और गांव से ही किसान की समस्या का हल निकलेगा। किसान संघ की ग्राम इकाई में किसानों की समस्या के साथ किसानों की आवाज उठने लगी है और उनका समाधान भी होने लगा है। प्रकृति और इस विश्व का कल्याण के लिए किसान हमेशा से संघर्ष करता आया है। किसान कृषि के साथ साथ गांव की भी रक्षा करता है। लेकिन धरती के साथ साथ शरीर भी दवाईयों का घर हो गया है। इसलिए फिर से हमें गो आधारित कृषि करनी पड़ेगी। इस दौरान जिला युवा प्रमुख दिनेश यादव, नीमकाथाना अध्यक्ष रतन लाल यादव, उपाध्यक्ष रामजी लाल, उदयपुरवाटी अध्यक्ष अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष शिशुपाल सैनी, मंत्री जितेंद्र कुमार, अजीतगढ़ अध्यक्ष मक्खन गुर्जर, पाटन अध्यक्ष मूलचंद सैनी, श्रीमाधोपुर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष मुकेशपुरी गोस्वामी, कैप्टन भीवाराम जाखड़, डॉक्टर मुकेश बलोदा जिला कोषाध्यक्ष एसबीएन कॉलेज श्रीमाधोपुर, , हरिओम चौधरी, दानाराम मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष सतबीर सामोता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### अंबेडकर प्रतिमा का अनावरण

**बौंली -बामनवास।** क्षेत्र के बामनवास उपखंड मुख्यालय के ग्राम चांदनहोली स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में सोमवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित किया जाएगा। ग्राम पंचायत सरपंच राम खिलाड़ी मीणा के द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा बनवाई गई थी, प्रतिमा का अनावरण विधि विधान व पूजा अर्चना के साथ मुख्य अतिथि टोंक -सवाई माधोपुर सांसद हरिश्चंद्र मीणा द्वारा दोपहर 3 बजे किया जाएगा। समारोह में विशिष्ट अतिथि सवाई माधोपुर जिला प्रमुख सुदामा देवी, बामनवास प्रधान शशि कला मीणा, पूर्व प्रधान शिवचरन बैरवा, कृषि मंडी अध्यक्ष राजीत मीणा एवं वजीरपुर नगर पालिका के अध्यक्ष मुकेश मीणा होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय गायक कलाकार सुरेश सोनंदा व विष्णु पीपली पातलवास द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। ग्राम पंचायत सरपंच राम खिलाड़ी मीणा ने बताया कि भीम आर्मी के नेतृत्व में कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी कर ली गई है।

### शिलान्यास समारोह

**निवाई।** माली (सैनी) समाज के छात्रावास का शिलान्यास समारोह को लेकर 14 अप्रेल को माली समाज विकास संस्था के तत्वावधान में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। संस्था के अध्यक्ष छोटूलाल सैनी ने बताया कि शोभायात्रा सोमवार को सुबह 9 बजे मायला कुंड के पास स्थित सत्यनारायण भगवान के मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ रवाना होगी। शोभायात्रा का जुलूस बड़ा बाजार, अहिंसा सर्कल, झिलाय रोड व शिवाजी पार्क होता हुआ छात्रावास शिलान्यास स्थल पर पहुंचेगा। इसके बाद विद्वान पंडितों के सानिध्य में मुख्य यजमान कालूराम तंवर द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोचार के साथ छात्रावास का शिलान्यास समारोह पूर्वक किया जाएगा। रामसहाय मुंशी ने बताया कि समारोह के बाद सभी समाज के लोगों को पंगत प्रसादी जिमाई जाएगी।

### असहाय परिवार को मदद

**बौंली- बामनवास।** क्षेत्र के बरनाला तहसील मुख्यालय के टिगरिया ग्राम में नवयुवकों ने सामाजिक सरोकार का पालन करते हुए सहायता मिशन चलाकर असहाय परिवार को 2लाख4 हजार रुपए की राशि एकत्रित कर सहायता स्वरूप भेंट की है। टिगरिया निवासी सचिन कुमार मीणा ने बताया कि स्थानीय निवासी गोपाल प्रजापत का विगत दिनों अचानक निधन हो गया था, मृतक ही इस परिवार का पालन पोषण करने वाला था, उसके 10 पुत्री एक पुत्र व पत्नी का जीवन यापन करने पर गंभीर संकट खड़ा हो गया था, परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए युवाओं की टीम ने ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में सोशल मीडिया के माध्यम से सहायता मिशन चलाया, जिसमें 15 दिवस में कुल 2लाख4हजार रुपए राशि एकत्रित की गई एवं मृतक गोपाल की पत्नी को भेंट कर दी गई। शोकाकुल परिवार ने सामाजिक सरोकार निभाने वाले युवाओं की टीम का आभार व्यक्त किया है। परिवार को सहायता राशि सौंपने के दौरान समाजसेवी रामजीलाल प्रजापत, अजय घुणावत विनोद प्रजापत, कालूराम मीणा, लड्डूलाल मीणा, राजपति मीणा व रामकरण मीणा सहित कई नागरिक उपस्थित थे।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन पर बैठक

**मालपुरा (निस)** अखिल भारतीय आम चौरासी च्यवन गौड ब्राह्मण महासभा कार्यकारिणी की बैठक डिग्गी में आयोजित की गई। बैठक मे सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति लहन के साथ 23वां सामूहिक विवाह सम्मेलन की अब तक की तैयारियो व आगे की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सामूहिक विवाह आयोजन समिति रतन लाल व्यास लहन व सचिव हनुमान प्रसाद बोटून्दा ने अब तक मिले सामाजिक सहयोग एवं तैयारियो से अवगत करवाया। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र तिवाडी ने सम्मेलन आयोजन समिति को बताया कि जोडा बनाने मे कानूनी प्रक्रिया का पूर्ण पालन करे। साथ ही सभी प्रकार की व्यवस्थाओं के टेण्डर मे पारदर्शिता बनाये रखे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद राय कांदला ने सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान अनुशासन व सरकार की गाईडलाईन का पालन किये जाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान गिर्राज व्यास मालपुरा ने प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 के आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया। बैठक के दौरान सत्यनारायण शर्मा,बजरंग लाल व्यास,रामराय कांदला,रामप्रसाद उपाध्याय,हनुमान शर्मा,लादूराम व्यास,गिर्राज व्यास, बृद्धिप्रकाश व्यास लहन,घनश्याम व्यास,हनुमान प्रसाद,देवकरण व्यास लहन,लालाराम व्यास लहन,बालूराम व्यास,प्रहलाद चोकायत लहन, ताराचन्द व्यास,रामदेव पुरोहित खेडा,सीताराम बोरखण्डी,दामोदर व्यास प्रहलादपुरा आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने जनसुनवाई की

**शाहपुरा।** क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने रविवार को अपने निवास स्थान बिलांदरपुर में जनसुनवाई का आयोजन किया। जनसुनवाई में क्षेत्र के ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। लोगों ने बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, पेंशन, आवास और राजस्व से संबंधित समस्याएं विधायक के समक्ष रखी। जनता की बातों को गंभीरता से सुनते हुए विधायक यादव ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन पर निर्देश दिए और कई मामलों में त्वरित समाधान की प्रक्रिया शुरू करवाई। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी समस्या को अनदेखा नहीं किया जाएगा और सभी विषयों पर प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा। विधायक ने कहा मेरे दरवाजे जनता के लिए हमेशा खुले है। शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करे।


**सम्मन बनाम कायम मुकाम**
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत समक्ष किराया अधिकरण मुकाम क्रम-1 जयपुर महानगर प्रथम
पिन्जरापोल गोशाला बनाम सत्यनारायण दावा बाबत धारा 9 R.C.Act. मुकदमा न. 697/06 सन्...

बनाम- मुसम्मी विजय पुत्र सत्यनारायण कौम... साकिन 330 मित्र राजाजी का रास्ता चांदपोल बाजार जयपुर परगना....

चूंकि.... ने इस अदालत में तारीख.... माह.... सन् 20... को 1. पिन्जरापोल गोशाला बनाम 2. सत्यनारायण दायर की जो कि बाद में फोत हो गया और चूंकि.... मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी.... मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इसतदुआ की है बजाय उसके आप 3.... बनाये जावें। लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1.... आपको तारीख 16 माह 4 सन् 25 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा।

वसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 11 माह 4 सन् 25 को जारी किया गया।

मोहर अदालत — आज्ञा से-किराया अधिकरण क्रम-1, सिविल न्यायाधीश जयपुर महानगर-प्रथम

**विवादकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 नियम 1 व 5 सी.पी.सी.)
न्यायालय श्रीमान् अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, क्रम 02, जयपुर महानगर प्रथम, जयपुर
रपचन्द शर्मा विरुद्ध खुदाबादी सोनार गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड आदि घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु वाद
वाद संख्या: 2123/2014 (77/2008)

बनाम
खुदाबादी सोनार गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर जरिये सचिव / मंत्री, अजय कुमावत, आत्मज श्री रामप्रसाद कुमावत, जाति कुमावत, 259, कोथून, तहसील चाकसू, जिला जयपुर (राजस्थान)

वादीगण ने आपके विरुद्ध उपरोक्त के लिए वाद प्रस्तुत किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 24 माह 04 सन् 2025 को दिन में 07.30 बजे वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिया गया हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन फाईल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दावेदार / मुजरई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजरई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को अंतर्विष्ट करने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित दिन को उपसंजात होने में असफल रहेंगे तो वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना और अवधारित किया जायेगा।

यह सम्मन तारीख 09 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत — न्यायाधीश, आज्ञा से-वरिष्ठ रीडर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम-02, जयपुर महानगर-प्रथम

# पालनहार योजना में इस वर्ष करीब छह लाख बच्चे लाभांवित हुए

- योजना से अनाथ और बेसहारा बच्चों के जीवन में फैला उजियारा
- इस योजना में वर्ष 2024-25 में 1110 करोड़ रुपए व्यय किये गये


**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की नर सेवा-नारायण सेवा की सोच एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत की संवेदनशीलता से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित पालनहार' योजना प्रदेश के बेसहारा और अनाथ बच्चों के जीवन में उजियारा फैलाने का काम कर रही है। राज्य सरकार ने वर्ष 2023-24 में 949.46 करोड़ रुपए खर्च कर 5 लाख 76 हजार 396 बच्चों को तथा वर्ष 2024-25 में 1110 करोड़ रुपए व्यय कर 6 लाख 15 हजार 98 बच्चों को योजना से लाभान्वित किया है।

पालनहार योजना के अन्तर्गत समाज के ऐसे परिवारों के बच्चे जिनके माता-पिता नहीं रहे अर्थात अनाथ है एवं जो निर्धारित देख-रेख एवं संरक्षण की श्रेणी में आते हैं, ऐसे बच्चों के निकटतम रिश्तेदार या परिचित व्यक्ति को निर्धारित मापदण्ड के अनुसार पालनहार' बनाकर राज्य की ओर से पारिवारिक वातावरण में शिक्षा, भोजन, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रति बालक/बालिका प्रति माह 750 रूपये से 2500 रुपए तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। इस योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए 1200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

इस योजना के तहत राज्य के अनाथ बालक-बालिका, न्यायिक आदेशों के तहत मृत्यु दण्ड या आजीवन कारावास प्राप्त माता-पिता के बच्चे, पेंशन प्राप्त कर रही विधवा माता के बच्चे, पुनर्विवाहित विधवा माता के बच्चे, एच.आई.वी.या एड्स पीड़ित माता या पिता के बच्चे, कुष्ठ रोग से पीड़ित माता या पिता के बच्चे, नाता जाने वाली माता के बच्चे, विशेष योग्यजन माता या पिता के बच्चे, पेंशन प्राप्त कर रही तलाकशुदा या परित्यक्ता महिला के बच्चे, सिलिकोसिस पीड़ित माता या पिता के बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है।

योजना के तहत अनाथ श्रेणी के 0-6 आयु वर्ग के बच्चों को 1500 रूपये तथा 6-18 आयु वर्ग तक के बच्चों को राशि 2500 प्रतिमाह (आंगनबाड़ी या विद्यालय जाना अनिवार्य) दिया जाता है। इसके अलावा अनाथ श्रेणी के अतिरिक्त अन्य श्रेणी के 0-6 वर्ष तक की आयु के बच्चों को 750 रुपये प्रतिमाह तथा 6-18 वर्ष की आयु के बच्चे को 1500 रुपए प्रतिमाह (आंगनबाड़ी या विद्यालय जाना अनिवार्य) दिए जाते हैं। राज्य सरकार द्वारा इन बच्चों को वस्त्र, स्वेटर, जूते आदि हेतु 2000 रुपये वार्षिक अतिरिक्त एकमुश्त देय (विधवा पालनहार व नाता पालनहार व नाता पालनहार में देय नहीं) हैं। इसमें पालनहार परिवार की वार्षिक आय 1.20 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए और बच्चे की अधिकतम आयु 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। आवेदन की तिथि से कम से कम 3 वर्ष की अवधि से राजस्थान राज्य में रह रहे हों। उल्लेखनीय है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं पालनहार योजनान्तर्गत लाभार्थियों को पेंशन एवं पालनहार की राशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित की जाती है।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो, ट्रक में घुसी : कार में लगी आग




जयपुर के दौलतपुरा थाना इलाके में स्थित जयपुर-सीकर हाईवे पर टाटियावास टोल के पास रविवार शाम एक तेज़ रफ्तार महिंद्रा स्कॉर्पियो कार सामने चल रहे ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो में तुरंत आग लग गई।

- स्कॉर्पियो में सवार पांच लोगों की जान बची

**जयपुर।** जयपुर के दौलतपुरा थाना इलाके में स्थित जयपुर-सीकर हाईवे (एनएच-52) पर टाटियावास टोल के पास रविवार शाम 5 बजे एक तेज़ रफ्तार महिंद्रा स्कॉर्पियो कार सामने चल रहे ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो में तुरंत आग लग गई। पुलिस ने बताया कि कार की रफ्तार बहुत तेज थी और ट्रक से टकराते ही उसमें आग लग गई। गनीमत रही कि स्कॉर्पियो में सवार पांचों लोगों की जान बच गई। इनमें से एक व्यक्ति का पैर टूट गया, जबकि बाकी चार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। कार सवार सभी लोग नशे की हालत में थे और गाड़ी में शराब की बोतलें भी मिली हैं। हादसे के तुरंत बाद घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हादसे के चलते हाईवे पर कुछ समय के लिए ट्रैफिक बाधित रहा, जिसे पुलिस ने बाद में नियंत्रित किया।

# समयबद्ध और पारदर्शिता से समयबद्ध होंगे ई.आर.सी.पी. के कार्य : सुरेश सिंह रावत

## 'योजना में 17 जिलों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध'

- 'रामगढ़ और महलपुर बैराज के लिए भूमि अधिग्रहण कार्यवाही अंतिम चरण में'

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भागीरथी प्रयासों से राज्य सरकार पूर्वी राजस्थान में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित होकर आगे बढ़ रही है। जीवनदायिनी संशोधित पार्वती कालीसिंध चम्बल परियोजना (एकीकृत ईआरसीपी) के कार्यों को पूर्ण पारदर्शिता और समयबद्धता से किया जा रहा है।

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बताया कि परियोजना के पैकेज-1 में कूल नदी पर किशनगंज तहसील में स्थित रामगढ़ बैराज और पार्वती नदी पर मांगरोल एवं किशनगंज तहसील में स्थित महलपुर बैराज के कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही अंतिम चरण में है। रावत ने बताया कि परियोजना के कार्यों के लिए8गांवों की लगभग 168 हेक्टेयर भूमि की अवाप्ति अंतिम चरण में है। मुआवजा राशि का भुगतान भी नियमानुसार शीघ्र कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वन्य भूमि प्रत्यावर्तन के लिए लगभग 1700 हेक्टेयर गैर वन भूमि आरक्षित की जा चुकी है। डूब क्षेत्र में स्थित गांवों के पुनर्वास किए जाने के लिए कार्यवाही प्रगतिरत है। इसके लिए बारां तहसील के कोयला गांव में 34 हेक्टेयर भूमि आरक्षित की जा चुकी है।

जल संसाधन मंत्री ने बताया कि इन कार्यों को निश्चित समय सीमा में वर्ष 2028 से पूर्व ही पूर्ण कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि रामगढ़ बैराज से138 एमसीएफटी जल पेयजल के लिए एवं महलपुर बैराज से 266 एमसीएफटी जल पेयजल के लिए एवं 353 एमसीएफटी जल औद्योगिक सहित स्थानीय आवश्यकताओं के लिए आरक्षित है।

# नेट-थियेट पर डिग्गी कल्याण लोकगीत ने किया मंत्रमुग्ध

**जयपुर।** नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज गायक नवल डांगी ने लोकगीत डिग्गीपुरी का राजा की ऐसी छटा बिखेरी की राजस्थान की माटी की खुशबू ने लोकगीत की संस्कृति को पेश किया। नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि गायक कलाकार नवल डांगी में राजस्थान के लोक देवता डिग्गी कल्याण का सुप्रसिद्ध लोकगीत बाजे छे नौबत बाजा म्हारा डिग्गी पुरी का राजा को इतने सुरीले अंदाज में पेश किया कि लोग मस्ती से झूम उठे। ज्ञात रहे की डिग्गी कल्याण की अनन्य भक्त जमुना दासी ने इस गाने की रचना की और इसे स्वरबद्ध किया जो लोगों के दिलों दिमाग पर आज भी छाया हुआ है जब लोग लोकगीत डिग्गीपुरी का राजा बाजे छे नौबत बाजा सुनते हैं।

# पेंसिल बनाने के नाम पर ठगने वाला बदमाश गिरफ्तार

- कच्चा माल देकर, नहीं लिया तैयार माल



**जयपुर।** मालवीय नगर थाना पुलिस ने 2019 से फरार चल रहे एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी जयपुर में कई लोगों को पेंसिल बनाकर पैसा कमाने का लालच देकर लाखों रुपए की ठगी कर चुका है। आरोपी के खिलाफ जब पीड़ितों ने थाने में शिकायत देना शुरू किया तो आरोपी फरार हो गया। पुलिस टीम निरंतर आरोपी की तलाश में थी जिसके बाद रविवार को पुलिस को तुलसी गुर्जर के बारे में जानकारी मिली। इस पर पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम ने बताया कि लम्बे समय से फरार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए सभी थाना प्रभारियों को आदेश दिए हुए हैं। सीआई मालवीय नगर संग्राम सिंह और उनकी टीम ने आज ठगी के तीन मामले में फरार चल रहे आरोपी तुलसी गुर्जर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2019 में पहली एफआईआर हुई जिसके बाद से वह फरार हो गया था। आरोपी ने पेंसिल बनाकर रुपए कमाने का झांसा दिया। पेंसिल बनाने का कच्चा माल उपलब्ध करवा कर कई लोगों से लाखों रुपए लिए। उसके बाद तैयार माल वापस नहीं लिया और पैसा हड़प कर गया। आरोपी ने ऑफिस बंद किया और फरार हो गया। पुलिस ने रविन्द्र गुर्जर पुत्र बृजमोहन, तुलसी गुर्जर पुत्र बृजमोहन गुर्जर निवासी कल्याजी का मंदिर के पास, माली महोल्ला, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर के खिलाफ जांच की जिस में अपराध प्रमाणित पाया गया। काफी तलाश के बावजूद आरोपी का सुराग नहीं चला। जिस पर टीम को आरोपी की कल जानकारी मिली जिस पर उसे गिरफ्तार किया गया।

# लेबर कोर्ट का आदेश रद्द, 21 पौधे लगाने की शर्त पर पुनः सुनवाई का दिया मौका

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने सिंचाई विभाग में बेलदार के तौर पर नियुक्त हुए श्रमिक का दावा 17 साल पहले खारिज करने के लेबर कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया है। वहीं अदालत ने याचिकाकर्ता श्रमिक को एक माह में 21 छायादार पौधे लगाने की शर्त पर उसे लेबर कोर्ट में साक्ष्य पेश करने का मौका दिया है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह आदेश सीताराम की याचिका पर दिए। अदालत ने हाईकोर्ट प्रशासन को कहा है कि सुनवाई के दौरान गैरहाजिर रहे याचिकाकर्ता के घर फैसले की कॉपी भेजी जाए, जिससे उसे इस आदेश की जानकारी मिल सके।

अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता एक माह में पौधे लगाकर उसकी फोटो श्रम न्यायालय में पेश करे। वहीं श्रम न्यायालय में सुनवाई के दौरान हर तिमाही जून, सितंबर, दिसंबर और मार्च में पौधों की देखभाल से संबंधित उस दिन का फोटो साक्ष्य के साथ पेश किया जाए। अदालत ने संबंधित पक्षों को 6 मई को श्रम न्यायालय में पेश होने को कहा है। अदालत ने कहा कि मामले में याचिकाकर्ता की लापरवाही रही है, लेकिन न्यायहित में उसे अंतिम मौका दिया जा रहा है। अदालत ने कहा कि यह आदेश भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और ऑक्सीजन युक्त वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक छोटा सा मगर महत्वपूर्ण कदम है।

याचिकाकर्ता साल 1986 में सिंचाई विभाग में वर्कमैन कर्मचारी के रूप में बेलदार नियुक्ति हुआ था।

# अस्पतालों के बीमा क्लेम प्रोसेस को आसान बनाएगा बीमा गैराज

**जयपुर।** राजस्थान में हेल्थकेयर इंडस्ट्री के लिए क्लेम प्रोसेस को नया रूप देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए बीमा गैराज ने आज बीमा जंक्शन (जो कि जयपुर हेल्थ एंड वैलनेस की सहयोगी कंपनी है) के साथ सफलतापूर्वक साझेदारी की। जयपुर के सी-स्कीम स्थित एक होटल में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जयपुर हेल्थ एंड वेलनेस के सीईओ, हिम्मत सिंह ने बताया कि इस साझेदारी का उद्देश्य राजस्थान के अस्पतालों के लिए इंश्योरेंस क्लेम प्रोसेस को आसान और बेहतर बनाना है। अब अस्पताल अपने मुख्य काम-यानी मरीजों को बेहतर इलाज देने पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे, बिना इस झंझट के कि उन्हें बीमा क्लेम के प्रशासनिक काम भी संभालने पड़ें। यह एक जरूरी कदम है जिससे हेल्थ केयर प्रोवाइडर मरीजों की देखभाल पर ज्यादा फोकस कर सकेंगे।

# पेंशनरों को फेफड़ें रोग से बचाव और उपचार की जानकारी दी



**जयपुर।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा मालवीय नगर की बैठक मुख्य संरक्षक आर बी.गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं आर. सी कटारा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सी. के. बिरला हॉस्पिटल के फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ हर्षिल अलवानी ने बताया की फेफड़े हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। स्वस्थ रहने के लिए फेफड़ों का सही से कार्य करना बहुत जरूरी होता है। जब फेफड़ों में किसी तरह की दिक्कत आती है, तो व्यक्ति को सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। फेफड़ों की बीमारियों को श्वसन रोग कहा जाता है। मनुष्य का जन्म पहली सांस से शुरू होकर अंत अंतिम सांस से होता है। आदमी प्रति दिन 20-22 हजार सांस लेता है। इस रोग का समय पर उपचार कर जीवन की संकटग्रस्त होने से बचाया जा सकता है। उन्होंने बीमारी से बचाव के विभिन्न तरीकों को विस्तार से समझाया।

बैठक में प्रथम बार आने वाले सदस्यों और अप्रैल माह में जिनका जन्मदिन है उनका माला पहना कर स्वागत किया गया।

# राजस्थान पुलिस का 76वां स्थापना दिवस 16 अप्रैल को, आर.पी.ए. में होगा राज्य स्तरीय आयोजन

- मुख्यमंत्री लेंगे परेड की सलामी, उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को करेंगे सम्मानित
- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल प्रतियोगिताओं सहित कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**जयपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस समारोह की श्रृंखला में 15 से 17 अप्रैल तक तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राज्यस्तरीय समारोह राजस्थान पुलिस अकादमी में 16 अप्रैल को मनाया जा रहा है। इस दौरान बच्चों की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल प्रतियोगिताएं, कविता पाठ, नृत्य प्रतियोगिताएं, बच्चों का पुलिस थानों का दौरा, पौधारोपण, पुलिस बैंड प्रदर्शन, सेमिनार, बड़ाखाना इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि इस बार 15 से 17 अप्रैल तक 76वां राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ सभी पुलिस रेंज, पुलिस जिला एवं पुलिस यूनिटों में भी विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा बनाई गई है। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू के निर्देशानुसार पुलिस स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों में अलंकरण समारोह आयोजित करने, प्रचार-प्रसार और आमंत्रण कार्ड वितरित करने, परेड के सुचारू संचालन और समारोह के लिए मैदान तैयार करने, बड़ा-खाना की व्यवस्था करने, विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित करने व उनके परिवहन की विधिवत व्यवस्था करने और तथा समारोह के दौरान स्वागत और आतिथ्य के लिए जिम्मेदारी का निर्धारण तय किया है। स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी एवं रेंज मुख्यालयों सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू की अध्यक्षता में एक समन्वय समिति गठित की गई है।

# अम्बेडकर जयंती पर शुभकामनाएं दीं

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती (14 अप्रैल) के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का स्मरण करते हुए कहा कि वंचित एवं कमजोर वर्ग के कल्याण के साथ समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में उनका अप्रतिम योगदान रहा। संविधान निर्मात्री समिति के अध्यक्ष बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन आदर्श मूल्यों से जुड़ा रहा है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।शर्मा ने कहा कि महान विचारक, समाज सुधारक, विधिवेत्ता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर दलितों, शोषितों, वंचितों, महिलाओं और गरीबों के मुक्तिदाता थे। डॉ. अम्बेडकर ने सदैव सामाजिक न्याय और समानता के लिए अपनी आवाज उठाई और समाज के कमजोर वर्गों को उनके अधिकार दिलवाए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपने सम्पूर्ण जीवन में कड़ी मेहनत से जो सफलता प्राप्त की, वह आज भी हमारे लिए पथ-प्रदर्शक और प्रेरणादायी है।

# 1 करोड़ 20 लाख का फाइन कट एमरल्ड रहा खास, कुंजाईट, एमेट्रिन और एक्वामरीन रत्न हुए लॉन्च

- भारत में होने वाला एक मात्र शो में यूएस, टर्की, गल्फ देशों से जयपुर पहुंचे विज़िटर्स




ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर की ओर से रफ एंड कट जेमस्टोन शो आयोजित हुआ।

**जयपुर।** दुनियाभर के बेश्कीमती रत्न और नगीनों को एक ही छत के नीचे डिस्प्ले किया गया, जहां विश्व से लोग इस नायाब प्रदर्शनी को देखने के लिए गुलाबी नगरी पहुंचें। मौका था ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर कि ओर से शनिवार को आयोजित हुए एक दिवसीय रफ एंड कट जैमस्टोन शो (जेएजीएस) के 27वें संस्करण का। झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित हुई इस जैमस्टोन प्रदर्शनी का दुनियाभर को बेसब्री से इंतज़ार रहता है। भारत के तुसान शो के रूप में जाना जाने वाला ये शो पूरे देश में सिर्फ जयपुर में ही आयोजित होता है। ये रफ़ एंड कट जैमस्टोन एग्जीबिशन नए रत्नों के लॉन्च के चलते पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित करता है।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि और ज्वैलरी डिज़ाइनर सुनीता शेखावत द्वारा किया गया। इस दौरान ज्वैलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक सौंखिया ने बताया कि ये भारत में पहली बार होगा जब एक ही छत के नीचे 500 से ज्यादा जैमस्टोन्स को डिस्प्ले किया गया। जहां जयपुर सहित दिल्ली, मुंबई, कोलकता, हैदराबाद, गुजरात से भी विज़िटर्स मौजूद रहे, वहीं अमेरिका, टर्की, थाईलैंड, हांगकांग और गल्फ देशों से भी डेलीकेट्स और बायर्स ने शिरकत की।

ज्वैलर्स एसोसिएशन के मानद मंत्री नीरज लूणावत ने बताया कि जेएजीएस एक ऐसा मंच है जहां दुनियाभर को नए रत्नों के लॉन्च का इंतज़ार रहता है। ऐसे में इस संस्करण में कुंजाईट, एमेट्रिन और एक्वामरीन रत्नों को लॉन्च किया गया। कट के हिसाब से इनकी कीमत तय की गई है जो 100 रुपए से लाखों तक जाती है। इसी के साथ शो का मुख्य आकर्षण 23 कैरेट का एमरल्ड स्टोन रहा जिसकी कीमत 1 करोड़ और 20 लाख थी। साथ ही दुनिया भर के दुर्लभ स्टोन्स जैसे येलो सफायर, ब्लू सफायर, डार्क/ब्लैक रूबी, मूनस्टोन रूबी, एमोलिट को भी विज़िटर्स और खरीददारों के लिए डिस्प्ले किया गया। शो के संयोजक अभिषेक सांड ने बताया कि प्रदर्शनी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बाजार में विभिन्न प्रकार की खरड़ की आपूर्ति को बनाए रखना है। साथ ही रत्न खरीदने की इच्छा रखने वाले लोगों को भी रत्नों से जुड़ी बारीकियां समझने का मौका मिला। आयोजकों के बहुत ही न्यूनतम दरों पर दी गई स्टॉल्स के चलते इस बार शो में 117 से अधिक प्रतिभागियों ने 147 बूथें लगाई गई थी।

# महिला सशक्तिकरण के संकल्प के साथ जयपुर में हुआ महिलाओं का सम्मान

**जयपुर।** भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में महिलाओं का सम्मान एवं अधिकार के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम झालाना डूंगरी स्थित एआईसीटीई में भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती पर महिलाओं का सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मानसी कैलाश सांखला (समाज सेविका )ने की। जिन्होंने महिला सशक्तिकरण को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का आव्हान किया।

सांखला ने सशक्त महिला-सशक्त समाज का नारा देते हुए कहा की महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज को सशक्त बनाने की कुंजी है। बाबा साहेब ने कहा था कि समाज की प्रगति महिलाओं की प्रगति से मापी जाती है। हमें उनकी इस सोच को आगे बढ़ाते हुए आत्मनिर्भर और सशक्त नारी शक्ति का निर्माण करना होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भी बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए सामाजिक समरसता और महिला उत्थान के लिए संकल्प लिया। नवचेतना शक्ति संगम ने इस अवसर पर महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की घोषणा भी की। जिसका उद्देश्य उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ करना है।

मुख्य वक्ता एसीबी के पुलिस महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बाबा साहेब के समानता और शिक्षा के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला और कहा कि आज महिला शक्ति को सर्वोपरि रखा है। आज पुरुषों को महिलाओं से सीखने की आवश्यकता है, महिलाएं सभी कामों में आगे है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में जयपुर नगर निगम हेरिटेज महापौर कुसुम यादव, पूर्व विधायक वेद प्रकाश सोलंकी, आईएएस उर्मिला राजौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और कई समाजसेवी उपस्थित रहे।



यशस्वी जायसवाल ने क्रुणाल पंड्या की बॉल पर सिंगल लेकर फिफ्टी पूरी की। उनकी करियर की 11वीं और सीजन की दूसरी फिफ्टी है। राजस्थान का दूसरा विकेट गिरा।

यशस्वी जायसवाल ने क्रुणाल पंड्या की बॉल पर सिंगल लेकर फिफ्टी पूरी की है।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶** क्रुणाल पंड्या



क्रुणाल पंड्या ने अपने पहले ही ओवर में राजस्थान के कैप्टन संजू सैमसन का विकेट लिया। बेंगलुरु की ओर से सातवां ओवर क्रुणाल पंड्या ने किया। ओवर की पांचवीं गेंद को सैमसन आगे बढ़कर खेलना चाह रहे थे। वह क्रीज से काफी आगे आ गए थे। वह गेंद मिस कर गए और विकेटकीपर जितेश शर्मा ने बिना कोई गलती किए स्टंप कर दिया। संजू ने 19 गेंद का सामना कर 15 रन बनाए। ओवर की पांचवीं गेंद को सैमसन आगे बढ़कर खेलना चाह रहे थे। वह क्रीज से काफी आगे आ गए थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** छेत्री को 2007, 2011, 2013, 2014, 2017, 2018-19 और 2021-22 में रिकॉर्ड सात बार एआईएफएफ प्लेयर ऑफ द ईयर भी चुना गया है।

# बेंगलुरु ने राजस्थान को 9 विकेट से हराया

## कोहली ने 100वीं टी-20 फिफ्टी लगाई, सॉल्ट ने 65, यशस्वी ने 75 रन बनाए

जयपुर, 13 अप्रैल। आईपीएल के 28वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को 9 विकेट से हरा दिया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बेंगलुरु ने बॉलिंग चुनी। राजस्थान ने 4 विकेट खोकर 173 रन बनाए। बेंगलुरु ने 1 ही विकेट के नुकसान पर 18वें ओवर में टारगेट हासिल कर लिया।

आरसीबी से विराट कोहली ने अपने टी-20 करियर की 100वीं फिफ्टी लगाई, उन्होंने 62 रन बनाए। फिल सॉल्ट ने 33 गेंद पर 65 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल 40 रन बनाकर नॉटआउट रहे। राजस्थान से यशस्वी जायसवाल ने 75 रन की पारी खेली। बेंगलुरु की चौथी जीत 18वें सीजन में ने 6 मैचों में चौथी जीत दर्ज की। टीम को चारों जीत घर से बाहर ही मिली। वहीं दोनों हार होमठााउंड पर मिली। दूसरी ओर राजस्थान की 6 मैचों में चौथी हार रही। टीम ने 2 ही मैच जीते हैं।

देवदत्त पडिक्कल ने 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर संदीप शर्मा के खिलाफ चौका लगाया। इसी के साथ उन्होंने टीम को 9 विकेट से जीत दिला दी। पडिक्कल 40 रन बनाकर नॉटआउट रहे। विराट कोहली ने 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर वनिंदू हसरंगा के खिलाफ छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने टी-20 में अपनी 100वीं हाफ सेंचुरी पूरी कर ली।

विराट ने में 66वां 50 से ज्यादा का स्कोर भी बनाया। इस मामले में उन्होंने डेविड वॉर्नर की बराबरी की। दोनों ने 66 बार में फिफ्टी प्लस स्कोर बनाए हैं। फिल सॉल्ट ने 8वें ओवर में वनिंदू हसरंगा के खिलाफ चौका लगाकर अपनी फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 28 गेंद पर हाफ सेंचुरी लगाई। वे अगले ही ओवर में छक्का लगाने की कोशिश में कैच भी हो गए। उन्हें कुमार कार्तिकेय ने पवेलियन भेजा। सॉल्ट ने 65 रन बनाए। 174 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी की शुरुआत अच्छी रही। टीम ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 65 रन बनाए। के 50 रन पूरे हो चुके हैं। 5वें ओवर की आखिरी बॉल पर महीश तीक्षणा के खिलाफ विराट कोहली ने सिंगल लेकर टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। इस दौरान फिल सॉल्ट भी क्रीज पर मौजूद रहे। सॉल्ट ने पहले ओवर में 10 रन बनाए। 174 रन के टारगेट का पीछा करन उतरी बेंगलुरु के ओपनर फिल सॉल्ट ने पहले ओवर में 10 रन बनाए। राजस्थान के लिए पहला ओवर पेसर जोफ्रा आर्चर ने कराया।



### कोहली से जुरेल का कैच छूटा

सुयश शर्मा की गेंद पर ध्रुव जुरेल को जीवनदान मिला। 17वें ओवर की आखिरी बॉल सुयश ने मिडिल स्टंप पर फुल लेंथ की फेंकी। ध्रुव जुरेल आगे बढ़े और हवा में शॉट खेला, लेकिन ठीक से टाइम नहीं हुआ और गेंद ऊपर चली गई। यहां कोहली ने लॉन्ग-ऑफ पर कैच छोड़ दिया। गेंद सीधा उनके पास आई, लेकिन फिर भी वो कैच नहीं पकड़ सके। वो खुद भी इस पर नाराज दिखे और गुस्से में बॉल वापस थ्रो किया।

### जायसवाल नेस्कूपशॉट पर सिक्स लगाया

16वें ओवर की पहली बॉल पर यशस्वी जायसवाल ने स्कूप शॉट खेलकर जोश हेजलवुड को सिक्स लगा दिया। ओवरपिच बॉल पर जायसवाल ऑफ साइड की तरफ थोड़ा हटे, गेंद बैट के बीच में लगाई और जायसवाल ने शानदार टाइमिंग से फाइन लेग के ऊपर से छक्का लगा दिया।

**// झलकियां //**









## कल होगा पिछले टूर्नामेंट का पुरस्कार समारोह

जयपुर, 13 अप्रैल। जयपुर में 1970 में शुरू हुए शर्मा-माथुर क्रिकेट टूर्नामेंट ने नया रिकॉर्ड कायम कर दिया है। पिछले वर्ष इस टूर्नामेंट का 50वां संस्करण आयोजित किया गया था, जो एक बड़ी उपलब्धि है। यह प्रदेश का एकमात्र निजी टूर्नामेंट है, जो पिछले 55 साल से आयोजित किया जा रहा है। कोरोना महामारी के समय को छोड़ दें तो टूर्नामेंट का इस वर्ष 51 वां सीजन चल रहा है। शुरू से ही टूर्नामेंट से जुड़े और जयपुर जिला क्रिकेट संघ में विभिन्न पदों पर रहे एसएम माथुर और जेडीसीए के उपाध्यक्ष रहे एनके जैन ने शनिवार को यहां प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि टूर्नामेंट के 50 वें संस्करण का पुरस्कार वितरण समारोह 15 अप्रैल को यहां आरसीए एकेडमी में आयोजित किया जाएगा। बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष किशोर रूंगटा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे, जबकि अध्यक्षता मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के महंत और खेल प्रमोटर कैलाश शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में राजस्थान के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर गगन खोड़ा और पंकज सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। टूर्नामेंट के कन्वीनर सलीम खान ने बताया कि पिछले वर्ष राज क्रिकेट क्लब ने खिताब जीता और जयपुर ब्लूज की टीम उपविजेता बनी थी। टूर्नामेंट के मैच संस्कार, अरावली, केएल सैनी और सोनी स्टेडियम पर आयोजित किए गए थे। सलीम ने बताया कि मौजूदा टूर्नामेंट सेमी फाइनल की स्टेज तक पहुंच गया है। टूर्नामेंट के दोनों सेमी फाइनल और फाइनल खेला जाना है।

## क्रिकेट मैच के बीच फैंस में दिखा मुख्यमंत्री का क्रेज राजस्थान का एक ही लाल, भजनलाल... के लगे नारे




जयपुर, 13 अप्रैल। आज एसएमएस स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच के दौरान क्रिकेट प्रशंसकों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लेकर भी भारी क्रेज नजर आया। फैन्स सीएम की फोटो और उनके नाम की तख्तियां लेकर ईआरसीपी की अहम सौगात राजस्थान को देने के लिए चियर करते हुए सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रहे थे। राजस्थान की पारंपरिक पगड़ी पहने ये नौजवान नारे लगा रहे थे- राजस्थान का एक ही लाल, भजनलाल-भजनलाल इन युवकों की खुशी यह बताने के लिए काफी है कि प्रदेश की जनता अपने सीएम और उनके काम को किस हद तक।

## राहुल चौधरी के शतक से डीएसजे इलेवन ने छह विकेट पर 391 रन बनाए



जयपुर, 13 अप्रैल। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एम रूंगटा चैलेंजर ट्रॉफी में आज खेले गए मैच में के एल सैनी स्टेडियम पर डी एस जे इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिन देव सिंघल के 24 रन, राहुल चौधरी के 142 रन(137 गेंद, 21 चौके व 2 छक्के), मानेन्द्र सिंह के 84 रन, योगेंद्र यादव के 47 रन, हिमांशु राणा के 47 रन नाबाद, तोषित भाटिया के 15 रनो से पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 6 विकेट पर 82 ओवर में 391 रन बना लिए थे। आर एच एल एस एस के लिए पूरव शर्मा ने 39 पर 2, शुभम सिंह पटवाल ने 52 पर 2, गोविन्द चोपड़ा ने 32 पर एक व अर्जुन ऋषि ने 104 पर एक विकेट लिया।

## केशव ने अंपायर व कुलवंत ने स्कोरर परीक्षा में टॉप किया

जयपुर, 13 अप्रैल। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंपायर व स्कोरर की परीक्षा का परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। अंपायर्स की परीक्षा में 25 अंपायर्स व स्कोरर्स की परीक्षा में 9 स्कोरर ने भाग लिया था। सभी को प्राप्त अंको के आधार पर ग्रेड दी गई है।



## आईपीएल सुरक्षा में बड़ी चूक

जयपुर, 13 अप्रैल। अलग-अलग दिशा से तीन दर्शक पहुंचे स्टेडियम के अंदर। मैच खत्म होने के बाद दर्शक पहुंचा स्टेडियम के अंदर। विराट कोहली से मिलने के लिए दर्शक पहुंचा अंदर, स्टेडियम के अंदर पहुंचने पर फूले सुरक्षा कर्मियों के हाथ पैर। खिलाड़ियों के पास पहुंच दिया दर्शक ने पोज, सुरक्षा कर्मियों ने हाथ पकड़ कर निकाला बाहर, पुलिस को किया दर्शक को सुपुर्द, राजस्थान रॉयल और आरसीबी के मैच के बाद हुआ घटनाक्रम। सिविल ड्रेस में तैनात किए गए थे जवान, वही बड़ी संख्या में बाउंसर भी थे तैनात, ऐसे में सभी को चकमा देकर स्टेडियम के अंदर पहुंच दर्शक खिलाड़ियों से मिलने के लिए पहुंचे स्टेडियम के अंदर, जयपुर, मोजमाबाद और महाराष्ट्र के रहने वाले हैं तीनों। दर्शकों के स्टेडियम के अंदर पहुंचने पर मचा हड़कंप, सुरक्षा कर्मियों ने दर्शकों को सुपुर्द किया पुलिस को, पुलिस कर रही तीनों ही लोगों से पूछताछ।



एसएमएस स्टेडियम के बाहर विराट कोहली का एक फैन उनके गेटअप में गन्ने का जूस बेचता नजर आया।

## विश्व कप के स्वर्ण पदक विजेता मुकेश चौधरी और कोच राजेश टेलर का सम्मान

जयपुर, 13 अप्रैल। वुशू कैथोलिक के एसोसिएटेड में दिनांक 06 से 10 अप्रैल 2025 तक अंतरराष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता, चीन में आयोजित हुई, 10वीं विश्व कप वुशू प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी मुकेश चौधरी और राजस्थान राज्य क्रिकेट में वुशू कोच राजेश कुमार टेलर का आज जयपुर में वुशू संघ ने गौरवशाली सम्मान समारोह आयोजित किया। हीरानंद कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ, विजय सिंह शेखावत, भंडारी राजस्थान वुशू संघ, श्रवण यादव, संदीप, भगीरथ चौधरी और वरिष्ठ खिलाड़ी योगेश चौधरी, हीरालाल चौधरी, विश्वजीत एसवाल, अभिजीत एसवाल को 51000 का नक़द पुरस्कार देने की घोषणा की।

# अभिषेक शर्मा ने खुद ही खोला मिस्ट्री पर्ची का राज, बताया कब और क्यों लिखा था

जयपुर, 13 अप्रैल। अभिषेक शर्मा ने आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से ऐतिहासिक जीत दिलाई। एसआरएच ने 246 रनों का टारगेट 9 गेंद बाकी रहते चेज किया। ये आईपीएल में लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है। एसआरएच के सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने शनिवार को हैदराबाद के मैदान पर 55 गेंदों में 14 चौकों और 10 छक्कों की मदद से 141 रनों की पारी खेली। उन्होंने महज 40 गेंदों में शतक कंप्लीट कर लिया था। अभिषेक ने सेंचुरी सेलिब्रेशन के दौरान एक पर्ची जेब से निकालकर दिखाई थी, जिसकी काफी चर्चा हो रही। उन्होंने खुद ही मिस्ट्री पर्ची का राज खोला है। अभिषेक की पर्ची पर लिखा था कि, ये पारी ऑरेंज आर्मी को समर्पित है। बता दें कि, अभिषेक मौजूदा सीजन में पांच मैचों में कोई खास धमाल नहीं मचा पाए थे लेकिन छठे मुकाबले में गर्दा उड़ा दिया। उन्हें हैदराबाद वर्सेस पंजाब मैच से पहले चार दिनों तक बुखार से जूझना पड़ा। एसआरआच को पीबीकेएस मैच से पहले 6 दिन का ब्रेक मिला था। अभिषेक ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, ईमानदारी से कहूं तो जब भी मैं सुबह जागता हूं तो कुछ ना कुछ लिखता हूं। आज मेरे मन में ऐसा ही विचार आया कि अगर मैं कुछ खास करता हूं तो उसे ऑरेंज आर्मी को समर्पित करूंगा। सौभाग्य से आज का दिन मेरा था। अभिषेख के साथ ही बताया कि जब वह रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे तो पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह और स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव लगातार उनका हौसला बढ़ा रहे थे। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैं चार दिन से बीमार था। मुझे बुखार था लेकिन मैं खुशनसीब हूं कि मेरे आस-पास युवराज सिंह और सूर्यकुमार जैसे लोगो हैं जो लगातार फोन करके मेरा हौसला बढ़ाते रहे। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि, क्योंकि वे जानते हैं कि मैं इस तरह की पारी खेल सकता हूं लेकिन जब आप रन नहीं बना पा रहे होते तो आप खुद पर संदेह करने लग जाते हो। लेकिन उन्हें मुझ पर पूरा भरोसा था और जब आपके आसपास आप पर भरोसा करने वाले लोग होते हैं तो आप भी खुद पर विश्वास करना शुरू कर देते हैं। इसलिए ये मेरे लिए केवल एक पारी की बात थी।



## रियाज अहमद, चौधरी विकास ने जीते तिहरे खिताब

जयपुर, 13 अप्रैल। संस मोतीलाल्स एम टी-400 आई फ़्लोरिडा में चैंपियनशिप प्लेयर पंकज मिश्के के अनुसार राजस्थान के रियाज़ अहमद, विकाश चौधरी ने तिहरे लक्ष्मी कांत तंवर, रानी स्मिता जैन, जगदीश तंवर, कनिका चौधरी और नरेंद्र चौधरी, नेगाथ और सुधांशु शेखर झा, दिलीप शिवपुरी, गुरुदर्शनरामना, शरद टाक, दानवीर वर्मा ने एक-एक खिताब जीता।

लक्ष्मी कांत तंवर ने सिंगल 55 में गुरुदर्शन रमण को 7-5,7-5 से और रमना के साथ दोस्त, जगदीश तंवर एव दीपक बागोड़ा 50 को और 45 में सुधांशु शेखर झा (मुख्य आयुक्त, विभाग) के साथ प्रशांत कोरी एवम अश्मन शर्मा को हराया, रियाज ने 40 का सिंगल और नरेंद्र के साथ मित्र व रानी स्मिता के साथ मियां दोस्त, विकास चौधरी ने 35 सिंगल, विवेक झारिया दोस्त के साथ, कनिका के साथ मिक्स और नरेंद्र ने 40 का रियाज के साथ और 30 में दानवीर वर्मा के साथ मिलकर खिताब जीता। 60 पुरुष फाइनल में शिरीष नंदूरीकर ने दीपांकर को 1-6, 6-3, 10-8 से हराया, में यति गुजराती ने भरत परमार को 6-4, 4-6, 10-5 से 60 दोस्तों में शरद टाक और राजन बेरी ने पुनीण कुमार गुप्ता और भानु प्रताप सिंह को 6-3, 1-6, 10-4 से हराया खिताब ने जीत हासिल की।

पंकज दीक्षित, इवेंट सचिव ने सभी बाहर से आए प्लेयर्स क्लब के सचिव मनोज दासोद और अध्यक्ष, रामशरण गुप्ता मोती संस ज्वेलरका बहुत सारे लोग शामिल हुए। यह उनके अपने राजवंश ओ एन शिष्य को समर्पित श्रद्धांजली है।

# आंध्र में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 8 श्रमिकों की मौत

## पटाखा बनाते समय कच्चे माल में गलती से विस्फोट हो गया

अनकापल्ली, 13 अप्रैल। आंध्र प्रदेश में अनकापल्ली जिले के कैलासपट्टनम गांव में रविवार को एक पटाखा बनाने वाली यूनिट में विस्फोट से आठ श्रमिकों की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना उस समय हुई जब श्रमिक पटाखे बना रहे थे। इसी दौरान विस्फोटक पदार्थ में गलती से विस्फोट हो गया। जिसमें 8 लोग मारे गए। घायलों को नरसीपट्टनम के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन की हालत बहुत गंभीर बताई गई है।

सुरक्षित बचे श्रमिकों ने मीडिया को बताया कि शादी-ब्याह का मौसम शुरू

■ पटाखा इकाई को शादी-विवाह के मौसम में बहुत ऑर्डर मिले थे। इसके लिये विस्फोटक कच्चे माल का भारी स्टॉक मौजूद था।

होने के कारण पटाखा बनाने वाली यूनिट को भारी ऑर्डर मिले थे। प्रबंधन ने पटाखे बनाने के लिए भारी मात्रा में विस्फोटक कच्चा माल स्टॉक किया था, जो पटाखे बनाते समय दुर्घटनावश फट गया।

अनकापल्ली जिला कलेक्टर विजया कृष्णन ने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और डॉक्टरों से उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर ने श्रमिकों की मौत पर दुख और पीड़ा व्यक्त की है। और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक से विस्तृत जानकारी ली। कई घायलों की गंभीर हालत पर चिंता जतायी।

इस बीच गृह मंत्री वी अनीता घटनास्थल पर पहुंचीं और दुर्घटना स्थल का दौरा किया।

# पिकअप नहर में गिरने से 5 की मौत

कोरबा, 13 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में रविवार को एक पिकअप के नहर में गिर जाने के कारण नहर के तेज बहाव में दो बच्चे और तीन महिलाओं सहित पांच लोग बह गए, जबकि पांच लोग अपनी जान बचाने में सफल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार, करीब 12 लोग पिकअप में सवार होकर सक्ती

■ नहर के तेज बहाव में दो बच्चे व 3 महिलायें बह गई।

जिले के ग्राम रेडा से मुकुंदपुर जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ।

पिकअप चालक गाड़ी को छोड़कर भाग निकला है। हादसे की सूचना मिलते ही कोरबा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। नगर सेवा के गोताखोरों के साथ पुलिस की भी टीम रेस्क्यू कार्य में जुटी है।

# सुरक्षा की तलाश में मुर्शिदाबाद से 400 लोगों ने पलायन किया

कोलकाता, 13 अप्रैल। पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी ने रविवार को आरोप लगाया कि वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर हुई हिंसा और आगजनी के बाद मुर्शिदाबाद जिले के अशांत धुलियान से 400 से अधिक लोग सुरक्षा की तलाश में पलायन कर गए हैं। उन्होंने कहा कि हिंसा में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है और इतने ही लोग गोली लगने से घायल हुए हैं। इन लोगों ने पड़ोसी मालदा जिले के देवनापुर-सोवापुर ग्राम पंचायत के पार लालपुर हाई स्कूल और बैसनबनगर में शरण ले ली है।

इस बीच, शनिवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद, केंद्रीय सशस्त्र बलों को उन सभी संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया है जहां दंगा और आगजनी हुई थी।

संसद के दोनों सदनों द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित किए जाने

■ पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुवेन्दु अधिकारी ने दावा किया कि पलायन करने वाले पड़ौसी मालदा जिले में शरण लिये हुए हैं।

के बाद मंगलवार से ही इलाके में अशांति फैल रही थी। वक्फ अधिनियम को लेकर विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने मुर्शिदाबाद के धुलियान, समसेरगंज और सुती में लूटपाट, सरकारी वाहनों को जलाने, रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और घरों को नुकसान पहुंचाने का काम किया। समसेरगंज में 71 वर्षीय व्यक्ति और उसके 40 वर्षीय बेटे की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और शनिवार को उनके क्षत-विक्षत शव बरामद किए गए। पुलिस ने उन सभी चिन्हित इलाकों में रूट मार्च भी किया है, जहां से आगजनी की खबरें आई हैं। राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शनिवार शाम से ही समसेरगंज पहुंचे और वहां डेरा जमाए हुए हैं।

अधिकारी ने दावा किया कि जान के डर से लोग नदी पार भागने को मजबूर हुए और मालदा के बैष्णबनगर के देवनापुर-सोवापुर जीपी के पार लालपुर हाई स्कूल में शरण ली।

## फलोदी से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अपील की है कि अगर किसी को नशे के कारोबार से संबंधित कोई भी सूचना हो, तो तुरंत सूचना दे। जानकारी देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## वक्फ कानून...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

महत्ता ने कहा कि पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए "उचित बल" प्रयोग किया। उन्होंने कहा, "पहले रैली शांतिपूर्ण थी, लेकिन कुछ उपद्रवी रैली में घुस आए और कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा करने की कोशिश की। हालांकि हमने स्थिति को नियंत्रित कर लिया। करीब 300-400 लोग वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए एकत्र हुए थे। शांति भंग करने की कोशिश करने वाले सभी अपराधियों पर कानून के तहत आरोप लगाए जाएंगे।"

## प्रधानमंत्री को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अपमानित करने का काम करता रहा है।

इक़बाल ने प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद बताया कि उन्होंने भाजपा की कानूनी टीम के साथ कोतवाली थाना में कानूनी प्रक्रिया के तहत शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा, हमें पूरा विश्वास है कि कानून ऐसे देशविरोधी मानसिकता रखने वालों पर सख्त कार्रवाई करेगा।

# बाजवा का, पाक से बम आने का बयान गैर जिम्मेदाराना है- भगवंत मान

## पंजाब नेता प्रतिपक्ष बाजवा ने एक चैनल पर दावा किया था कि पाकिस्तान से 50 बम आए हैं

चंडीगढ़ , 13 अप्रैल। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को नेता प्रतिपक्ष परताप सिंह बाजवा के इस कथित बयान को, कि पंजाब में 50 बम लाए जा चुके हैं, जिनमें से 18 फट चुके हैं, 32 बाकी हैं, को साबित करने की चुनौती दी।

मान ने एक वीडियो बयान में कहा कि बाजवा, जो विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं, ऐसा गैरजिम्मेदाराना बयान कैसे दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य या केन्द्रीय एजंसियों के पास भी इस तरह की कोई जानकारी नहीं है तो बाजवा के पास जानकारी क्या सीधे पाकिस्तान से आई है? उन्हें और उनकी पार्टी कांँग्रेस को भी बताना चाहिए कि उनकी जानकारी का स्रोत क्या है?

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यदि

■ मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि ऐसी कोई जानकारी राज्य या केन्द्रीय एजेन्सियों के पास नहीं है। यदि बाजवा केवल दहशत फैलाना चाहते हैं तो उन पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

बाजवा के बयान का उद्देश्य केवल दहशत फैलाना है तो उनके खिलाफ कानूनन कार्रवाई की जाएगी। खबर है कि, पंजाब के कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बाजवा के चंडीगढ़ स्थित आवास पर उनसे पूछताछ करने गए हैं।

पुलिस के अनुसार बाजवा ने एक चैनल को साक्षात्कार में बयान दिया था, कि 50 हथगोले पंजाब में आ चुके हैं और उनमें से 18 फट चुके हैं और 32 बाकी हैं। चूंकि यह बेहद संवेदनशील जानकारी है इसलिए पुलिस द्वारा इसके स्रोत का पता लगाना जरूरी है इसलिए पुलिस बाजवा से पूछताछ करने गई है।

दूसरी तरफ, नेता प्रतिपक्ष परताप सिंह बाजवा ने पुलिस की पूछताछ के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि वह अपने स्रोत की जानकारी नहीं देंगे।

उन्होंने कहा कि वे पंजाब में मंत्री रह चुके हैं और उनके प्रदेश तथा केन्द्रीय खुफिया एजंसियों व विदेश मंत्रालय में भी स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि उनके स्रोत ने उन्हें फोन कर कहा था कि पंजाब में माहौल बेहद संवेदनशील बनता जा रहा है, सावधान रहें, क्योंकि उनका परिवार भी आतंकवादी हमलों की जद में आ चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया है। बाजवा ने दावा किया कि पुलिस पूछताछ में उन्होंने पूरा सहयोग किया लेकिन स्रोत नहीं बताया, न बताएंगे। उन्होंने कहा कि स्रोत का खुलासा कोई भी नहीं करता है और वह एक जिम्मेदार, संवैधानिक पद पर हैं। वह तो सरकार की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। इत्तला करके भी उन्होंने मदद ही की है। पुलिस से सहयोग न करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के सवाल पर नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री मान पर 'कुम्भकर्णी नींद' से जागने और पंजाब में बेकाबू हो रहे हालात को संभालने की नसीहत दी।

## केरल के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

फिर राज्यपाल के पास वो अधिकार कैसे हो सकता है, जो राष्ट्रपति के पास नहीं है?

केरल के राज्यपाल ने कहा कि, अगर संविधान संशोधन सुप्रीम कोर्ट द्वारा किया जाता है, तो फिर विधायिका और संसद की क्या जरूरत है।

अगर सब कुछ माननीय अदालतों द्वारा तय किया जाता है, तो संसद की जरूरत खत्म हो जाती है। यह न्यायपालिका का अतिक्रमण है। सुप्रीम कोर्ट को इस मामले को बड़ी बेंच को सौंपना चाहिए था न कि खंडपीठ इस पर फैसला लेती।

## पंजाब में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कहा कि एन आई ए ने गोल्डी ढिल्लों पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है।

इस संबंध में एनडीपीएस विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत पुलिस थाना एसएसओसी मोहाली में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# त्रिपुराः वक्फ अधिनियम विरोधी 8 प्रदर्शनकारियों को 10 दिन की जेल

## प्रदर्शनकारियों पर हिंसा भड़काने व पुलिस पर हमला करने का भी आरोप है

अगरतला, 13 अप्रैल। त्रिपुरा के उनोकोटी जिले के कैलाशहर की एक स्थानीय अदालत ने वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध करने वाले, कुबझार गांव में हिंसा भड़काने और पुलिस पर हमला करने वाले आठ आरोपियों को रविवार को 10 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

उनोकोटी के पुलिस अधीक्षक पी सुदाम्बिका आर ने कहा कि पुलिस ने घटना के बाद एक विशेष मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। इस घटना में कथित रूप से शामिल कुछ अन्य लोगों के खिलाफ तलाशी अभियान जारी है। इसके साथ ही आगे किसी भी तरह की हिंसा को रोकने के लिए पूरे इलाके में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारियों द्वारा शनिवार को किए गए हिंसक हमले

■ पुलिस के अनुसार, शनिवार को प्रदर्शनकारियों के हिंसक हमले में एक एसडीपीओ व कुछ इंस्पेक्टर सहित 18 पुलिसकर्मी घायल हुए। लाठी चार्ज व अश्रु गैस से 60 प्रदर्शनकारी भी घायल हुए।

में एक सब डिविजनल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) और कुछ इंस्पेक्टर सहित कम से कम 18 पुलिसकर्मी और लगभग 60 प्रदर्शनकारी घायल हुए थे। जहांगीर (51) नामक एक प्रदर्शनकारी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

ज्ञातव्य है कि, मुसलमानों ने शनिवार को अल्पसंख्यक बहुल सीमावर्ती उपखंडों – उनाकोटी जिले के कैलाशहर और सिपाहीजाला जिले के सोनामुरा में विरोध प्रदर्शन किया था। दोनों ही विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए और कैलाशहर में स्थिति तब गंभीर हो गई जब प्रदर्शनकारियों ने कथित रूप से तैनात पुलिस कर्मियों पर पत्थर और ईंटें फेंकना शुरू कर दिया।

एक अन्य संबंधित घटनाक्रम में, नागरिक अधिकार मंच के बैनर तले सोनामुरा में वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में एक और रैली हुई। हजारों लोगों ने प्रदर्शन किया, और वक्फ संशोधन अधिनियम की निंदा करने के लिए एक सामूहिक बैठक आयोजित की गई।






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908